# प्राधिकरण बोर्ड की 177वीं बैठक हेतु विचारणीय विषयों की कार्य-सूची

LUCKNOW DEVELOPMENT AUTHORITY




| | | |
|---|---|---|
| तिथि | :- | 31 मई, 2023 |
| समय | :- | मध्याह्न 12.00 बजे |
| स्थान | :- | मसऊद सभागार, द्वितीय तल, प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ। |

# लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 177वीं बैठक दिनांक 31.05.2023 में विचारणीय प्रस्तावों की विषय सूची



| क्र0 | विषय | पृ0सं0 |
|---|---|---|
| 01. | लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 01.12.2022 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण। | 01–08 |
| 02. | लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 176वीं बैठक दिनांक 01.12.2022 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या। | 09–18 |
| 03. | भारत सरकार की अमृत योजना के अन्तर्गत लखनऊ विकास क्षेत्र की जी0आई0एस0 आधारित लखनऊ महायोजना–2031 (प्रारूप कन्वर्जन) तथा उ0प्र0 ट्रांजिट ओरिएण्टेड नीति, 2022 के अनुपालन में चिन्हित टी0ओ0डी0 जोन्स के लिए प्राप्त आपत्ति/सुझावों पर गठित समिति की संस्तुति के सम्बन्ध में परिचालन के माध्यम से पारित प्रस्ताव की पुष्टि। | 19–26 |
| 04. | वर्तमान लखनऊ विकास क्षेत्र की सीमा में सम्मिलित पूर्व अधिसूचित क्षेत्र के अतिरिक्त निम्न प्रस्तावित क्षेत्रों को अनाधिसूचित/अधिसूचित किये जाने एवं प्रस्तावित क्षेत्र को लखनऊ विकास क्षेत्र घोषित किये जाने के सम्बन्ध में परिचालन के माध्यम से पारित प्रस्ताव की पुष्टि। | 27–63 |
| 05. | लखनऊ जनपद में पिपराघाट के समीप गोमती नदी पर निर्मित पुल से शहीद पथ तक गोमती नदी के बांये तटबन्ध पर 4 लेन सड़क को जी–20 रोड के नाम से नामकरण किये जाने के सम्बन्ध में परिचालन के माध्यम से पारित प्रस्ताव की पुष्टि। | 64–70 |
| 06. | अटल बिहारी बाजपेयी इन्टरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निकट सीबीडी योजना में फ्यूचर प्लानिंग हेतु उपलब्ध भूखण्ड (क्षेत्रफल 51069.12) पर Fine Dining Street विकसित किये जाने के सम्बन्ध में परिचालन के माध्यम से पारित प्रस्ताव की पुष्टि। | 71–77 |
| 07. | प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2022–23 का वास्तविक एवं वित्तीय वर्ष 2023–24 का प्रस्तावित आय–व्ययक की स्वीकृति के सम्बन्ध में परिचालन के माध्यम से पारित प्रस्ताव की पुष्टि। | 78–78C |
| 08. | जानकीपुरम योजना, सेक्टर–एफ में नियोजित व्यवसायिक भूखण्ड संख्या–सी0पी0–01 (क्षेत्रफल–1040 वर्गमी0) को नर्सिंगहोम क्रिया/प्रयोजन में परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में। | 79–86 |
| 09. | कानपुर रोड योजना, सेक्टर–ओ के अन्तर्गत व्यवसायिक भूखण्ड संख्या–सीपी–4 (क्षेत्रफल–3515.60 वर्गमी0) को नरिंग होग में परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में। | 87–93 |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | भूखण्ड संख्या–148ए, इण्डिस्ट्रियल एरिया योजना, ताल कटोरा रोड, लखनऊ का भू–उपयोग औद्योगिक से आवासीय भू–उपयोग परिवर्तन करने के सम्बन्ध में। | 94–116 |
| 11. | उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2021 के प्राविधानों के क्रम में विकास शुल्क दर के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में। | 117–129 |
| 12. | भूखण्ड संख्या–373 क्षेत्रफल 72 वर्गमी0 सेक्टर–ओ, बसंतकुंज योजना के लिपिकीय त्रुटि के कारण उसी सेक्टर में समान क्षेत्रफल के भूखण्ड संख्या –379 क्षेत्रफल 72 वर्गमी0 दिये जाने के सम्बन्ध में। | 130 |
| 13. | चक गंजरिया परियोजना में प्रवर्तन निदेशालय, लखनऊ के क्षेत्रीय कार्यालय के भवन निर्माण हेतु आवंटित की जाने वाली भूमि के प्रति देय धनराशि को प्रथम आवंटन प्रस्ताव के अनुसार दिनांक 30.09.2023 तक समय–सीमा बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में। | 131–136 |
| 14. | प्राधिकरण के बल्कसेल अनुभाग को एकमुश्त विक्रय हेतु दिये गये रिक्त फ्लैटों को ''पहले आओ, पहले पाओ'' योजनान्तर्गत विक्रय किये जाने के सम्बन्ध में। | 137–141 |
| 15. | ग्राम–उजरियावं की खसरा संख्या–626मि0 रकबा 0–8–6–0 बीघा भूमि के बदले गोमती नगर विस्तार, सेक्टर–6 में भूखण्ड संख्या–6/997 क्षेत्रफल 200 वर्गमी0 व भूखण्ड संख्या–6/1000, क्षेत्रफल 200 वर्गमी0 को श्री ताज अहमद पुत्र श्री मंसूर अली व अन्य के पक्ष में निबन्धन किये जाने के सम्बन्ध में। | 142–158 |
| 16. | अलीगंज आवासीय योजना में स्थित श्रीमती फूलकुंवर को आवंटित भवन संख्या–एल–वी/146, सेक्टर–एल, अलीगंज योजना का फ्रीहोल्ड किये जाने के सम्बन्ध में। | 159–161 |
| 17. | श्रीमती रहीशा बानो और मो0 रफीक की अर्जित भूमि गाटा संख्या–157/21 रकबा 0–2–10–0 ग्राम–पहाड़पुर की जमीन के बदले 50 प्रतिशत अवमुक्त करने के उपरान्त समायोजित भूखण्ड संख्या–4/327जी, सेक्टर–4, जानकीपुरम् विस्तार की रजिस्ट्री कराये जाने के सम्बन्ध में। | 162–164 |
| 18. | मोहान रोड आवासीय योजना को विकसित करने हेतु तैयार करायी गयी योजना के ले–आउट प्लान के अनुमोदन के सम्बन्ध में। | 165–166 |
| 19. | लखनऊ शहर में दिनांक 10 फरवरी, 2023 तक ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट एवं दिनांक 13 फरवरी से 15 फरवरी, 2023 तक जी–20 समिट से सम्बन्धित अति महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के आयोजन के दृष्टिगत लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा कराये गये कार्यों के सम्बन्ध में। | 167 |

| | | |
|---|---|---|
| 20. | लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा महायोजना के व्यावसायिक भू–उपयोग में नियोजित की गयी योजनाओं की भूमि पर व्यावसायिक से निम्न उपयोग अनुमन्य किये जाने के सम्बन्ध में। | 168–169A |
| 21. | निरस्त भूखण्ड संख्या–3/205, नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर का समायोजन मा0 राज्य आयोग के आदेश दिनांक 21.08.2015 के अनुपालन में शारदा नगर विस्तार के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या–एच–3 पर समायोजन किये जाने के पश्चात् आवंटी की मांग एवं माननीय आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में गोमती नगर/गोमती नगर विस्तार योजना में यथासंभव भूखण्ड दिये जाने के सम्बन्ध में। | 170–172 |
| 22. | डा0 विनोद जोसफ, सचिव, सेन्ट मैरी पॉलिक्लीनिक के दिनांक रहित प्रार्थना–पत्र के क्रम में सीतापुर रोड नगर प्रसार योजना के अन्तर्गत वर्ष 1981 में अर्जित ग्राम–जाहिदपुर, लखनऊ की खसरा संख्या–12/3 एवं खसरा संख्या–13 की अर्जित भूमि के सापेक्ष आगणित धनराशि रू0 15,22,13,600.00 प्राधिकरण कोष में जमा कराते हुए क्षेत्रफल 3459.40 वर्गमी0 अर्जित भूमि को सेन्ट मैरी पॉलिक्लीनिक अस्पताल के पक्ष में नियमानुसार नियमितीकरण के सम्बन्ध में। | 173–174 |
| 23. | श्रीमती साधना दीक्षित पत्नी स्व0 श्री सुनीत कुमार दीक्षित, सहायक अभियन्ता द्वारा अपने पति की चिकित्सा पर व्यय धनराशि की प्रतिपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में। | 175–176 |
| 24. | श्रीमती अंजू सिंह पत्नी स्व0 श्री ज्ञानेश्वर सिंह, अवर अभियन्ता द्वारा अपने पति की चिकित्सा पर व्यय धनराशि की प्रतिपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में। | 177–178 |
| 25. | लखनऊ विकास क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित बहुमंजिली इमारतों की स्ट्रक्चरल सेफ्टी सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में। | 179–186 |
| 26 | ऐसे आवंटी जिन्हें प्राधिकरण रजिस्ट्री/कब्जा नहीं दे पा रहा है, के स्थान पर फ्लैट आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में संशोधित नीति का निर्धारण। | 187–189 |
| 27 | गोमती नगर योजना के विपिन खण्ड स्थित दि इण्डियन होटल कम्पनी लि0 (ताज होटल) से अनुलग्न ग्रीन बेल्ट की भूमि क्षेत्रफल 12876.00 वर्ग मीटर को 25 वर्ष के लिये अनुज्ञप्ति पर दिये जाने के सम्बन्ध में। | 190–195 |
| 28 | ग्राम–जियामऊ, तहसील व जनपद–लखनऊ के खसरा संख्या–196 भूमि के भू–उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में। | 196–206 |
| 29. | कबीर नगर देवपुर पारा आवासीय योजना के सम्बन्ध में। | 207–210 |
| 30 | उ0प्र0 ट्रांजिट ओरिएण्टेड डेवलपमेन्ट नीति, 2022 के क्रियान्वयन हेतु अमृत योजना के अन्तर्गत तैयार की जा रही महायोजना में टी0ओ0डी0 जोन्स का जोनल डेवलपमेन्ट प्लान तैयार कराये जाने के सम्बन्ध में। | 211–217 |
| 31 | प्राधिकरण कार्यों के सम्पादन हेतु प्रवर्तन दल की स्थापना के सम्बन्ध में। | 218–224 |

| | | |
|---|---|---|
| 32. | लखनऊ विकास प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागों में कार्यों हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से दक्षता के आधार पर आपूर्तित कम्प्यूटर आपरेटर्स के वेतन निर्धारण के सम्बन्ध में। | 225—228 |
| 33. | वाहन चालक के रिक्त चल रहे वर्तमान में 20 पदों के सापेक्ष श्री राम निवास मौर्य एवं श्री सुनील यादव, चालक (निर्धारित वेतनमान का न्यूनतम वेतन पर अन्य भत्ते पर कार्यरत) को समायोजन/विनियमितीकरण के सम्बन्ध में। | 229—244 |
| 34. | आउटसोर्सिंग सेवा प्रदाता के माध्यम से अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण के न्यायालय हेतु रीडर/प्रशासनिक अधिकारी/उपाध्यक्ष कैम्प हेतु एक अनुभाग अधिकारी, वित्त एवं लेखा विभाग में वरिष्ठ लिपिक/गणना लिपिक/रिकार्ड सहायक/अधिष्ठान अनुभाग हेतु लिपिक को आबद्ध किये जाने के सम्बन्ध में। | 245—246 |
| 35. | मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में वैभव खण्ड नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर योजना के आवंटियों के प्रार्थना—पत्र के निस्तारण के सम्बन्ध में। | 247—260 |
| 36. | श्री महेश प्रसाद को बसंतकुंज हरदोई रोड योजना में आश्रयहीन भवन संख्या—एस—2/16 के स्थान पर आश्रयहीन भवन संख्या—एस—1/116 का समायोजन की कार्योत्तर स्वीकृति के सम्बन्ध में। | 261 |
| 37. | उ0प्र0 इलेक्ट्रिक वाहन मैन्यूफैक्चरिंग नीति 2019 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थलों पर वाहनों के चार्जिंग हेतु बुनियादि ढ़ाचे के निर्माण के सम्बन्ध में। | 262—267 |
| 38. | लखनऊ विकास प्राधिकरण में 10 वर्ष से अधिक पुराने 13 अदद् अम्बेस्डर वाहनों को निष्प्रयोज्य घोषित करने एवं नीलामी कर बेंचे जाने की अनुमति के साथ—साथ निष्प्रयोज्य हो रहे वाहनों के प्रतिपूर्ति हेतु 10 अदद् वाहनों को क्रय किये जाने तथा आवश्यकतानुसार आउटसोर्सिंग से किराया पद्धति पर वाहनों की व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में। | 268—271 |

विषय : लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 176वीं बैठक दिनांक 01 दिसम्बर, 2022 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण।

# पुष्टिकरण

लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 176वीं बैठक दिनाक 01.12.2022 का कार्यवृत्त दिनांक 08.12.2022 को समस्त मा0 सदस्यों को अवलोकनार्थ प्रेषित किया गया। किसी भी सदस्य द्वारा कोई आपत्ति/सुझाव उपलब्ध नहीं कराये गये है। अस्तु बैठक दिनांक 01.12.2022 का कार्यवृत्त पुष्टि हेतु प्रस्तुत है।

# लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 176वीं बैठक दिनांक 01 दिसम्बर, 2022 का कार्यवृत्त

लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 176वीं बैठक, बोर्ड अध्यक्ष डा0 रोशन जैकब, आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुएः—

उपस्थितिः—

| | | |
|---|---|---|
| 01. | श्री सूर्यपाल गंगवार | जिलाधिकारी, लखनऊ। |
| 02. | डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी | उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 03. | श्री अभय पाण्डेय | अपर नगर आयुक्त, प्रतिनिधि—नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ। |
| 04. | श्री पार्थ प्रीतम मल्लिक, | लेखाधिकारी, ए0डी0 पेंशन, प्रतिनिधि—अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन। |
| 05. | श्री कमलेश प्रसाद त्रिपाठी | अधीक्षण अभियन्ता, प्रतिनिधि—आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद। |
| 06. | सुश्री रेखा श्रीवास्तव | सहायक आयुक्त—उद्योग, प्रतिनिधि—संयुक्त आयुक्त—उद्योग, लखनऊ मण्डल, लखनऊ। |
| 07. | श्री विशाल भारती | सहयुक्त नियोजक प्रतिनिधि—मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0 नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग। |
| 08. | श्री दिपांकर चौधरी | पर्यटन अधिकारी, लखनऊ, प्रतिनिधि—महानिदेशक, पर्यटन, लखनऊ। |
| 09. | श्री पी0एन0 सिंह | सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 10. | श्री पुष्कर शुक्ला | सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 11. | श्री राम कृष्ण यादव | पार्षद / सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 12. | श्री राघवराम तिवारी | पार्षद / सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 13. | श्री संजय सिंह राठौर | पार्षद / सदस्य, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |

अन्य उपस्थितिः—

| | | |
|---|---|---|
| 14. | श्री पवन कुमार गंगवार | सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 15. | श्री ज्ञानेन्द्र वर्मा | अपर सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 16. | श्री दीपक सिंह | वित्त नियंत्रक, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 17. | श्री अवधेश तिवारी | मुख्य अभियन्ता, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 18. | श्री अमित राठौर | विशेष कार्याधिकारी, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 19. | श्री ए0के0 सिंह | अधीक्षण अभियन्ता (वि / यां0), लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 20 | श्री देवांश त्रिवेदी | विशेष कार्याधिकारी, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |

सर्वप्रथम् उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड/आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ का औपचारिक स्वागत किया गया। तदुपरान्त बोर्ड बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई। बोर्ड बैठक की विषय सूची में सम्मिलित विभिन्न विषयों/मदों पर निम्नवत् निर्णय लिया गयाः—

| मद सं0 | विषय | निर्णय |
|---|---|---|
| 176/1 | लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 27.09.2022 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण। | प्राधिकरण की उक्त बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों को कार्यवृत्त प्रेषित किया गया था। अतः सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। |
| 176/2 | लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 175वीं बैठक दिनांक 27.09.2022 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या। | प्रस्तुत की गयी अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया एवं निम्नलिखित बिन्दु पर निर्देश दिये गयेः—<br>• विषय संख्या—21 के आलोक में बोर्ड के जनप्रतिनिधि सदस्यों के सुझाव के क्रम में बोर्ड द्वारा निर्देश दिये गये कि पूर्व के निबन्धित पात्र आवंटियों को गत 175वीं |

| | | |
|---|---|---|
| | | बोर्ड बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार समायोजित किये जाने के समय अन्य लाभ यथा–ब्याज, फ्लैट की दर निर्धारण आदि दिये जाने के सम्बन्ध में परीक्षण कर सुविचारित प्रस्ताव आगामी बैठक में बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। |
| 176/3 | उ0प्र0 ट्रांजिट ओरिएण्टेड डेवलपमेन्ट नीति, 2022 के अनुपालन में टी0ओ0डी0 जोन्स की सीमाओं के वास्तविक/भौतिक परिस्थितियों के अनुरूप परिसीमन/सीमांकन के अनुसार लखनऊ महायोजना –2031 (संशोधित कन्वर्जन प्रारूप) पर टी0ओ0डी0 जोन से सम्बन्धित आपत्ति/सुझाव जनसामान्य से आमंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 176/4 | लखनऊ–सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तर दिशा में स्थित ग्राम– बक्कास, माढ़रमऊ कला, माढरमऊ खुर्द, मस्तेमऊ, मलूकपुर ढकवा, चौरासी, चौरहिया, दुलामऊ की भूमि एवं अंसल ए0पी0आई0 द्वारा छोड़ी गई भूमि एवं लखनऊ महायोजना 2031 के अन्तर्गत आने वाले किसान पथ/आउटर रिंग रोड के दोनों तरफ 500 मीटर की दूरी तक सुनियोजित विकास हेतु आवास एवं विकास परिषद द्वारा भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही किये जाने विषयक। | सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 176/5 | गोमती नगर विस्तार योजना के अन्तर्गत गोमती नदी के दायें तटबन्ध पर अमर शहीद पथ से ग्राम–अरदौनामऊ की सरहद तक बंधे एवं इकाना स्टेडियम के उत्तरी दिशा में 45 मी0 रोड के निर्माण की योजना हेतु हितबद्ध कास्तकारों से आपसी सहमति के आधार पर भूमि क्रय किये जाने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 176/6 | ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के संरेखण में आने वाली रक्षा विभाग की भूमि लाइसेन्स पर लिये जाने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 176/7 | ग्रीन कॉरीडोर परियोजना हेतु वित्त पोषण के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 176/8 | लखनऊ विकास प्राधिकरण की मोहान रोड आवासीय योजना को विकसित किये जाने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण की मोहान रोड आवासीय योजना को विकसित किये जाने हेतु पूर्व में चयनित वास्तुविद् मेसर्स मुरालेज से पुरानी दरों पर एवं पूर्व के अनुबन्ध की नियम एवं शर्तों के अनुसार ही योजना के विकास हेतु पूर्व अनुबन्ध को |

| | | |
|---|---|---|
| | | पुर्नजीवित किये जाने विषयक प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 176/9 | लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माण/विकास कार्यों हेतु टू–बिड पद्धति पर आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं के तकनीकी परीक्षण बिन्दुओं को लोक निर्माण विभाग के टू–बिड पद्धति पर निविदाओं हेतु माडल बिडिंग डाक्यूमेंट के प्रविधानों के अनुरूप किये जाने के सम्बन्ध में। | प्राधिकरण बोर्ड द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त निर्माण/विकास कार्यों हेतु टू–बिड पद्धति पर आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं के तकनीकी परीक्षण बिन्दुओं को लोक निर्माण विभाग के टू–बिड पद्धति पर निविदाओं हेतु मॉडल बिडिंग डाक्यूमेंट के प्रविधानों के अनुरूप किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। साथ ही भविष्य में लोक निर्माण विभाग द्वारा समय– समय पर निर्गत सर्कुलर/शासनादेशों के अनुसार प्राधिकरण की आवश्यकतानुसार संशोधन (Customised) करते हुए लागू किये जाने हेतु उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण को अधिकृत किया गया। इसके अतिरिक्त आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा वर्क मैनुअल तैयार किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, अतः प्राधिकरण बोर्ड द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि वर्क मैनुअल लागू होने पर उसके नियम/विनियम यथावत् लागू होंगे तथा शासन द्वारा जारी उ0प्र0 विकास प्राधिकरण वित्त एवं लेखा मैनुअल 2004 के प्राविधान भी यथावत् लागू होंगे। |
| 176/10 | मा0 राष्ट्रपति भारत गणराज्य/मा0 उप राष्ट्रपति भारत गणराज्य एवं मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार के विभिन्न तिथियों को उत्तर प्रदेश लखनऊ आगमन पर एयरपोर्ट पर उपलब्ध कराये गये स्नैक्स, फूल आदि में किये गये व्यय से सम्बन्धित बिलों के भुगतान के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 176/11 | वित्तीय वर्ष 2022–23 के पुनरीक्षित आय–व्ययक की स्वीकृति के सम्बन्ध में। | प्राधिकरण बोर्ड द्वारा सम्यक् वित्तीय वर्ष 2022–23 में निम्नलिखित मदों में पुनरीक्षित आय–व्ययक की स्वीकृति विषयक प्रस्ताव अनुमोदित किया गया:– |

| मद | वित्तीय वर्ष 2022–23 में पुनरीक्षित प्राविधान (रूपये करोड़ में) |
|---|---|
| प्राधिकरण द्वारा विकसित योजनाओं को नगर निगम, लखनऊ को हस्तान्तरण | 50.00 |
| मशीनरी, संयत्र/हल्के/भारी वाहनों का क्रय | 1.30 |
| कार्यालय भवन एवं रख–रखाव | 2.25 |
| विविध व्यय | 4.50 |
| कम्प्यूटर रख–रखाव | 0.75 |

<table>
<tr><td></td><td></td><td><table><tr><td>कानपुर रोड, सेक्टर– आई, जे एवं एल में विद्युतीकरण</td><td>0.75</td></tr><tr><td>कबीर नगर देवपुर पारा विद्युतीकरण</td><td>5.00</td></tr><tr><td>गाड़ियों के किराये पर व्यय</td><td>2.00</td></tr></table></td></tr>
<tr><td>176/12</td><td>प्राधिकरण के व्यवसायिक सम्पत्तियों में 1.5 अधिक एफ0ए0आर0 में अंश हेतु व्यवसायिक भूमि के दर में निर्धारण के सम्बन्ध में।</td><td>प्राधिकरण बोर्ड द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त शासनादेश संख्या–462/आठ–3–16–34विविध/08 दिनांक 17.06.2016 के प्रस्तर–3.5.2.4 एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 (यथा संशोधित 2011/2016) में निहित क्रय योग्य एफ0ए0आर0 शुल्क की गणना, जो निम्नवत् है, के अनुसार प्राधिकरण के दिनांक 01.12.2022 को अविक्रीत/अनिस्तारित सम्पत्तियाँ, जिनका एफएआर में जो 1.5 से अधिक है, में उसके अंश हेतु शासनादेश में निर्धारित गुणांक के अनुसार किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया:–<table><tr><th>भू–उपयोग श्रेणी</th><th>प्रस्तावित गुणांक</th></tr><tr><td>वाणिज्यिक</td><td>0.50</td></tr><tr><td>मिश्रित</td><td>0.45</td></tr><tr><td>कार्यालय/संस्थागत</td><td>0.45</td></tr><tr><td>होटल</td><td>0.40</td></tr><tr><td>आवासीय (ग्रुप हाउसिंग)</td><td>0.40</td></tr><tr><td>सामुदायिक तथा सामजिक सुविधाएं एवं अवस्थापनाएं</td><td>0.20</td></tr></table></td></tr>
<tr><td>176/13</td><td>लखनऊ विकास प्राधिकरण की निर्मित रिक्त व्यवसायिक सम्पत्तियों की आरक्षित दर को फ्रीज किये जाने के सम्बन्ध में।</td><td>सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण की निर्मित रिक्त व्यवसायिक सम्पत्तियों की आरक्षित दर को 01 वर्ष (दिसम्बर, 2022 से नवम्बर, 2022 तक) हेतु फ्रीज किये जाने विषयक प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।</td></tr>
<tr><td>176/14</td><td>गोमती नगर विस्तार योजना, सेक्टर–4 के अन्तर्गत समायोजित भूखण्ड संख्या–4/385–एस, सक्षम स्तर से अनुमोदित न होने के कारण समायोजन निरस्त कर जमा धनराशि ब्याज सहित वापस करने का निर्णय तत्कालीन उपाध्यक्ष द्वारा लिया जा चुका है। अतः आवंटी के पक्ष में आवंटन को पुनर्जीवित कर निबन्धन की कार्यवाही करने अथवा प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 27.09.2022 में विषय संख्या–175/21 में आवंटित/विवादित सम्पत्तियों के समायोजन के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय में अंकित विकल्पों पर आवंटी की सहमति प्राप्त कर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।</td><td>सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा विधान सभा की मा0 याचिका समिति के समक्ष विचाराधीन प्रकरण गोमती नगर विस्तार योजना, सेक्टर–4 के अन्तर्गत समायोजित भूखण्ड संख्या–4/385–एस, सक्षम स्तर से अनुमोदित न होने के कारण समायोजन निरस्त कर जमा धनराशि ब्याज सहित वापस करने का निर्णय तत्कालीन उपाध्यक्ष द्वारा लिया जा चुका है। अतः आवंटी को प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 27.09.2022 में विषय संख्या–175/21 पर आवंटित/विवादित सम्पत्तियों के समायोजन के सम्बन्ध में लिये गये निम्नांकित निर्णय में अंकित विकल्पों पर आवंटी की सहमति प्राप्त कर कार्यवाही किये जाने विषयक प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया:–</td></tr>
</table>

| | | |
|---|---|---|
| | | 1. किसी चूक अथवा विवाद के कारण पूर्व से आवंटित भूमि/भूखण्ड का समायोजन भूखण्ड में नहीं किया जायेगा।<br>2. यदि प्राधिकरण की किसी चूक अथवा विवाद के कारण आवंटित सम्पत्ति (भवन /भूखण्ड) का कब्जा प्राधिकरण नहीं दे पाता है, तो आवंटी की सहमति के आधार पर पहले आओ, पहले पाओ योजना के अन्तर्गत उपलब्ध फ्लैट को समायोजन के समय लागू मूल्य पर प्राधिकरण द्वारा समायोजित किया जा सकेगा।<br>3. आवंटी के द्वारा जमा धनराशि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR) दर पर आगणित करते हुए समायोजित किये जाने वाले फ्लैट में समयोजित कर दी जायेगी।<br>4. यदि आवंटी भवन/भूखण्ड का पहले आओ, पहले पाओ योजनान्तर्गत फ्लैट में समायोजन नहीं चाहता है, तो उसे स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR) दर पर आगणित करते हुए उसे वापस कर दिया जाय। |
| 176/15 | जय प्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र को पूर्ण कर संचालन कराये जाने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा जय प्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र परियोजना को पूर्ण कर संचालित किये जाने के सम्बन्ध में निम्नवत् प्रस्ताव शासन के अनुमोदनार्थ प्रेषित किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गयाः-<br>1. शासन द्वारा गठित जेपीएनआईसी सोसाइटी को भंग करते हुए जय प्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र के संचालन हेतु प्राधिकरण बोर्ड को अधिकृत कर दिया जाय।<br>2. जेपीएनआईसी सोसाइटी व परियोजना के संचालन हेतु मेसर्स फॉरच्यूना फाउन्डेशन इंजीनियर्स एण्ड कन्सल्टेन्ट प्रा0लि0 से किये गये अनुबन्ध को निरस्त कर दिया जाय।<br>3. परियोजना को पूर्ण किये जाने हेतु लम्बित देयता तथा अवशेष कार्यों हेतु आवश्यक धनराशि को निजी संचालनकर्ता के दायित्वों में सम्मिलित करते हुए As is where is के आधार पर Expression of Intrest (EOI) आमंत्रित कर लीज व रेवेन्यू शेयरिंग बिजनेस मॉडल के आधार पर निजी सहभागी संस्था का चयन करते हुए शासन से स्वीकृति प्राप्त की जाय। शासन से स्वीकृति प्राप्त करते हुए इसे पूर्ण कर प्राधिकरण द्वारा संचालित कराया जाय। |

| | | |
|---|---|---|
| | | 4. जय प्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र परियोजना को निजी सहभागिता के आधार पर पूर्ण कर संचालित कराये जाने हेतु Standard Operating Procedure (SOP) निर्धारित करने हेतु लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड को अधिकृत कर दिया जाय। |
| 176/16 | पुराना लखनऊ हुसैनाबाद क्षेत्र के समेकित विकास की परियोजना के अन्तर्गत म्यूजियम एवं फूडकोर्ट ब्लाक के निर्माण कार्य में हो रहे वृद्धि को समेकित विकास कार्य की परियोजना के अन्य कार्यों में बचत धनराशि से कराये जाने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 176/17 | मा0 उच्चतम न्यायालय में योजित सिविल अपील संख्या–22037/2017, सं0–8016/202022 (एस0एल0पी0 (सी) संख्या–22037/2017) एस0के0 मेहरोत्रा बनाम लखनऊ विकास प्राधिकरण व अन्य में ग्राम–बरगवां, लखनऊ की खसरा संख्या–1416 रकबा 0–5–5–0 बीघा भूमि के सम्बन्ध में पारित आदेश दिनांक 31.10.2022 मात्र उक्त प्रकरण के लिए ही मान्य एवं प्रभावी है, उक्त आदेश किसी अन्य प्रकरण के लिए नजीर नहीं माना जायेगा। उक्त आदेश का अनुपालन कराने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| 176/18 | सिंचाई एवं जल संस्थान अनुभाग द्वारा गोमती रिवर फ्रंट चैनलाईजेंशन परियोजना के औद्यानिक विकास एवं अनुरक्षण कार्य हेतु उपलब्ध कराई गयी धनराशि के व्यय होने के उपरान्त औद्यानिक अनुरक्षण कार्यों की निरन्तरता बनाये रखने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त प्राधिकरण बोर्ड द्वारा सिंचाई एवं जल संस्थान अनुभाग द्वारा गोमती रिवर फ्रंट चैनलाईजेंशन परियोजना के औद्यानिक विकास एवं अनुरक्षण कार्य हेतु उपलब्ध कराई गयी धनराशि के व्यय होने के उपरान्त औद्यानिक विकास व अनुरक्षण, विद्युत आपूर्ति, प्रकाश एवं सुरक्षा व्यवस्था संचालन हेतु पीपीपी मोड पर किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। साथ ही प्रस्तावित कमेटी में एडीएम–टीजी व प्राधिकरण बोर्ड के 01 सदस्य को भी सम्मिलित किये जाने के निर्देश दिये गये है। |
| 176/19 | भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 (यथासंशोधित 2011/2016) 2008 के अध्याय 3 में 3.11 के अन्तर्गत नया विन्दु "3.11.11–भवनों में आन्तरिक विद्युत सुरक्षा" को सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित करते हुए शासन को बाईलाज में सम्मिलित करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये गये। |

| | | |
|---|---|---|
| 176/20 | लखनऊ विकास क्षेत्र के अन्तर्गत अनुमन्य एफ0ए0आर0 के मानक संशोधित करने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा लखनऊ विकास क्षेत्र के अन्तर्गत अनुमन्य एफ0ए0आर0 के मानक संशोधित करने विषयक प्रस्तुत प्रस्ताव पर निर्देश दिये गये कि निर्मित क्षेत्र/विकसित क्षेत्र एवं नए/अविकसित क्षेत्र हेतु पूर्व प्राविधानित क्रय योग्य एफएआर एवं प्रस्तावित एफएआर के प्रभाव का पुनः परीक्षण कर सुविचारित प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय। |
| 176/21 | राजधानी लखनऊ की महत्ता के दृष्टिगत गोमती नगर विस्तार योजना (सी0बी0डी0) में सर्वसुविधायुक्त विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेन्टर का निर्माण। | सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| अनुपूरक 176/01 | श्री संजय कुमार, अवर अभियन्ता द्वारा पत्नी की चिकित्सा पर व्यय धनराशि की प्रतिपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में। | सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| अनुपूरक 176/02 | अति विशिष्ट व्यक्तियों (जेड श्रेणी के उच्च श्रेणी सुरक्षा प्राप्त) हेतु 16, माल एवेन्यू लखनऊ में चौड़ाई में छूट प्रदान करने तथा अति विशिष्ट महानुभाव की सुरक्षा व्यवस्था हेतु सुरक्षा कार्मिकों की ड्यूटी स्थल के निर्माण की अनुमति प्रदान करने के संबंध में। | सम्यक विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लखनऊ महायोजना–2031 में निर्दिष्ट सुरक्षा जोन में प्रश्नगत प्रकरण में सेटबैक की चौड़ाई एवं भवन की ऊंचाई में छूट का प्रस्ताव शासन को निर्णय हेतु संदर्भित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |

उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0 द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समाप्त की गयी।

(पवन कुमार गंगवार)
सचिव, ल0वि0प्रा0,
लखनऊ।

(डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी)
उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0,
लखनऊ।

अनुमोदित

(डा0 रोशन जैकब)
अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण,
एवं आयुक्त, लखनऊ मण्डल,
लखनऊ।

विषय संख्या : 02



विषयः— लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 176वीं बैठक दिनांक 01 दिसम्बर, 2022 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या।

| | |
|---|---|
| विषय संख्या : 1 | लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 27.09.2022 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण। |
| निर्णय : | प्राधिकरण की उक्त बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों को कार्यवृत्त प्रेषित किया गया था। अतः सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। |
| अनुपालन | नोट किया गया। |
| विषय संख्या : 2 | लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 175वीं बैठक दिनांक 27.09.2022 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या। |
| निर्णय : | प्रस्तुत की गयी अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया एवं निम्नलिखित बिन्दु पर निर्देश दिये गयेः—<br>विषय संख्या—21 के आलोक में बोर्ड के जनप्रतिनिधि सदस्यों के सुझाव के क्रम में बोर्ड द्वारा निर्देश दिये गये कि पूर्व के निबन्धित पात्र आवंटियों को गत 175वीं बोर्ड बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार समायोजित किये जाने के समय अन्य लाभ यथा—ब्याज, फ्लैट की दर निर्धारण आदि दिये जाने के सम्बन्ध में परीक्षण कर सुविचारित प्रस्ताव आगामी बैठक में बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाय। |
| अनुपालन | प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में वित्त नियंत्रक द्वारा अवगत कराया गया कि प्राधिकरण बोर्ड की 176वीं बैठक में मद संख्या—14 पर पूर्व में ही निर्णय लिया गया है कि प्राधिकरण की किसी चूक अथवा विवाद के कारण आवंटित सम्पत्ति (भवन/भूखण्ड) का कब्जा प्राधिकरण नहीं दे पाता है, तो आवंटी की सहमति के आधार पर पहले आओ, पहले पाओ योजना के अन्तर्गत उपलब्ध फ्लैट को समायोजन के समय लागू मूल्य पर प्राधिकरण द्वारा समायोजित किया जा सकेगा। आवंटी द्वारा जमा धनराशि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR) दर पर आगणित करते हुए समायोजित किये जाने वाले फ्लैट में समायोजित कर दी जायेगी एवं यदि आवंटी भवन/भूखण्ड का पहले आओ, पहले पाओ योजनान्तर्गत फ्लैट में समायोजन नहीं चाहता है, तो उसे स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR) दर पर आगणित करते हुए उसे वापस कर दिया जाये। |
| विषय संख्या : 3 | उ0प्र0 ट्रांजिट ओरिएण्टेड डेवलपमेन्ट नीति, 2022 के अनुपालन में टी0ओ0डी0 जोन्स की सीमाओं के वास्तविक/भौतिक परिस्थितियों के अनुरूप परिसीमन/सीमांकन के अनुसार लखनऊ महायोजना |

—2031 (संशोधित कन्वर्जन प्रारूप) पर टी0ओ0डी0 जोन से सम्बन्धित आपत्ति/सुझाव जनसामान्य से आमंत्रित किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय : सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

अनुपालन प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा—11 के अन्तर्गत लखनऊ महायोजना—2031 (संशोधित कन्वर्जन प्रारूप) पर जन—सामान्य से दिनांक 12.12.2022 से 26.12.2022 तक आपत्ति/सुझाव आमंत्रित किये गये। जन—सामान्य से प्राप्त आपत्ति/सुझावों पर प्राधिकरण के पत्र संख्या—1707/सचिव/प्र0सी0टी0पी0/23 दिनांक 06.01.2023 के क्रम में शासन द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 16.01.2023 को सुनवाई की जा चुकी है।

विषय संख्या : 4 लखनऊ—सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तर दिशा में स्थित ग्राम—बक्कास, माढ़रमऊ कला, माढरमऊ खुर्द, मस्तेमऊ, मलूकपुर ढकवा, चौरासी, चौरहिया, दुलामऊ की भूमि एवं अंसल ए0पी0आई0 द्वारा छोड़ी गई भूमि एवं लखनऊ महायोजना 2031 के अन्तर्गत आने वाले किसान पथ/आउटर रिंग रोड के दोनों तरफ 500 मीटर की दूरी तक सुनियोजित विकास हेतु आवास एवं विकास परिषद द्वारा भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही किये जाने विषयक।

निर्णय : सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

अनुपालन लखनऊ—सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के उत्तर दिशा में स्थित ग्राम—बक्कास, माढ़रमऊ कला, मलूकपुर ढकवा, चौरासी, चौरहिसा, दुलारमऊ की भूमि के अर्जन सम्बन्धी कार्यवाही कराये जाने हेतु प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को प्रस्ताव शासन के स्वीकृतार्थ पत्र संख्या—128/एसी/तह/2023 दिनांक 03.04.2023 के द्वारा प्रेषित किया जा चुका है।

विषय संख्या : 5 गोमती नगर विस्तार योजना के अन्तर्गत गोमती नदी के दायें तटबन्ध पर अमर शहीद पथ से ग्राम—अरदौनामऊ की सरहद तक बंधे एवं इकाना स्टेडियम के उत्तरी दिशा में 45 मी0 रोड के निर्माण की योजना हेतु हितबद्ध कास्तकारों से आपसी सहमति के आधार पर भूमि क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय : सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

अनुपालन विभागीय पत्र संख्या—891/एसी/तह/2022 दिनांक 22.12.2022 के माध्यम से अपर आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में बैठक आहूत किये जाने हेतु अपर जिलाधिकारी—भू0अ0, उप जिलाधिकारी—सरोजनी नगर, मुख्य अभियन्ता—सिंचाई विभाग, प्रबन्धक—इकाना

स्टेडियम को बैठक के लिये पत्र प्रेषित है। ल0वि0प्रा0 व सिंचाई विभाग की संयुक्त टीम द्वारा भूमि चिन्हीकरण एवं हितबद्ध कास्तकारों से आपसी सहमति के आधार पर भूमि क्रय किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही प्रक्रियाधीन/गतिमान है।

**विषय संख्या : 6** — ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के संरेखण में आने वाली रक्षा विभाग की भूमि लाइसेन्स पर लिये जाने के सम्बन्ध में।

**निर्णय :** सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

**अनुपालन** प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में ग्रीन कॉरीडोर परियोजना के अन्तर्गत पिपराघाट से शहीद पथ के मध्य गोमती नदी के दायें बैंक पर बंधा एवं इसके ऊपर 4 लेन सड़क निर्माण के लिए आवश्यक सेना भूमि 53.887 एकड़ के सम्बन्ध में सेना मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा इंगित की गई आपत्तियों पर स्पष्टीकरण तथा भूमि उपलब्ध कराने का पुनः अनुरोध उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0 द्वारा कार्यालय पत्रांक–262/पीआईयू/ल0वि0प्रा0 दिनांक 30.12.2022 से भेजा गया है। सेना मुख्यालय से अनुमति अभी अपेक्षित है।

**विषय संख्या : 7** — ग्रीन कॉरीडोर परियोजना हेतु वित्त पोषण के सम्बन्ध में।

**निर्णय :** सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

**अनुपालन** प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णयानुपालन में ग्रीन कॉरीडोर परियोजना के वित्त पोषण हेतु सिंचाई विभाग की 4.55 हे0, ग्राम–कलियाखेड़ा एवं प्यारेपुर की 47.33 हे0 तथा नजूल भूमि (काल्विन कालेज) की 11.79 हे0 भूमि को ल0वि0प्रा0 को निःशुल्क हस्तांतरण का प्रस्ताव ल0वि0प्रा0 द्वारा शासन के आवास एवं शहरी नियोजन विभाग को भेजा गया है। कार्यवाही प्रगति में है।

**विषय संख्या : 8** — लखनऊ विकास प्राधिकरण की मोहान रोड आवासीय योजना को विकसित किये जाने के सम्बन्ध में।

**निर्णय :** सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण की मोहान रोड आवासीय योजना को विकसित किये जाने हेतु पूर्व में चयनित वास्तुविद् मेसर्स मुरालेज से पुरानी दरों पर एवं पूर्व के अनुबन्ध की नियम एवं शर्तों के अनुसार ही योजना के विकास हेतु पूर्व अनुबन्ध को पुर्नजीवित किये जाने विषयक प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

**अनुपालन** प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में मोहान रोड योजना के पूर्व चयनित वास्तुविद् मैसर्स मुरालेज के पूर्व अनुबन्ध

संख्या–05/ए0ए0मोहान/2016 दिनांक 31.05.2016 को पुनर्जीवित कर दिया गया है एवं मेसर्स मुरालेज द्वारा ले–आउट एवं डी0पी0आर0 तैयार कराये जाने का कार्य किया जा रहा है। प्रस्तुत ले–आउट के सम्बन्ध में अलग से प्रस्ताव प्रस्तुत है।

**विषय संख्या : 9**

लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माण/विकास कार्यों हेतु टू–बिड पद्धति पर आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं के तकनीकी परीक्षण बिन्दुओं को लोक निर्माण विभाग के टू–बिड पद्धति पर निविदाओं हेतु माडल बिडिंग डाक्यूमेंट के प्रविधानों के अनुरूप किये जाने के सम्बन्ध में।

**निर्णय :**

प्राधिकरण बोर्ड द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त निर्माण/विकास कार्यों हेतु टू–बिड पद्धति पर आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं के तकनीकी परीक्षण बिन्दुओं को लोक निर्माण विभाग के टू–बिड पद्धति पर निविदाओं हेतु मॉडल बिडिंग डाक्यूमेंट के प्रविधानों के अनुरूप किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। साथ ही भविष्य में लोक निर्माण विभाग द्वारा समय– समय पर निर्गत सर्कुलर/शासनोदशों के अनुसार प्राधिकरण की आवश्यकतानुसार संशोधन (Customised) करते हुए लागू किये जाने हेतु उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण को अधिकृत किया गया। इसके अतिरिक्त आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा वर्क मैनुअल तैयार किये जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है, अतः प्राधिकरण बोर्ड द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि वर्क मैनुअल लागू होने पर उसके नियम/विनियम यथावत् लागू होंगे तथा शासन द्वारा जारी उ0प्र0 विकास प्राधिकरण वित्त एवं लेखा मैनुअल 2004 के प्राविधान भी यथावत् लागू होंगे।

**अनुपालन**

प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा निर्माण/विकास कार्यों हेतु टू–बिड पद्धति पर आमंत्रित की जाने वाली निविदाओं के तकनीकी परीक्षण बिन्दुओं को लोक निर्माण विभाग के टू–बिड पद्धति पर निविदाओं हेतु माडल बिडिंग डाक्यूमेंट के प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है।

**विषय संख्या : 10**

मा0 राष्ट्रपति भारत गणराज्य/मा0 उप राष्ट्रपति भारत गणराज्य एवं मा0 प्रधानमंत्री, भारत सरकार के विभिन्न तिथियों को उत्तर प्रदेश लखनऊ आगमन पर एयरपोर्ट पर उपलब्ध कराये गये स्नैक्स, फूल आदि में किये गये व्यय से सम्बन्धित बिलों के भुगतान के सम्बन्ध में।

**निर्णय :**

सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

**अनुपालन**

प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में सम्बन्धित कार्य का भुगतान किये जाने हेतु कम्पलीशन स्वीकृति की पत्रावली प्रचलित है।

**विषय संख्या : 11** वित्तीय वर्ष 2022–23 के पुनरीक्षित आय–व्ययक की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

**निर्णय :** प्राधिकरण बोर्ड द्वारा सम्यक् वित्तीय वर्ष 2022–23 में निम्नलिखित मदों में पुनरीक्षित आय–व्ययक की स्वीकृति विषयक प्रस्ताव अनुमोदित किया गया:–

| मद | वित्तीय वर्ष 2022–23 में पुनरीक्षित प्राविधान (रूपये करोड़ में) |
|---|---|
| प्राधिकरण द्वारा विकसित योजनाओं को नगर निगम, लखनऊ को हस्तान्तरण | 50.00 |
| मशीनरी, संयत्र/हल्के/ भारी वाहनों का क्रय | 1.30 |
| कार्यालय भवन एवं रख–रखाव | 2.25 |
| विविध व्यय | 4.50 |
| कम्प्यूटर रख–रखाव | 0.75 |
| कानपुर रोड, सेक्टर– आई, जे एवं एल में विद्युतीकरण | 0.75 |
| कबीर नगर देवपुर पारा विद्युतीकरण | 5.00 |
| गाड़ियों के किराये पर व्यय | 2.00 |

**अनुपालन** प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णयानुसार अनुपालन किया जा रहा है।

**विषय संख्या : 12** प्राधिकरण के व्यवसायिक सम्पत्तियों में 1.5 अधिक एफ0ए0आर0 में अंश हेतु व्यवसायिक भूमि के दर में निर्धारण के सम्बन्ध में।

**निर्णय :** प्राधिकरण बोर्ड द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त शासनादेश संख्या–462/आठ–3–16–34विविध /08 दिनांक 17.06.2016 के प्रस्तर–3.5.2.4 एवं लखनऊ विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 (यथा संशोधित 2011/2016) में निहित क्रय योग्य एफ0ए0आर0 शुल्क की गणना, जो निम्नवत् है, के अनुसार प्राधिकरण के दिनांक 01.12.2022 को अविक्रीत/अनिस्तारित सम्पत्तियाँ, जिनका एफएआर में जो 1.5 से अधिक है, में उसके अंश हेतु शासनादेश में निर्धारित गुणांक के अनुसार किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया:–

| भू–उपयोग श्रेणी | प्रस्तावित गुणांक |
|---|---|
| वाणिज्यिक | 0.50 |
| मिश्रित | 0.45 |
| कार्यालय/संस्थागत | 0.45 |
| होटल | 0.40 |
| आवासीय (ग्रुप हाउसिंग) | 0.40 |
| सामुदायिक तथा सामजिक सुविधाएं एवं अवस्थापनाएं | 0.20 |

**अनुपालन** प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णयानुसार अनुपालन किया जा रहा है।

**विषय संख्या : 13** — लखनऊ विकास प्राधिकरण की निर्मित रिक्त व्यवसायिक सम्पत्तियों की आरक्षित दर को फ्रीज किये जाने के सम्बन्ध में।

**निर्णय :** — सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा लखनऊ विकास प्राधिकरण की निर्मित रिक्त व्यवसायिक सम्पत्तियों की आरक्षित दर को 01 वर्ष (दिसम्बर, 2022 से नवम्बर, 2023 तक) हेतु फ्रीज किये जाने विषयक प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**अनुपालन** — प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णयानुसार अनुपालन किया जा रहा है।

**विषय संख्या : 14** — गोमती नगर विस्तार योजना, सेक्टर–4 के अन्तर्गत समायोजित भूखण्ड संख्या–4/385–एस, सक्षम स्तर से अनुमोदित न होने के कारण समायोजन निरस्त कर जमा धनराशि ब्याज सहित वापस करने का निर्णय तत्कालीन उपाध्यक्ष द्वारा लिया जा चुका है। अतः आवंटी के पक्ष में आवंटन को पुनर्जीवित कर निबन्धन की कार्यवाही करने अथवा प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 27.09.2022 में विषय संख्या– 175/21 में आवंटित/विवादित सम्पत्तियों के समायोजन के सम्बन्ध में लिये गये निर्णय में अंकित विकल्पों पर आवंटी की सहमति प्राप्त कर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।

**निर्णय :** — सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा विधान सभा की मा0 याचिका समिति के समक्ष विचाराधीन प्रकरण गोमती नगर विस्तार योजना, सेक्टर–4 के अन्तर्गत समायोजित भूखण्ड संख्या–4/385–एस, सक्षम स्तर से अनुमोदित न होने के कारण समायोजन निरस्त कर जमा धनराशि ब्याज सहित वापस करने का निर्णय तत्कालीन उपाध्यक्ष द्वारा लिया जा चुका है। अतः आवंटी को प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 27.09.2022 में विषय संख्या–175/21 पर आवंटित/विवादित सम्पत्तियों के समायोजन के सम्बन्ध में लिये गये निम्नांकित निर्णय में अंकित विकल्पों पर आवंटी की सहमति प्राप्त कर कार्यवाही किये जाने विषयक प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गयाः–

1. किसी चूक अथवा विवाद के कारण पूर्व से आवंटित भूमि/भूखण्ड का समायोजन भूखण्ड में नहीं किया जायेगा।
2. यदि प्राधिकरण की किसी चूक अथवा विवाद के कारण आवंटित सम्पत्ति (भवन/भूखण्ड) का कब्जा प्राधिकरण नहीं दे पाता है, तो आवंटी की सहमति के आधार पर पहले आओ, पहले पाओ योजना के अन्तर्गत उपलब्ध फ्लैट को समायोजन के समय लागू मूल्य पर प्राधिकरण द्वारा समायोजित किया जा सकेगा।
3. आवंटी के द्वारा जमा धनराशि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR) दर पर आगणित करते हुए समायोजित किये जाने वाले फ्लैट में समयोजित कर दी जायेगी।

4. यदि आवंटी भवन/भूखण्ड का पहले आओ, पहले पाओ योजनान्तर्गत फ्लैट में समायोजन नहीं चाहता है, तो उसे स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR) दर पर आगणित करते हुए उसे वापस कर दिया जाय।

<u>अनुपालन</u>

प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में आवंटी को प्राधिकरण की विभिन्न योजना में रिक्त फ्लैटों में से फ्लैट लेने अथवा अपनी जमा धनराशि नियमानुसार वापस लेने हेतु कार्यालय पत्र संख्या–628/डीएस(एम)/जीएनवी/22 दिनांक 15.12.2022 द्वारा सूचित किया गया था, किन्तु उक्त पत्र के अनुसार आवंटी द्वारा सहमति उपलब्ध न कराते हुए भूखण्ड की मांग की गयी थी। उक्त के क्रम में प्राधिकरण बोर्ड के निर्णयानुसार आवंटी की जमा धनराशि नियमानुसार ब्याज सहित वापस कर दी गयी है।

<u>विषय संख्या : 15</u>

जय प्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र को पूर्ण कर संचालन कराये जाने के सम्बन्ध में।

<u>निर्णय :</u>

सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा जय प्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र परियोजना को पूर्ण कर संचालित किये जाने के सम्बन्ध में निम्नवत् प्रस्ताव शासन के अनुमोदनार्थ प्रेषित किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया:–

1. शासन द्वारा गठित जेपीएनआईसी सोसाइटी को भंग करते हुए जय प्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र के संचालन हेतु प्राधिकरण बोर्ड को अधिकृत कर दिया जाय।

2. जेपीएनआईसी सोसाइटी व परियोजना के संचालन हेतु मेसर्स फॉरच्यूना फाउन्डेशन इंजीनियर्स एण्ड कन्सल्टेन्ट प्रा0लि0 से किये गये अनुबन्ध को निरस्त कर दिया जाय।

3. परियोजना को पूर्ण किये जाने हेतु लम्बित देयता तथा अवशेष कार्यों हेतु आवश्यक धनराशि को निजी संचालनकर्ता के दायित्वों में सम्मिलित करते हुए As is where is के आधार पर Expression of Intrest (EOI) आमंत्रित कर लीज व रेवेन्यू शेयरिंग बिजनेस मॉडल के आधार पर निजी सहभागी संस्था का चयन करते हुए शासन से स्वीकृति प्राप्त की जाय। शासन से स्वीकृति प्राप्त करते हुए इसे पूर्ण कर प्राधिकरण द्वारा संचालित कराया जाय।

4. जय प्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र परियोजना को निजी सहभागिता के आधार पर पूर्ण कर संचालित कराये जाने हेतु Standard Operating Procedure (SOP) निर्धारित करने हेतु लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड को अधिकृत कर दिया जाय।

<u>अनुपालन</u>

प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में जय प्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र को पूर्ण कर संचालन कराये जाने के

सम्बन्ध में प्राधिकरण के पत्र संख्या 384/ए0ए0–6/22 दिनांक 08.12.2022 द्वारा प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को प्रेषित किया जा चुका है।

**विषय संख्या : 16**
पुराना लखनऊ हुसैनाबाद क्षेत्र के समेकित विकास की परियोजना के अन्तर्गत म्यूजियम एवं फूडकोर्ट ब्लाक के निर्माण कार्य में हो रहे वृद्धि को समेकित विकास कार्य की परियोजना के अन्य कार्यों में बचत धनराशि से कराये जाने के सम्बन्ध में।

**निर्णय :**
सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

**अनुपालन**
प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में हुसैनाबाद के समेकित विकास कार्यों के अन्तर्गत कराये जा रहे म्यूजियम एवं फूडकोर्ट के निर्माण कार्य का विचलन तैयार कराया जा चुका है।

**विषय संख्या : 17**
मा0 उच्चतम न्यायालय में योजित सिविल अपील संख्या–22037/2017, सं0–8016/202022 (एस0एल0पी0 (सी) संख्या–22037/2017) एस0के0 मेहरोत्रा बनाम लखनऊ विकास प्राधिकरण व अन्य में ग्राम–बरगवां, लखनऊ की खसरा संख्या– 1416 रकबा 0–5–5–0 बीघा भूमि के सम्बन्ध में पारित आदेश दिनांक 31.10. 2022 मात्र उक्त प्रकरण के लिए ही मान्य एवं प्रभावी है, उक्त आदेश किसी अन्य प्रकरण के लिए नजीर नहीं माना जायेगा। उक्त आदेश का अनुपालन कराने के सम्बन्ध में।

**निर्णय :**
सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

**अनुपालन**
ग्राम–बरगवां, लखनऊ की खसरा संख्या–1416, रकबा 0–5–5–0 बीघा भूमि के सम्बन्ध में मा0 उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में यूको बैंक द्वारा धनराशि रू0 10,00,000.00 का बैंकर चेक संख्या–322176 दिनांक 30.01.2023 मूलरूप से आवेदक द्वारा दिनांक 07.02.2023 को प्राप्त कर ली गयी है तथा उपाध्यक्ष महोदय द्वारा प्रदत्त आदेश दिनांक 03.01.2023 के क्रम में भूखण्ड संख्या–3/10, सेक्टर–ओ, मानसरोवर योजना के समायोजन सम्बन्धी कार्यवाही करते हुए रजिस्ट्री की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

**विषय संख्या : 18**
सिंचाई एवं जल संस्थान अनुभाग द्वारा गोमती रिवर फ्रंट चैनलाईजेंशन परियोजना के औद्यानिक विकास एवं अनुरक्षण कार्य हेतु उपलब्ध कराई गयी धनराशि के व्यय होने के उपरान्त औद्यानिक अनुरक्षण कार्यों की निरन्तरता बनाये रखने के सम्बन्ध में।

**निर्णय :**
सम्यक् विचारोपरान्त प्राधिकरण बोर्ड द्वारा सिंचाई एवं जल संस्थान अनुभाग द्वारा गोमती रिवर फ्रंट चैनलाईजेंशन परियोजना के औद्यानिक विकास एवं अनुरक्षण कार्य हेतु उपलब्ध कराई गयी

धनराशि के व्यय होने के उपरान्त औद्यानिक विकास व अनुरक्षण, विद्युत आपूर्ति, प्रकाश एवं सुरक्षा व्यवस्था संचालन हेतु पीपीपी मोड पर किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। साथ ही प्रस्तावित कमेटी में एडीएम–टीजी व प्राधिकरण बोर्ड के 01 सदस्य को भी सम्मिलित किये जाने के निर्देश दिये गये है।

**अनुपालन**

प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में गोमती रिवर फ्रंट के औद्यानिक विकास, अनुरक्षण, विद्युत आपूर्ति, प्रकाश एवं सुरक्षा व्यवस्था संचालन हेतु आय एकत्रित करने के लिये प्रस्तावित गतिविधियों के पीपीपी मोड पर क्रियान्वयन हेतु आरएफपी की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

अनुरक्षण कार्य के लिए वांछित आय के सृजन हेतु प्रस्तावित गतिविधियों के पीपीपी मोड पर संचालन हेतु समिति (सचिव–लविप्रा, अपर नगर आयुक्त–नगर निगम, सहायक पुलिस आयुक्त–लखनऊ, मुख्य अभियन्ता–सिंचाई विभाग, मुख्य अभियन्ता–लेसा, क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी, एडीएम–टीजी एवं प्राधिकरण बोर्ड सदस्य) का गठन किया गया है।

**विषय संख्या : 19**

भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2008 (यथासंशोधित 2011/2016) 2008 के अध्याय 3 में 3.11 के अन्तर्गत नया बिन्दु ''3.11.11–भवनों में आन्तरिक विद्युत सुरक्षा'' को सम्मिलित किये जाने के सम्बन्ध में।

**निर्णय :**

सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित करते हुए शासन को बाईलाज में सम्मिलित करने हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये गये।

**अनुपालन**

प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में प्राधिकरण के पत्र संख्या–1729/सचिव/मु0न0नि0/22 दिनांक 11.01.2023 के माध्यम से आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किये जाने हेतु पत्र प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को प्रेषित किया गया है।

**विषय संख्या : 20**

लखनऊ विकास क्षेत्र के अन्तर्गत अनुमन्य एफ0ए0आर0 के मानक संशोधित करने के सम्बन्ध में।

**निर्णय :**

सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा लखनऊ विकास क्षेत्र के अन्तर्गत अनुमन्य एफ0ए0आर0 के मानक संशोधित करने विषयक प्रस्तुत प्रस्ताव पर निर्देश दिये गये कि निर्मित क्षेत्र/विकसित क्षेत्र एवं नए/अविकसित क्षेत्र हेतु पूर्व प्राविधानित क्रय योग्य एफएआर एवं प्रस्तावित एफएआर के प्रभाव का पुनः परीक्षण कर सुविचारित प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

**अनुपालन**

प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में प्राधिकरण के पत्र संख्या–1730/सचिव/मु0न0नि0/23 दिनांक 11.01.2023 के माध्यम से संदर्भित प्रकरण में बहुमूल्य अभिमत हेतु पत्र आवास

आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 एवं सहयुक्त नियोजक, सम्भागीय नियोजन खण्ड, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 को प्रेषित किया गया है।

**विषय संख्या : 21** राजधानी लखनऊ की महत्ता के दृष्टिगत गोमती नगर विस्तार योजना (सी0बी0डी0) में सर्वसुविधायुक्त विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेन्टर का निर्माण।

**निर्णय :** सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

**अनुपालन** प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में प्रश्नगत प्रस्ताव में कन्सलटैंट फर्म के चयन हेतु प्रस्ताव अनुमोदित किया गया था। विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेन्टर का निर्माण शासन के निर्देशों के क्रम में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा बनाये जाने के सम्बन्ध में कार्यवाही की जा रही है, जिसके दृष्टिगत वर्तमान में प्राधिकरण द्वारा चिन्हित भूमि पर फाइन डायनिंग स्ट्रीट बनाये जाने का प्रस्ताव किया गया है, जिसका तलपट मानचित्र भी स्वीकृत है। वर्तमान में कन्वेंशन सेन्टर का प्रस्ताव प्राधिकरण स्तर पर प्रक्रियाधीन नहीं है।

**अनु0वि0सं0 : 01** श्री संजय कुमार, अवर अभियन्ता द्वारा पत्नी की चिकित्सा पर व्यय धनराशि की प्रतिपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में।

**निर्णय :** सम्यक् विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

**अनुपालन** प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णयानुसार अनुपालन किया जा चुका है।

**अनु0वि0सं0 : 02** अति विशिष्ट व्यक्तियों (जेड श्रेणी के उच्च श्रेणी सुरक्षा प्राप्त) हेतु 16, माल एवेन्यू लखनऊ में चौड़ाई में छूट प्रदान करने तथा अति विशिष्ट महानुभाव की सुरक्षा व्यवस्था हेतु सुरक्षा कार्मिकों की ड्यूटी स्थल के निर्माण की अनुमति प्रदान करने के संबंध में।

**निर्णय :** सम्यक विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लखनऊ महायोजना–2031 में निर्दिष्ट सुरक्षा जोन में प्रश्नगत प्रकरण में सेटबैक की चौड़ाई एवं भवन की ऊंचाई में छूट का प्रस्ताव शासन को निर्णय हेतु संदर्भित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**अनुपालन** प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुपालन में प्राधिकरण के पत्र संख्या–1700/सचिव/मु0न0नि0/23 दिनांक 04.01.2023 के माध्यम से प्रश्नगत प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र उप सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन को प्रेषित किया गया है।

विषय : भारत सरकार की अमृत योजना के अन्तर्गत लखनऊ विकास क्षेत्र की जी0आई0एस0 आधारित लखनऊ महायोजना–2031 (प्रारूप कन्वर्जन) तथा उ0प्र0 ट्रांजिट ओरिएण्टेड नीति, 2022 के अनुपालन में चिन्हित टी0ओ0डी0 जोन्स के लिए प्राप्त आपत्ति/सुझावों पर गठित समिति की संस्तुति के सम्बन्ध में परिचालन के माध्यम से पारित प्रस्ताव का पुष्टिकरण।

भारत सरकार की अमृत योजना के अन्तर्गत लखनऊ विकास क्षेत्र की जी0आई0एस0 आधारित लखनऊ महायोजना–2031 (प्रारूप कन्वर्जन) तथा उ0प्र0 ट्रांजिट ओरिएण्टेड नीति, 2022 के अनुपालन में चिन्हित टी0ओ0डी0 जोन्स के लिए प्राप्त आपत्ति/सुझावों पर गठित समिति की संस्तुति से सम्बन्धित प्रस्ताव मा0 सदस्यों द्वारा परिचालन के माध्यम से पारित किया गया था, जो पुष्टिकरण हेतु प्रस्तुत है।

# लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ

सेवा में,

1. अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण/आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
2. अपर मुख्य सचिव, वित्त, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
4. महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0।
5. आवास आयुक्त, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद।
6. जिलाधिकारी, लखनऊ।
7. उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।
8. नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ।
9. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ०प्र० नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग।
10. प्रबन्ध निदेशक, उ०प्र० जल निगम, लखनऊ।
11. संयुक्त आयुक्त, उद्योग, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।

पत्रांक–227/सचिव/ला०वि०प्रा०/2023

दिनांक : 07/02/2023

**विषय – परिचालन के माध्यम से प्रस्तुत प्रस्तावों पर सहमति प्रदान करने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

**प्रस्ताव सं0–1 भारत सरकार की अमृत योजना के अन्तर्गत लखनऊ विकास क्षेत्र की जी0आई0एस0 आधारित लखनऊ महायोजना–2031 (प्रारूप कन्वर्जन) तथा उत्तर प्रदेश ट्रांजिट ओरिएण्टेड नीति, 2022 के अनुपालन में चिन्हित टी0ओ0डी0 जोन्स के लिए प्राप्त आपत्ति/सुझावों पर गठित समिति की संस्तुति के संबंध में प्रस्ताव।**

भारत सरकार की अमृत योजना के अन्तर्गत लखनऊ विकास क्षेत्र की जी0आई0एस0 आधारित लखनऊ महायोजना–2031 (प्रारूप कन्वर्जन) तैयार की गयी। मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक के पत्र संख्या–33/अमृत–महायोजना/शासकीय सगिति/स0नि0(के)/2021–22, दिनांक 20.05.2022 के द्वारा सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में गठित शासकीय समिति की बैठक दिनांक 27.11.2021 के कार्यवृत्त के अनुसार समिति द्वारा दिये गये सुझावों के आलोक में लखनऊ महायोजना–2031 (प्रारूप कन्वर्जन) को लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड में प्रस्तुत करते हुए उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम–1973 की धारा–11 के अनुसार अग्रिम कार्यवाही किये जाने की अपेक्षा की गयी।

तद्क्रम में लखनऊ महायोजना–2031 (प्रारूप कन्वर्जन) पर प्राधिकरण बोर्ड की 174वीं बोर्ड बैठक दिनांक 22.06.2022 में मद सं0–174/03 में उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 11 के अनुसार अग्रेतर कार्यवाही पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये तथा विचलनों को चिन्हित करते हुए आपत्ति एवं सुझाव आमंत्रित कर निस्तारित कराये जाने के निर्देश दिये गये। प्राधिकरण बोर्ड द्वारा दिये गये निर्देश के कम में लखनऊ महायोजना–2031 (कन्वर्जन प्रारूप) पर दिनांक 21.07.2022 से 09.09.2022 तक प्रदर्शनी लगायी गयी। निर्धारित अवधि में जनसामान्य से कुल 405 आपत्ति/सुझाव प्राप्त हुये। शासन द्वारा गठित समिति के समक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण में दिनांक 06.10.2022 से दिनांक 15.10.2022 तक सुनवाई की गयी। लखनऊ महायोजना–2031 (कन्वर्जन प्रारूप) पर समिति द्वारा की गयीं सुनवाई उपरान्त समिति की संस्तुति अनुलग्नक–(1) पर अवस्थित है।

(क) आवेदक द्वारा इस नीति की व्यवस्थानुसार पुनर्विकास योजना तैयार कर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, जिसके अन्तर्गत सड़कें, पार्क एवं खुले क्षेत्र के लिए आरक्षित भूमि, शासकीय अभिकरण का अंश तथा भू—स्वामी का अंश स्पष्ट रूप से चिन्हित हो।

(ख) पुनर्विकास योजना में चिन्हित भू—स्वामी के अंश का फ्रीहोल्ड तात्कालिक प्रभाव से चालू पट्टागत भूमि के पट्टेदार के विधिक उत्तराधिकारी अथवा विधिक क्रेता के पक्ष में आवेदन करने की तिथि को प्रभावी सर्किल रेट की 10 प्रतिशत की दर पर किया जाएगा। आवेदक द्वारा पुनर्विकास योजना के अनुसार सड़कें, पार्क एवं खुले क्षेत्र तथा शासकीय अभिकरण को निःशुल्क हस्तान्तरित की जाने वाली भूमि के सापेक्ष फ्रीहोल्ड धनराशि देय नहीं होगी।

(ग) फ्री—होल्ड की कार्यवाही पुनर्विकास योजना के लिए निर्धारित सामान्य शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन की जायेगी।

(III) 1.0 हैक्टेयर एवं अधिक क्षेत्रफल की औद्योगिक प्रयोजन हेतु पट्टे पर आवन्टित ऐसी भूमि जिस पर वर्तमान में औद्योगिक इकाई कार्यरत् है, परन्तु उक्त औद्योगिक इकाई के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण—पत्र के अनुसार मानक से अधिक भूमि उपलब्ध है, तो ऐसी सरप्लस भूमि का इस नीति के अधीन पुनर्विकास हेतु फ्रीहोल्ड उपरोक्त प्रस्तर (II) (क) (ख) एवं (ग) में निर्धारित शर्तों के अधीन किया जाएगा।

स्पष्टीकरण :

(1) पट्टागत भूमि के फ्रीहोल्ड का सम्बन्ध केवल भूमि के स्वामित्व परिवर्तन से है, भू–उपयोग परिवर्तन से नहीं, अर्थात् फ्रीहोल्ड के उपरान्त पट्टागत भूमि आवेदक के स्वामित्व में निहित हो जाएगी।

(2) लीज डीड के अनुसार भूमि का उपयोग यदि महायोजना/जोनल डेवल्पमेन्ट प्लान/ले–आउट प्लान में अंकित भू–उपयोग से भिन्न है, तो पुनर्विकास योजना के प्रयोजनार्थ भूमि के फ्रीहोल्ड के उपरान्त नियमानुसार भू–उपयोग परिवर्तन कराना आवश्यक होगा।

(3) यदि किसी पट्टाधारक द्वारा भूमि का भू–उपयोग लीज़ की शर्तों के विरूद्ध किया जा रहा है, तो फ्रीहोल्ड उसी दशा में किया जाएगा जब भू–स्वामी द्वारा भूमि का उपयोग लीज़ की शर्तों के अनुरूप पुनर्स्थापित कर लिया जाए।

(4) पट्टागत भूमि के फ्रीहोल्ड में परिवर्तन से प्राप्त धनराशि यथास्थिति विकास प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद्/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण/नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा अलग खाते में जमा करायी जाएगी।

(5) यह भी स्पष्ट किया जाता है कि इस नीति के लागू होने के पूर्व फ्रीहोल्ड के सम्बन्ध में प्राप्त आवेदन–पत्र विधिमान्य नहीं होंगे और स्वतः निरस्त समझे जाएंगे। अतः इस नीति के अधीन पट्टागत भूमि को फ्रीहोल्ड कराने के लिए आवेदक को इस नीति की व्यवस्था के अनुसार नया आवेदन–पत्र देना अनिवार्य होगा। पूर्व आवेदन–पत्रों के साथ यदि कोई धनराशि जमा की गयी हो, तो उस पर 5 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की गणना करते हुए आवेदक को धनराशि वापस कर दी जाएगी।

5.1.3 फ्रीहोल्ड हेतु अन्य शर्तें एवं प्रतिबन्ध

(I) जिन प्रकरणों में पूर्व में जारी (प्रस्तर–2 में उल्लिखित) नीतियों/शासनादेशों के अधीन फ्रीहोल्ड परिवर्तन की कार्यवाही हो चुकी है, वह विधिमान्य होगी। ऐसे प्रकरणों में यह नीति लागू नहीं होगी।

(II) विकास प्राधिकरणों/आवास एवं विकास परिषद् द्वारा संचालित योजनाओं में रियायती दरों पर आवन्टित सामुदायिक सुविधाओं एवं सेवाओं से सम्बन्धित पट्टागत भूखण्डों पर इस नीति के प्राविधान लागू नहीं होंगे।

(III) फ्रीहोल्ड की सुविधा लीज़ डीड में अंकित समस्त प्रकृति के उपयोगों के लिए अनुमन्य होगी, परन्तु जहां महायोजना लागू है, वहां फ्रीहोल्ड के उपरान्त महायोजना में अंकित भू–उपयोग के अनुसार भू–उपयोग परिवर्तन कराना होगा।

(IV) अवैध कब्जेदार के पक्ष में किसी भी प्रकार की पट्टागत भूमि का फ्रीहोल्ड अनुमन्य नहीं होगा।

(V) भू–स्वामित्व को लेकर किसी प्रकार का विधिक विवाद होने पर फ्रीहोल्ड तब तक अनुमन्य नहीं होगा, जब तक कि विवाद का समाधान न हो जाए। इसी प्रकार मूल पट्टाधारक तथा विधिक उत्तराधिकारी अथवा विधिक क्रेता के मध्य कोई विवाद होने की दशा में आवेदन–पत्र तभी स्वीकार्य होगा, जब विवाद का समाधान हो जाए।

(VI) जिन प्रकरणों में मूल पट्टाधारक भूमि के कब्जे से विरत हो गया हो, ऐसे प्रकरणों में भूमि का फ्रीहोल्ड जिस व्यक्ति के पक्ष में आवेदित है, उसके पास भूमि का कब्जा होने का प्रमाण–पत्र होना चाहिए।

(VII) पट्टागत भूमि के पक्ष में लीजरेन्ट अथवा अन्य कोई बकाया होने की स्थिति में लीज़ डीड की शर्तों में निर्धारित ब्याज दर पर बकाये का भुगतान आवेदक द्वारा करना होगा और उसके पश्चात् ही फ्रीहोल्ड पर विचार किया जाएगा।

(VIII) पट्टागत भूमि यदि बन्धक रखी गयी हो, तो ऐसे प्रकरणों में फ्रीहोल्ड तभी अनुमन्य होगा, जब जिस व्यक्ति/संस्था के पक्ष में भूमि बन्धक रखी गयी हो, से अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त कर प्रस्तुत किया जाए।

(IX) पुनः प्रवेश (री–इन्ट्री) के प्रकरणों में फ्रीहोल्ड तभी अनुमन्य होगा यदि 'री–इन्ट्री' नोटिस वापस ले लिया गया हो और लीज़/आवंटन बहाल कर दिया गया हो।

(X) औद्योगिक परियोजना हेतु लीज़ पर आवंटित भूमि का फ्रीहोल्ड में परिवर्तन उसी दशा में अनुमन्य होगा, जब ऐसी भूमि पर स्थापित औद्योगिक इकाई रूग्ण घोषित हो/बन्द पड़ी हो अथवा ऐसे प्रदूषणकारी/खतरनाक औद्योगिक इकाइयां, जो प्रदूषण के दृष्टिकोण से मानवीय स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के लिए हानिकारक हैं, जिन्हें जनहित में अथवा पर्यावरणीय कारणों से बन्द किये जाने/शहर के बाहर स्थानान्तरित किये जाने की बाध्यता हो। परन्तु रूग्ण/बन्द पड़ी औद्योगिक इकाईयों के सम्बन्ध में शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति अथवा बी.आई.एफ.आर. के निर्णय की प्रति तथा प्रदूषण अथवा पर्यावरणीय कारणों से बन्द किये जाने/शहर के बाहर स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में उ.प्र. प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड/पर्यावरण विभाग का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा। बी.आई.एफ.आर./मा. न्यायालयों/मा. उच्च न्यायालय/मा. उच्चतम् न्यायालय द्वारा जो आदेश रूग्ण औद्योगिक इकाईयों के सम्बन्ध में पारित किये गये हैं और वे अन्तिम हो गये हों, उस दशा में उसका अनुपालन करते हुए फ्रीहोल्ड की कार्यवाही की जाएगी।

5.1.4 अन्य पट्टागत भूमि के फ्रीहोल्ड हेतु आवेदन की प्रक्रिया

(I) पट्टागत भूमि विकास क्षेत्र में स्थित होने की दशा में आवेदक द्वारा भूमि के फ्रीहोल्ड हेतु निर्धारित प्रपत्र (संलग्नक–अ) पर आवेदन–पत्र सम्बन्धित विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष/आवास आयुक्त, आवास एवं विकास परिषद् को, विशेष विकास क्षेत्र में स्थित होने की दशा में अध्यक्ष, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण को तथा विनियमित क्षेत्र में स्थित होने की दशा में नियन्त्रक प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाएगा।

(II) आवेदन–पत्र के साथ नॉन–रिफण्डेबल प्रोसेसिंग फीस के रूप में प्रत्येक 1.0 हैक्टेयर अथवा उसके अंश पर रू. 2500/– की दर से धनराशि जमा की जायेगी।

(III) आवेदन–पत्र के साथ प्रोसेसिंग फीस एवं फ्रीहोल्ड हेतु देय धनराशि का 25 प्रतिशत नियमानुसार स्वमूल्यांकन के आधार पर बैंक ड्राफ्ट (जो यथास्थिति प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद्/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण/नियन्त्रक प्राधिकारी के पक्ष में देय होगा) के माध्यम से जमा की जायेगी तथा आवेदन–पत्र जिस तिथि को जमा किया जायेगा, वही तिथि आवेदन की तिथि मानी जायेगी।

स्वमूल्यांकन के आधार पर जमा की जाने वाली धनराशि– सम्बन्धित भूखण्ड का सर्किल रेट X भूखण्ड का क्षेत्रफल X फ्रीहोल्ड के लिये निर्धारित दर X 25 प्रतिशत।

(IV) विकास प्राधिकरण / आवास एवं विकास परिषद् / विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण / नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा डिमाण्ड नोटिस जारी करने के उपरान्त फ्रीहोल्ड के लिए आगणित अवशेष धनराशि आवेदक द्वारा बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से 90 दिन के अन्दर एकमुश्त जमा करनी होगी। यदि आवेदक उक्त अवधि में सम्पूर्ण धनराशि जमा करने में असमर्थ हो, तो देय धनराशि को अधिकतम 01 वर्ष में 14 प्रतिशत साधारण ब्याज सहित वसूल करने हेतु शासकीय अभिकरण द्वारा आवेदक की सुविधानुसार किस्तों का निर्धारण किया जा सकता है।

(V) विकास प्राधिकरण / आवास एवं विकास परिषद् / विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण / नियन्त्रक प्राधिकारी द्वारा 1.0 हैक्टेयर एवं अधिक क्षेत्रफल की पट्टागत भूमि के फ्रीहोल्ड / फ्रीहोल्ड एवं पुनर्विकास के लिए प्राप्त आवेदन–पत्र परीक्षणोपरांत पूर्ण पाए जाने की दशा में शासन के अनुमोदनार्थ प्रेषित किए जाएंगे और शासन के पूर्वानुमोदन से ही फ्रीहोल्ड के सम्बन्ध में आदेश निर्गत किया जाएगा।

(VI) पट्टागत भूमि के फ्रीहोल्ड हेतु विक्रय–विलेख के पंजीकरण के समय लीज़ डीड तत्समय निरस्त कर दी जाएगी और उसकी मूल प्रति पर तद्नुसार अंकन करते हुए विक्रय–विलेख के साथ आवेदक को वापस कर दी जाएगी।

(VII) आवेदन–पत्र के साथ आवेदक द्वारा निम्न दस्तावेज जमा किये जाएंगे:–

(क) पट्टागत भूमि के लीज़ डीड की मूल प्रति।

(ख) जिस व्यक्ति के पक्ष में फ्रीहोल्ड होना है, उसके पक्ष में विधिक उत्तराधिकार अथवा अन्य विधिक अधिकार प्राप्त होने का प्रमाण–पत्र।

(ग) भूमि का भौतिक कब्जा उस व्यक्ति के पक्ष में होने का प्रमाण–पत्र, जिसके पक्ष में फ्रीहोल्ड होना है।

(घ) इस आशय का प्रमाण–पत्र कि फ्रीहोल्ड हेतु प्रस्तावित भूमि के पक्ष में समस्त बकाया धनराशि का भुगतान किया जा चुका है।

(ङ) रुग्ण / बंद औद्योगिक इकाईयों के सम्बन्ध में शासन द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति अथवा बी.आई.एफ.आर. के निर्णय की प्रति।

(च) मा. न्यायालयों / मा. उच्च न्यायालय / मा. उच्चतम न्यायालय तथा बी.आई.एफ.आर. का निर्णय, जो अन्तिम हो गया हो, की प्रति।

(छ) प्रदूषणकारी एवं खतरनाक उद्योगों के सम्बन्ध में उ.प्र. प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड / पर्यावरण विभाग द्वारा ऐसी इकाई को बन्द करने अथवा शहर के बाहर स्थानान्तरित करने से सम्बन्धित जारी प्रमाण–पत्र।

5.2 पुनर्विकास योजना बनाने हेतु प्रक्रिया का निर्धारण

5.2.1 पुनर्विकास का तात्पर्य

पुनर्विकास का तात्पर्य सामान्यतः ऐसे क्षेत्र के विकास / सुधार से है, जो कभी पूर्व में विकसित किया गया था, परन्तु जीर्ण–शीर्ण संरचनात्मक दशा अथवा भूमि का सब–आप्टिमल उपयोग अथवा पर्यावरणीय ह्रास के कारण वर्तमान सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों के प्रसंग में अप्रयुक्त अथवा अप्रयोज्य हो गया हो।

5.2.2 पुनर्विकास योजना हेतु भूमि की पात्रता

राज्य शहरी आवास एवं पर्यावास नीति–2014 के अनुसार शहरों के निर्मित/विकसित क्षेत्रों में 'नॉन–कन्फॉर्मिंग' भू–उपयोगों की भूमि, रिक्त तथा 'अण्डरयूटिलाईज्ड' भूमि जिसका क्षेत्रफल 1.0 हैक्टेयर एवं अधिक हो, ऐसी भूमियों के अन्तर्गत निर्मित–योग्य तल क्षेत्रफल के सम्वर्द्धन, पार्क एवं खुले क्षेत्र, पार्किंग एवं अन्य जनसुविधाओं के प्राविधान हेतु विकासकर्ताओं को 'इन्सेन्टिव' (यथा–उच्च/मिश्रित भू–उपयोग, उच्च घनत्व एवं एफ.ए. आर., भूखण्ड आमेलन, इत्यादि) के लिए प्राविधान कर पुनर्विकास योजनाएं क्रियान्वित किए जाने की व्यवस्था है। पुनर्विकास योजनाएं पूर्व से उपलब्ध फ्रीहोल्ड भूमि तथा इस नीति के अधीन फ्रीहोल्ड की गई भूमि पर बनाई जा सकेंगी। पुनर्विकास में निम्न प्रकृति के क्षेत्र शामिल हो सकते हैं:–

(I) रूग्ण/बन्द पड़ी औद्योगिक इकाईयां तथा ऐसी औद्योगिक इकाईयां जिन्हें पुनर्वासित करने का निर्णय शासन अथवा बी.एफ.आई.आर. द्वारा लिया जाता है, से अध्यासित भूमि।

(II) उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम, सिंचाई विभाग तथा अन्य विभागों की रिक्त/अप्रयुक्त भूमियां।

(III) ऐसी औद्योगिक इकाईयां, जो प्रदूषण अथवा पर्यावरणीय कारणों से 'नॉन–कन्फार्मिंग' हों अथवा विस्तार हेतु भूमि की अधिक आवश्यकता होने अथवा शहर के अन्दर कार्यशील रखने में व्यवहारिक कठिनाइयां होने के कारण अन्यत्र/वाह्य क्षेत्रों में पुनर्स्थापन की इच्छुक हों।

(IV) ऐसे क्षेत्र जिनकी संरचनात्मक दशा निम्न स्तरीय/दयनीय हो, भूमि का 'सब–ऑप्टिमल' उपयोग हो, भीड़युक्त तथा पर्याप्त अवस्थापना सुविधाओं एवं सेवाओं से वंचित हों।

(V) अन्य 'नॉन–कन्फार्मिंग' उपयोग यथा–कारागार, बस टर्मिनल/डिपो (बस स्टाप को छोड़कर), आदि जो कि शहरों के घने बसे/भीड़ वाले क्षेत्रों में स्थित हैं।

5.2.3 पुनर्विकास योजना हेतु सामान्य शर्तें एवं प्रतिबन्ध

(I) पुनर्विकास योजना हेतु भूमि का न्यूनतम क्षेत्रफल 1.0 हैक्टेयर होगा।

(II) पुनर्विकास योजनाएं शासकीय अभिकरणों, निजी विकासकर्ताओं, भू–स्वामियों एवं सहकारी आवास समितियों द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि पर बनाई जा सकेंगी।

(III) पुनर्विकास योजना के क्रियान्वयन हेतु पुराने/जीर्ण भवनों के ध्वस्तीकरण की अनुमति सक्षम स्तर (स्थानीय निकाय/विकास प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद्/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण/नियन्त्रक प्राधिकारी) से देय होगी।

(IV) पट्टागत लीज़होल्ड भूमि, पट्टागत नजूल भूमि, 'इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट' की पट्टागत भूमि, राजस्व की भूमि, औद्योगिक भूमि, शासकीय अभिकरणों द्वारा पट्टे पर आवंटित भूमि तथा अन्य विभागों की पट्टागत भूमि पर भी पुनर्विकास योजना अनुमन्य होगी, परन्तु अवैध कब्ज़ों से अन्तर्ग्रस्त किसी प्रकार की भूमि पर पुनर्विकास अनुमन्य नही होगा।

(V) पुनर्विकास योजना बनाने हेतु पट्टागत भूमि को सर्वप्रथम इस नीति की व्यवस्थानुसार फ्रीहोल्ड कराना अनिवार्य होगा। फ्रीहोल्ड कराने और पुनर्विकास योजना बनाने हेतु समकालिक रूप से कार्यवाही की जा सकेगी।

(VI) पुनर्विकास हेतु पात्र विभिन्न प्रकृति की भूमियों का उप–विभाजन करने पर पुनर्विकास की अनुमति नहीं होगी।

5.2.4 पुनर्विकास योजना के लिए मानक

(I) पुनर्विकास योजना के अन्तर्गत निजी स्वामित्व की भूमियों हेतु निम्नवत भू–उपयोग अनुमन्य होगा:–

| भूमि का क्षेत्रफल (हैक्टेयर) | भू–उपयोग/अंश (प्रतिशत) | | |
|---|---|---|---|
| | सड़कें, पार्क एवं खुले क्षेत्र | शासकीय अभिकरण का अंश | भूस्वामी का अंश |
| 1–5 | 30 | 25 | 45 |
| 5 से अधिक | 30 | 20 | 50 |

(II) शहरों के अन्दर स्थित ऐसे प्रदूषणकारी/खतरनाक औद्योगिक इकाइयां, जो प्रदूषण के दृष्टिकोण से मानवीय स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के लिए हानिकारक हैं, को जनहित में शहरों के बाहर स्थानान्तरित करने का प्रयास किया जायेगा, जिसके लिए पुनर्विकास योजनान्तर्गत भू–स्वामी का अंश उक्त तालिका में निर्धारित अंश से 5 प्रतिशत अधिक होगा तथा शासकीय अभिकरण का अंश तद्नुसार 5 प्रतिशत कम होगा।

(III) ले–आउट प्लान के अन्तर्गत शासकीय अभिकरण के अंश की गणना 'भूमि' के क्षेत्रफल को दृष्टिगत रखते हुए 'टेलिस्कोपिक' ढंग से की जाएगी।

(IV) उपरोक्त तालिकानुसार भूमि का उपयोग सम्पूर्ण योजना के क्षेत्रफल से कॉमन एप्रोच रोड के क्षेत्रफल को घटाकर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सड़कें, पार्क एवं खुले क्षेत्र तथा शासकीय अभिकरण का अंश और ले–आउट प्लान प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किए जाएंगे, ताकि उक्त भूमि पहुंच एवं उपयोग की दृष्टि से उपयुक्त लोकेशन में हो।

(V) तालिकानुसार सड़कें, पार्क एवं खुले क्षेत्र हेतु निर्धारित अंश के अतिरिक्त शासकीय अभिकरण अथवा भू–स्वामी के अंश के अन्तर्गत ले–आउट प्लान बनाते समय प्रचलित भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार वांछित सड़कें, पार्क एवं खुले क्षेत्र तथा अन्य सामुदायिक सुविधाओं एवं सेवाओं के प्राविधान किए जाएंगे।

(VI) पुनर्विकास योजनान्तर्गत 'सेल्फ–कन्टेन्ड' विकास के लिए विभिन्न उपयोगों का मानकों के अनुसार संतुलित रूप से प्राविधान किया जाएगा।

(VII) पुनर्विकास योजनान्तर्गत रेनवाटर हार्वेस्टिंग, सोलर वाटर हीटिंग सिस्टम, लैण्डस्केप प्लान और शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्तियों की सुरक्षा, संरक्षा एवं प्रयोज्यता के लिए सुविधाओं का प्राविधान प्रचलित भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार सुनिश्चित किया जाएगा।

(VIII) पुनर्विकास योजनान्तर्गत नॉन–मोटराइज्ड वाहनों यथा–साइकिल, रिक्शा, आदि को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त पैदल यात्रियों तथा साइकिल चालकों के सुरक्षित आवागमन हेतु फुटपाथ, साइकिल ट्रैक्स के प्राविधान को प्रोत्साहित किया जाएगा और मुख्य मार्गों से समुचित 'कनैक्टिविटी' प्रदान की जाएगी।

(IX) पुनर्विकास योजना बनाने हेतु अन्य अपेक्षाएं प्रचलित जोनिंग रेगुलेशन्स तथा भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार होंगी।

5.2.5 पुनर्विकास योजनान्तर्गत विकासकर्ताओं को अनुमन्य 'इन्सेन्टिव'

(I) भूमि के उच्च उपयोग/मिश्रित उपयोग की अनुमति के लिए शासन द्वारा निःशुल्क भू-उपयोग परिवर्तन किया जाएगा।

(II) पुनर्विकास योजना के अन्तर्गत चिन्हित भू-स्वामी/विकासकर्ता की सम्पूर्ण भूमि पर एफ.ए.आर अनुमन्य होगा।

(III) योजना के सम्पूर्ण क्षेत्रफल पर मिश्रित उपयोग अनुमन्य होगा, जिस हेतु विकसित क्षेत्र में क्रय-योग्य सहित अधिकतम 3.0 एफ.ए.आर. तथा नए/अविकसित क्षेत्र में क्रय-योग्य सहित अधिकतम 4.0 एफ.ए.आर. इस प्रतिबन्ध के साथ अनुमन्य होगा कि भौतिक एवं सामाजिक अवस्थापना सुविधाओं (यथा-ड्रेनेज, सीवरेज़, जलापूर्ति, विद्युत-आपूर्ति, सालिडवेस्ट मैनेजमेन्ट, पार्क एवं खुले क्षेत्र, शैक्षिक, चिकित्सा एवं सामुदायिक सुविधाओं) का मानकों के अनुसार प्राविधान अनुमन्य एफ.ए. आर. के सापेक्ष प्राप्त होने वाली डेन्सिटी/जनसंख्या के आधार पर किया जाएगा।

(IV) विकासकर्ता/भूस्वामी को बेसिक एफ.ए.आर. का 25 प्रतिशत अतिरिक्त एफ.ए.आर. निःशुल्क अनुमन्य होगा, जो प्रस्तर (III) में क्रय-योग्य एफ.ए.आर. सहित अनुमन्य एफ.ए.आर. की सीमान्तर्गत होगा और उसके सापेक्ष समानुपातिक आधार पर घनत्व में वृद्धि अनुमन्य होगी।

(V) 'ग्रीन बिल्डिंग' बनाए जाने की दशा में 5 प्रतिशत अतिरिक्त एफ.ए.आर. निःशुल्क अनुमन्य होगा और उसके सापेक्ष समानुपातिक आधार पर घनत्व में वृद्धि अनुमन्य होगी।

(VI) पुनर्विकास योजना का ले-आउट प्लान बनाने के प्रयोजनार्थ भूमि/सम्पत्तियों के 'अमलगमेशन' की अनुमति होगी।

5.2.6 पुनर्विकास योजनान्तर्गत विकासकर्ताओं के दायित्व

(I) निःशुल्क भू-उपयोग परिवर्तन एवं निःशुल्क एफ.ए.आर. के एवज़ में विकासकर्ता द्वारा पार्क एवं खुले क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाली भूमि तथा शासकीय अभिकरण के अंश की भूमि निःशुल्क एवं निर्विवाद रूप से शासकीय अभिकरण को हस्तान्तरित की जाएगी।

(II) पुनर्विकास योजना हेतु चयनित ऐसी भूमि जिस पर निवास कर रहे अध्यासियों का विधिक स्वामित्व हो, को विकासकर्ता द्वारा न्यूनतम 25 वर्गमीटर निर्मित तल क्षेत्रफल की निःशुल्क वैकल्पिक आवास की व्यवस्था की जाएगी।

(III) आवासीय अथवा मिश्रित उपयोग की पुनर्विकास योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या-3188/आठ-1-13-80विविध/2010, दिनांक 05.12.13 की व्यवस्थानुसार ई.डब्ल्यू.एस. एवं एल.आई.जी. परिवारों के लिए क्रमशः 10-10 प्रतिशत (कुल 20 प्रतिशत) भवनों का निर्माण करना अनिवार्य होगा।

(IV) विकासकर्ता द्वारा पुनर्विकास योजना के सम्बन्ध में (जहां आवश्यक हो) पर्यावरणीय स्वीकृति, एअरपोर्ट फनेल जोन, सुरक्षा जोन, हेरिटेज जोन एवं अन्य विधिक अनापत्तियों के सम्बन्ध में स्वयं अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त किये जाएंगे।

5.2.7 पुनर्विकास योजना के अनुमोदन की प्रक्रिया

(I) विकासकर्ता द्वारा पुनर्विकास योजना की स्वीकृति हेतु आवेदन–पत्र प्रचलित भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में निर्धारित व्यवस्थानुसार सक्षम प्राधिकारी (विकास प्राधिकरण/आवास एवं विकास परिषद्/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण/नियन्त्रक प्राधिकारी) को प्रस्तुत किया जाएगा।

(II) पुनर्विकास योजना के ले–आउट प्लान अनुमोदन के समय विकासकर्ता द्वारा शासकीय अभिकरण को भू–स्वामी की भूमि के अंश के सापेक्ष प्रचलित नियमों के अनुसार विकास शुल्क एवं अन्य शुल्क देय होंगे।

5.2.8 एक हेक्टेयर से कम भूमि के पुनर्विकास हेतु व्यवस्था

एक हेक्टेयर से कम भूमि जिस पर रूग्ण उद्योग, बस टर्मिनल/डिपो, इत्यादि विद्यमान हैं, ऐसी भूमियों की स्थिति एवं मार्केट 'पोटेन्शियल' को दृष्टिगत रखते हुए महायोजना भू–उपयोग के अनुसार अथवा परिवर्तन अनुमन्य करते हुए उसके इष्टतम उपयोग हेतु पुनर्विकास/पुनर्निर्माण की अनुमति दी जाएगी। ऐसी भूमि के पुनर्विकास हेतु विकासकर्ताओं को इस नीति की व्यवस्थानुसार किसी प्रकार के इन्सेन्टिव अनुमन्य नहीं होंगे।

6– इस सम्बन्ध में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि पट्टागत नजूल भूमि के फ्री–होल्ड के लिए शासनादेश संख्या–01/416/8–4–14–137एन/2013, दिनांक 4.3.2014 द्वारा प्रक्रिया निर्धारित की जा चुकी है तथा अन्य राजकीय विभागों द्वारा अपनी पट्टागत भूमियों के फ्री–होल्ड, प्रबन्धन एवं निस्तारण हेतु अपनी विभागीय नीतियों/नियमों के अधीन कार्यवाही की जायेगी।

कृपया उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

12/12/14

(सदा कान्त)
प्रमुख सचिव

संख्या– (1)/आठ–1–2014, तद्‌दिनांक।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
4. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
5. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
6. निदेशक, आवास बन्धु, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि प्रश्नगत नीति को समस्त सम्बन्धितों को अपने स्तर से उपलब्ध कराते हुए इसे आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की वेबसाइट पर तत्काल अपलोड कराना सुनिश्चित करें ।
7. आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के समस्त अनुभाग।
8. गार्ड बुक।

आज्ञा से

(शिवजनम चौधरी)
संयुक्त सचिव

संख्या- 13/2022/1174/आठ-4-2022-02ट्रस्ट/2016

प्रेषक,

रणवीर प्रसाद,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश/ अध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।
2. समस्त उपाध्यक्ष,
विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक: 05 नवम्बर, 2022

विषयः पट्टागत भूमि के फ्रीहोल्ड एवं पुनर्विकास हेतु प्रक्रिया का निर्धारण विषयक शासनादेश दिनांक 12.12.2014 में इम्प्रूवमेण्ट ट्रस्ट की पट्टागत परिसम्पत्तियों के फ्रीहोल्ड एवं पुनर्विकास योजना से सम्बन्धित प्राविधानों को नवीन नीति के निर्गत होने तक स्थगित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-72/3488/आठ-1-14-30विविध/2014, दिनांक 12.12.2014 द्वारा विकास प्राधिकरणों/ उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद की योजनाओं में भूखण्डों/ भवनों के फ्रीहोल्ड तथा नजूल भूमि को छोड़कर अन्य पट्टागत भूमियों यथा-इम्प्रूवमेण्ट ट्रस्ट/ रियायती दरों की पट्टागत भूमियों के फ्रीहोल्ड एवं पुनर्विकास हेतु प्रक्रिया, दरों व शर्तों/ प्रतिबन्धों का निर्धारण किया गया है। शासनादेश दिनांक 12.12.2014 में इम्प्रूवमेण्ट ट्रस्ट की समाप्त पट्टागत सम्पत्तियों के प्रबन्धन, निस्तारण एवं फ्रीहोल्ड की कोई व्यवस्था नहीं है और न ही प्रीमियम लेकर पट्टागत अथवा आंशिक प्रीमियम या लीज रेन्ट पर पट्टागत इम्प्रूवमेण्ट ट्रस्ट की परिसम्पत्तियों के फ्रीहोल्ड की दरों को अलग-अलग रखा गया है। मात्र अन्य पट्टागत भूमियों के फ्रीहोल्ड की निर्धारित व्यवस्था में 1.0 हेक्टेयर से कम क्षेत्रफल की इम्प्रूवमेण्ट ट्रस्ट की पट्टागत परिसम्पत्तियों को प्रभावी सर्किल रेट के 15 प्रतिशत की दर पर फ्रीहोल्ड किये जाने तथा 1.0 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल की पट्टागत इम्प्रूवमेण्ट ट्रस्ट की परिसम्पत्तियों को प्रभावी सर्किल रेट के 10 प्रतिशत की दर पर फ्रीहोल्ड किये जाने की सामान्य व्यवस्था रखी गयी है तथा पुनर्विकास योजना भी अनुमन्य करायी गयी है।

2. सन्दर्भगत शासनादेश दिनांक 12.12.2014 में प्रीमियम लेकर अथवा आंशिक प्रीमियम या लीज रेन्ट पर पट्टागत इम्प्रूवमेण्ट ट्रस्ट की परिसम्पत्तियों के फ्रीहोल्ड हेतु समान दर होने तथा समाप्त पट्टागत परिसम्पत्तियों के फ्रीहोल्ड की कोई व्यवस्था नहीं होने के दृष्टिगत प्रीमियम लेकर पट्टागत अथवा आंशिक प्रीमियम या लीज रेन्ट पर पट्टागत इम्प्रूवमेण्ट ट्रस्ट की परिसम्पत्तियों तथा

2/-

समाप्त पट्टागत परिसम्पत्तियों के फ्रीहोल्ड की दरें एवं शर्तें निर्धारित कर नई नीति बनाये जाने की कार्यवाही शासन स्तर पर विचाराधीन है।

3. नई नीति निर्गत किये जाने पर विकास प्राधिकरणों की आय में बढ़ोत्तरी होगी किन्तु नई नीति निर्गत किये जाने में अभी समय लगने की सम्भावना है और इस सम्बन्ध में प्रभावी शासनादेश दिनांक 12.12.2014 में इम्प्रूवमेण्ट ट्रस्ट की परिसम्पत्तियों के फ्रीहोल्ड सम्बन्धी व्यवस्थाओं/ प्राविधानों को स्थगित नहीं किया जाता है तो विकास प्राधिकरणों को भारी राजस्व की हानि होगी।

4. अतः इस सम्बन्ध में सम्यक विचारोपरान्त सन्दर्भगत शासनादेश दिनांक 12.12.2014 में इम्प्रूवमेण्ट ट्रस्ट की पट्टागत परिसम्पत्तियों के फ्रीहोल्ड एवं पुनर्विकास योजना से सम्बन्धित व्यवस्थाओं को नई नीति निर्गत होने तक तात्कालिक प्रभाव से स्थगित किये जाने तथा ऐसे मामले, जिनमें फ्रीहोल्ड-विलेख निष्पादित नहीं हुआ है, पर तात्कालिक प्रभाव से रोक लगाये जाने की राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करती हैं।

कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(रणवीर प्रसाद)

सचिव।

संख्या-13/2022/1174(1)/आठ-4-2022-02ट्रस्ट/2016, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. प्रमुख स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3. आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. अध्यक्ष, समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
6. नियंत्रक प्राधिकारी, समस्त विनियमित क्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
7. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. निदेशक, आवास बन्धु, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस निर्देश सहित प्रेषित कि इस शासनादेश को समस्त सम्बन्धितों को अपने स्तर से प्रेषित करते हुए इसे आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की वेबसाईट पर तत्काल अपलोड कराना सुनिश्चित करें।
9. आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के समस्त अनुभाग।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(लाल धीरेन्द्र राव)

संयुक्त सचिव।

# लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ

| | |
|---|---|
| प्रेषक,<br>सचिव<br>लखनऊ विकास प्राधिकरण,<br>नवीन भवन, गोमती नगर<br>लखनऊ।<br>संख्या-539/सचिव/मु0न0नि0/2021<br>दिनांक-20/10/2021 | सेवा में,<br>उप सचिव,<br>आवास एवं शहरी नियोजन, अनुभाग-8<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। |

विषयः- भूखण्ड सं0-148ए, इण्डिस्ट्रियल एरिया योजना, तालकटोरा रोड, लखनऊ का औद्योगिक भू-उपयोग से आवासीय भू-उपयोग में परिवर्तन करने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक स्वकीय पत्र सं0-1695/आठ-8-2021-07 एल.यू.सी./2021 दि0 31 अगस्त, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड का औद्योगिक भू-उपयोग से आवासीय भू-उपयोग में परिवर्तन किये जाने के संबंध में भू-उपयोग परिवर्तन नियमावली-2014 के नियम-5 मे निहित प्राविधान के अनुसार प्रस्ताव का परीक्षण कर एवं शासनादेश संख्या-1374 दि0 29.12.2017 तथा शासन के पत्र सं0-712 दि0 03.01.2020 के क्रम में वांछित अभिलेख/सूचना सुसंगत अभिलेखों सहित उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है।

तदक्रम में अवगत कराना है कि आवेदक के पत्र के अनुसार लखनऊ महायोजना-2031 में प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग आवासीय प्रस्तावित है। आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 की अधिसूचना सं0-2281/8-3-194 विविध/14 दि0 11.12.2014 के अन्तर्गत प्रारूप-5(1) पर चालान सं0-100117766 के माध्यम से दि0 30.11.2018 मे जमा धनराशि रू0-1000.00 संलग्न करते हुए औद्योगिक भू-उपयोग से आवासीय भू-उपयोग में परिवर्तन हेतु आवेदन किया गया है।

यहां यह भी अवगत कराना है कि कथित भूखण्ड इण्डिस्ट्रियल एरिया योजना का भूखण्ड है, जिसकी फ्री-होल्डडीड औद्योगिक प्रयोजन हेतु प्राधिकरण द्वारा वर्ष-2019 मे निस्पादित की गयी। प्रभावी लखनऊ महायोजना-2031 के पैरा 9.1.7.3 के अनुसार- यदि अधिनियम के अन्तर्गत किसी परिक्षेत्र (जोन) की परिक्षेत्रीय विकास योजना या किसी स्थल का ले-आउट प्लान सक्षम स्तर से अनुमोदित है तो ऐसी स्थिति में उक्त स्थल/भूखण्ड का अनुमन्य भू-उपयोग परिक्षेत्रीय विकास योजना या विन्यास मानचित्र में निर्दिष्ट उपयोग के अनुसार होगा।

प्रभावी लखनऊ महायोजना-2031 के उपर्युक्त वर्णित पैरा 9.1.7.3 के रेखांकित अंश के अनुसार कथित भूखण्ड का आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 की अधिसूचना सं0-2281/8-3-194विविध/14 दि0 11.12.2014 तथा आवास अनुभाग-3 की अधिसूचना सं0-2438/9-आ-3-98-60एल.यू.सी./96 दि0 13.10.1998 के अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन (योजना के अनुमोदित तलपट मानचित्र में निर्धारित भू-उपयोग का महायोजना में विर्निदिष्ट भू-उपयोग में परिवर्तन) के संबंध में यथावश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्राधिकरण के पत्र सं0-1051/सचिव/मु0न0नि0/2020 दिनांक 20.06.2020 के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश के संबंध मे पत्र प्रेषित है (छायाप्रति संलग्न)।

प्रश्नगत प्रकरण में शासन से दिशा निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त शासन के निर्देशो के क्रम में ही आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया जा सकेगा।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय

(पवन कुमार गंगवार)
सचिव

docket 551

112

तत्काल

संख्याः 1695 /आठ–8–2021–07एल0यू0सी0/2021

प्रेषक,

मनोज कुमार मौर्य,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–8 लखनऊ :दिनांकः 31 अगस्त, 2021

विषयः– भूखण्ड संख्या–148ए इण्डिस्ट्रियल एरिया योजना तालकटोरा रोड, लखनऊ का "औद्योगिक" भू–उपयोग से "आवासीय" भू–उपयोग में परिवर्तन किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या 1051/सचिव/मु0न0नि0/2020 दिनांक 20.06.2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भूखण्ड संख्या–148ए इण्डिस्ट्रियल एरिया योजना तालकटोरा रोड, लखनऊ का "औद्योगिक" भू–उपयोग से "आवासीय" भू–उपयोग में परिवर्तन किये जाने के संबंध में भू–उपयोग परिवर्तन नियमावली, 2014 के नियम–5 में निहित प्राविधान के अनुसार प्रस्ताव का परीक्षण कर एवं शासनादेश संख्या–1374/आठ–8–17–60एल0यू0 सी0/2017, दिनांक 29.12.2017 तथा शासन के पत्र संख्या–712/आठ–8–19–28एल0यू0सी0/2019 दिनांक 03.01.2020 के क्रम में वांछित अभिलेख/ सूचना सुसंगत अभिलेखों सहित शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मनोज कुमार मौर्य)
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि श्री तेजेन्द्र गर्ग, मैनेजिंग डायरेक्टर दी इण्डस्ट्रियल गैसेस लि0, 148 तालकटोरा रोड, लखनऊ 226004 को सूचनार्थ प्रेषित।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार मौर्य)
उप सचिव।

# लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ

| प्रेषक, | सेवा में, |
|---|---|
| सचिव<br>लखनऊ विकास प्राधिकरण,<br>नवीन भवन, गोमती नगर<br>लखनऊ।<br>संख्या– 1119/सचिव/C.T.P/20<br>दिनांक– 28.08.2020 | विशेष सचिव,<br>लोक शिकायत अनुभाग–3,<br>मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय,<br>लखनऊ। |

विषय–

आई.जी.आर.एस. सन्दर्भ सं0–60000200078796, दिनांक 23.06.2020 के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जो औद्योगिक भू–उपयोग से आवासीय भू–उपयोग में परिवर्तन करने के संबंध में है।

तदक्रम में अवगत कराना है कि कथित भूखण्ड इण्डिस्ट्रियल एरिया योजना का भूखण्ड है, जिसकी फ्री–होल्ड डीड औद्योगिक प्रयोजन हेतु प्राधिकरण द्वारा वर्ष–2019 मे निस्पादित की गयी। प्रभावी लखनऊ महायोजना–2031 के पैरा 9.1.7.3 के अनुसार– यदि अधिनियम के अन्तर्गत किसी परिक्षेत्र (जोन) की परिक्षेत्रीय विकास योजना या किसी स्थल का ले–आउट प्लान सक्षम स्तर से अनुमोदित है तो ऐसी स्थिति में उक्त स्थल/भूखण्ड का अनुमन्य भू–उपयोग परिक्षेत्रीय विकास योजना या विन्यास मानचित्र में निर्दिष्ट उपयोग के अनुसार होगा।

उल्लेखनीय है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत नियोजित कालोनियों में भू–उपयोग परिवर्तन/इम्पैक्ट फीस लेकर आवासीय भूखण्डों पर अनावासीय कियांओ की अनुमन्यता के संबंध में "प्राधिकरण के पत्र सं0–62/उपा./मु.न.नि./2017 दिनांक 12.6.17 के माध्यम से प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग उ0प्र0 शासन, लखनऊ से दिशा निर्देश प्राप्त करने के संबंध में पत्र प्रेषित किया गया है ।

प्रभावी लखनऊ महायोजना–2031 के उपर्युक्त वर्णित पैरा 9.1.7.3 के रेखांकित अंश के अनुसार कथित भूखण्ड का आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 की अधिसूचना सं0–2281/8–3–194विविध/14 दि0 11.12.2014 तथा आवास अनुभाग–3 की अधिसूचना सं0–2438/9–आ–3–98–60एल.यू. सी./96 दि0 13.10.1998 के अन्तर्गत भू–उपयोग परिवर्तन (योजना के अनुमोदित तलपट मानचित्र में निर्धारित भू–उपयोग का महायोजना में विर्निदिष्ट भू–उपयोग में परिवर्तन) के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश हेतु प्राधिकरण के पत्र संख्या–1051/सचिव/मु.न.नि./2020 दिनांक 20.06.2020 (छायाप्रति संलग्न) विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन, अनुभाग–8,

114

उ0प्र0 शासन, लखनऊ को पत्र सन्दर्भित है। शासन से दिशा–निर्देश प्राप्त होने के उपरान्त ही सन्दर्भित प्रकरण पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। उपरोक्तानुसार अवगत होने का कष्ट करे।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय

(एम0पी0 सिंह)
सचिव

प्रतिलिपि–

1. आवेदक **Shri Tejendra Garg,** 6/1 Belvendere Road Alipore Kolkata-700027 Email-indusgases@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।
2. प्रभारी अधिकारी–आई.जी.आर.एस. को इस आशय से प्रेषित कि उक्त आई.जी.आर.एस. सन्दर्भ सं0–60000200078796, दिनांक 23.06.2020 को नियोजन अनुभाग से निक्षेपित कराने का कष्ट करें।

by hand
16.09.2020

(एम0पी0 सिंह)
सचिव
O/c

अनुलग्नक-2.1

115

# लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ

| प्रेषक, | सेवा में, |
|---|---|
| सचिव<br>लखनऊ विकास प्राधिकरण,<br>नवीन भवन, गोमती नगर<br>लखनऊ।<br>संख्या–105/सचिव/मु0न0नि0/2020<br>दिनांक– 20.06.2020 | विशेष सचिव,<br>आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–8,<br>उ0प्र0 शासन,<br>लखनऊ। |

विषय

भूखण्ड संख्या–148ए, इण्डिस्ट्रियल एरिया योजना, तालकटोरा रोड, लखनऊ का औद्योगिक भू–उपयोग से आवासीय भू–उपयोग में परिवर्तन करने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक आवेदक मेसर्स दि इण्डिस्ट्रियल गैसेज लि0 द्वारा मैनेजिंग डायरेक्टर श्री तेजेन्द्र गर्ग के पत्र दि0 02.12.2019, (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। आवेदक के पत्र के अनुसार लखनऊ महायोजना–2031 में प्रश्नगत स्थल का भू–उपयोग आवासीय प्रस्तावित है। आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 की अधिसूचना संख्या –2281/8–3–194 विविध/14 दि0 11.12.2014 के अन्तर्गत प्रारूप–5(1) पर चालान संख्या–100117766 के माध्यम से दि0 30.11.2018 मे जमा धनराशि रू0–1000.00 संलग्न करते हुए औद्योगिक भू–उपयोग से आवासीय भू–उपयोग में परिवर्तन हेतु आवेदन किया गया है।

अवगत कराना है कि कथित भूखण्ड इण्डिस्ट्रियल एरिया योजना का भूखण्ड है, जिसकी फ्री–होल्डडीड औद्योगिक प्रयोजन हेतु प्राधिकरण द्वारा वर्ष–2019 मे निस्पादित की गयी। प्रभावी लखनऊ महायोजना–2031 के पैरा 9.1.7.3 के अनुसार– यदि अधिनियम के अन्तर्गत किसी परिक्षेत्र (जोन) की परिक्षेत्रीय विकास योजना या किसी स्थल का ले–आउट प्लान सक्षम स्तर से अनुमोदित है तो ऐसी स्थिति में उक्त स्थल/भूखण्ड का अनुमन्य भू–उपयोग परिक्षेत्रीय विकास योजना या विन्यास मानचित्र में निर्दिष्ट उपयोग के अनुसार होगा।

उल्लेखनीय है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत नियोजित कालोनियों में भू–उपयोग परिवर्तन/इम्पैक्ट फीस लेकर आवासीय भूखण्डों पर अनावासीय कियांओ की अनुमन्यता के संबंध में "प्राधिकरण के पत्र सं0–62/उपा./मु.न.नि./2017 दिनांक 12.6.17 के माध्यम से प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन विभाग उ0प्र0 शासन, लखनऊ से दिशा निर्देश प्राप्त करने के संबंध में पत्र प्रेषित किया गया है (छायाप्रति संलग्न)।

प्रभावी लखनऊ महायोजना–2031 के उपर्युक्त वर्णित पैरा 9.1.7.3 के रेखांकित अंश के अनुसार कथित भूखण्ड का आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 की अधिसूचना संख्या–2281/8–3–194विविध/14 दि0 11.12.2014 तथा आवास अनुभाग–3 की अधिसूचना संख्या–2438/9–आ–3–98–60एल.यू.सी./96 दिनांक 13.10.1998 के अन्तर्गत भू–उपयोग परिवर्तन (योजना के अनुमोदित तलपट मानचित्र में निर्धारित भू–उपयोग का महायोजना में विर्निदिष्ट भू–उपयोग में परिवर्तन) के संबंध में यथावश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें। यह पत्र उपाध्यक्ष महोदय की सहमति/अनुमोदन दिनांक 05.06.2020 के क्रम में प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(एम0पी0 सिंह) 1/6/20
सचिव

अनुलग्नक-3

116

संख्या-2448/आठ-8-2021-07 एल.यू.सी./2021

प्रेषक,

डॉ अरविन्द कुमार चौरसिया,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-8 लखनऊ दिनांक 31 दिसम्बर, 2021

विषय: भूखण्ड संख्या-148ए, इण्डिस्ट्रियल एरिया योजना, तालकटोरा रोड, लखनऊ का औद्योगिक भू उपयोग से आवासीय भू-उपयोग में परिवर्तन करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने 1051/सचिव/मु0न0नि0/2020 दिनांक 20.06.2020 एवं पत्र संख्या-439/सचिव/मु0न0नि0/2021 दिनांक 20.10.2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त भूखण्ड संख्या-148ए, इण्डिस्ट्रियल एरिया योजना, तालकटोरा रोड, लखनऊ का "औद्योगिक" से "आवासीय" भू-उपयोग में परिवर्तन की अनुमति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान की जाती है:-

(1) शासनादेश संख्या-2438/9-आ-3 98-60एलयूसी/96 दिनांक 13.10.1998 के अनुसार भूखण्ड संख्या 148 ए, इण्डिस्ट्रियल एरिया योजना, तालकटोरा रोड, लखनऊ के ले-आउट में संशोधन कर संदर्भित भूखण्ड का भू-उपयोग "औद्योगिक" से "आवासीय" में परिवर्तन हेतु लखनऊ विकास प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक में प्रकरण को प्रस्तुत कर अपेक्षित निर्णय लिया जाय।

(2) शासनादेश दिनांक 13.10.1998 के अनुसार उक्त भूखण्ड का "औद्योगिक" से "आवासीय" भू-उपयोग में परिवर्तन हेतु भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क लिया जायेगा।

(3) उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली 2014 में निर्धारित भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क जमा कराया जायेगा।

कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही कराते हुए कृत कार्यवाही की पूर्ण सूचना/आख्या संगत अभिलेखों सहित शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डॉ अरविन्द कुमार चौरसिया)
विशेष सचिव।

संख्या 2448 (1)/आठ-8-2021-07 एल.यू.सी./2021 तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) अध्यक्ष/मण्डलायुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ।
(2) श्री तेजेन्द्र गर्ग, प्रबन्ध निदेशक, दि इण्डस्ट्रियल गैसेज प्रा0लि0, 15, गणेश चन्द्र ऐवन्यू, कोलकाता पिन-700013
(3) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार मौर्य)
उप सचिव।

विषय संख्याः 11 पृष्ठ संख्याः 117

**विषयः उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2021 के प्राविधानों के क्रम में विकास शुल्क दर के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में।**

आख्याः

उत्तर प्रदेश शासन, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभगा–3 की अधिसूचना संख्या–558/आठ–3–21–211विविध/13 टी0सी0 दिनांक 09 फरवरी, 2021 द्वारा विकास शुल्क का निर्धारण, उद्दग्रहण एवं संग्रहण (प्रथम संशोधन) नियमावली–2021 अनुसूची का संशोधन नियम–8 के पैरा–8 में लखनऊ विकास क्षेत्र हेतु रू0 2040.00 प्रति वर्गमी0 दर निर्धारित की गयी है। उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास नियमावली–2021 के नियम–8 ''विकास शुल्क की दरें प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक वर्ष 15 फरवरी तक आयकर विभाग की लागत मुद्रा स्फीति सूचकांक के अनुसार पुनरीक्षित की जायेंगी और प्राधिकरण बोर्ड के अनुमोदन से दिनांक 01 अप्रैल से प्रवर्तित की जायेगी।'' के अनुपालन में पुनरीक्षित विकास शुल्क की गणना निम्नवत् हैः–

- मुद्रास्फीति सूचकांक वर्ष–2022–23 331
- मुद्रास्फीति सूचकांक वर्ष–2020–21 301
- वर्ष 2020–21 के सापेक्ष बढ़ोत्तरी 30 (9.966 प्रतिशत)
- मुद्रा स्फीति सूचकांक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु प्रस्तावित विकास शुल्क की दर – 2040.00+2040.00 x 9.966%= रू0 2243.32 अर्थात रू0 2245.00 प्रति वर्गमी0

अतः उपरोक्तानुसार उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2021 उत्तर प्रदेश शासन, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभगा–3 की अधिसूचना संख्या–558/ आठ–3–21–211विविध/13 टी0सी0 दिनांक 09 फरवरी, 2021 के प्राविधानों के क्रम में वित्तीय वर्ष–2023–24 हेतु विकास शुल्क उद्ग्रहण दर रू0 2245.00 प्रति वर्गमी0 किये जाने का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है।

प्रस्ताव :

**उपर्युक्त आख्या के परिप्रेक्ष्य में उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2021 उत्तर प्रदेश शासन, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभगा–3 की अधिसूचना संख्या–558/ आठ–3–21–211विविध/13 टी0सी0 दिनांक 09 फरवरी, 2021 के प्राविधानों के क्रम में वित्तीय वर्ष–2023–24 हेतु विकास शुल्क उद्ग्रहण दर रू0 2245.00 प्रति वर्गमी0 किये जाने का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।**

(अतुल शर्मा)
अवर अभि0 (प्लानिंग)

उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3
संख्या–558/आठ–3–21–211 विविध/13 टी.सी.
लखनऊ : दिनांक : 09 फरवरी, 2021

## अधिसूचना

उत्तर प्रदेश साधारण खण्ड अधिनियम, 1904 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 1 सन् 1904) की धारा 21 के साथ पठित उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–11 सन् 1973) की धारा 55 की उपधारा (2) के खण्ड (ग) और धारा 15 की उपधारा (2–क) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके राज्यपाल उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली, 2014 में संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाती हैं :–

**उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2021**

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. (1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2021 कही जायेगी।

(2) यह गजट में प्रकाशित किये जाने दिनांक से प्रवृत्त होगी।

नियम 3 का संशोधन

2. उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली, 2014 (जिसे आगे उक्त नियमावली कहा गया है) में, नियम–3 में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये उप नियम (पांच) और (छ:) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिये गये उप नियम रख दिये जायेंगे, अर्थात :–

| स्तम्भ–1<br>विद्यमान उपनियम | स्तम्भ–2<br>एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम |
|---|---|
| (पांच) जहाँ कोई आवेदन पूर्व में दी गई भवन परमिट या विकास परमिट के पुनरीक्षण की वैधता अवधि के भीतर प्रस्तुत किया गया हो और जिसके लिए विकास शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया गया हो:<br>परन्तु यह कि जहां पूर्व में दी गई भवन परमिट या विकास परमिट की वैधता अवधि की समाप्ति के पश्चात् कोई आवेदन प्रस्तुत किया गया हो, वहां पूर्व में भुगतान किए गए विकास शुल्क के समायोजन के पश्चात् विकास शुल्क का उद्ग्रहण ऐसे आवेदन के दिनांक को लागू दर पर किया जाएगा:<br>परन्तु यह और कि यदि पुनरीक्षित योजना के अन्तर्गत भूमि क्षेत्र में वृद्धि की जाती है, तो आवेदक इस नियमावली के अधीन इस प्रकार बढ़ाए गए भूमि क्षेत्र के लिए किये गये आवेदन के दिनांक को लागू दर पर विकास शुल्क का | (पांच) जहाँ कोई आवेदन पूर्व में दी गई भवन परमिट या विकास परमिट के पुनरीक्षण की वैधता अवधि के भीतर प्रस्तुत किया गया हो और जिसके लिए विकास शुल्क का भुगतान पहले ही कर दिया गया हो:<br>परन्तु यह कि जहाँ पूर्व में दी गई भवन परमिट या विकास परमिट की वैधता अवधि की समाप्ति के पश्चात् कोई आवेदन प्रस्तुत किया गया हो, वहाँ पूर्व में भुगतान किए गए विकास शुल्क के समायोजन के पश्चात् विकास शुल्क का उद्ग्रहण ऐसे आवेदन के दिनांक को लागू दर पर किया जाएगा:<br>परन्तु यह और कि यदि पुनरीक्षित योजना के अन्तर्गत भूमि क्षेत्र में वृद्धि की जाती है तो आवेदक इस नियमावली के अनुसार इस प्रकार बढ़ाए गए भूमि क्षेत्र के लिए किये गये आवेदन के दिनांक को लागू दर पर विकास शुल्क का |

| | |
|---|---|
| भुगतान करने के लिए दायी होगा। | भुगतान करने के लिए दायी होगा।<br>परन्तु यह भी कि जहाँ पूर्व में जारी की गयी भवन परमिट के अनुसार निर्माण करा लिया गया हो और पूर्व परमिट के अन्तर्गत आने वाली भूमि पर अतिरिक्त निर्माण के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया हो वहाँ ऐसे अतिरिक्त निर्माण हेतु अपेक्षित भूमि क्षेत्रफल के सापेक्ष पूर्व में भुगतान किए गए विकास शुल्क के समायोजन के पश्चात् विकास शुल्क का उद्ग्रहण ऐसे आवेदन के दिनांक को लागू दर पर किया जाएगा।<br>स्पष्टीकरण:<br>(क) अतिरिक्त निर्माण के लिए अपेक्षित भूमि क्षेत्रफल की गणना अतिरिक्त निर्माण हेतु प्रस्तावित तल क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) को वर्तमान में अनुमन्य आधारभूत फर्शी क्षेत्रफल अनुपात से विभाजित कर की जाएगी।<br>(ख) पूर्व में संदत्त विकास शुल्क की धनराशि का समायोजन आयकर विभाग के लागत मुद्रा स्फीति सूचकांक के अनुसार आवेदन के दिनांक को पुनरीक्षित करते हुये किया जायेगा। |
| (छ:) जहां अधिनियम के अधीन राज्य सरकार द्वारा विकास शुल्क के भुगतान से पूर्ण या आंशिक छूट प्रदान की गयी हो, वहां विकास शुल्क छूट की सीमा तक उद्ग्रहणीय नहीं होगा। | (छ:) जहाँ अधिनियम के अधीन अथवा मंत्रिपरिषद के अनुमोदन से जारी शासनादेश के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा विकास शुल्क के भुगतान से पूर्ण या आंशिक छूट प्रदान की गयी हो, वहाँ विकास शुल्क, छूट की सीमा तक उद्ग्रहणीय नहीं होगा। |

नियम 4 का संशोधन

3– उक्त नियमावली में, नियम–4 में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये उपनियम (1) के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया उपनियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

| स्तम्भ–1<br>विद्यमान उपनियम | स्तम्भ–2<br>एतद्द्वारा प्रतिस्थापित उपनियम |
|---|---|
| (1) विकास क्षेत्र में भवन परमिट या विकास परमिट के लिए नियम–3 के अधीन आवेदन प्रस्तुत करने के उपरान्त, विकास शुल्क का निर्धारण और संग्रहण भूमि खण्ड के कुल क्षेत्रफल के आधार पर किया जायेगा, जो इस नियमावली के साथ संलग्न अनुसूची 'क' में दी गयी दरों | (1) विकास क्षेत्र में भवन परमिट या विकास परमिट के लिए नियम 3 के अधीन आवेदन प्रस्तुत किये जाने पर विकास शुल्क का निर्धारण और संग्रहण, इस नियमावली से अनुलग्न अनुसूची 'ख' में दी गयी दरों और नीचे यथा विनिर्दिष्ट गुणन घटक द्वारा गुणांकित भूमि खण्ड |

और नीचे विनिर्दिष्ट गुणन–घटक द्वारा गुणित होगाः–

| भूमि खण्ड का क्षेत्र (हेक्टेयर) | गुणन–घटक |
|---|---|
| 0.2 तक | 1.0 |
| 0.2 से अधिक और 01 तक | 0.9 |
| 01 से अधिक और 05 तक | 0.8 |
| 05 से अधिक और 10 तक | 0.6 |
| 10 से अधिक | 0.4 |

परन्तु यह कि यदि आवेदक के स्वामित्वाधीन भूखण्ड का कोई भाग महायोजना या परिक्षेत्रीय विकास योजना के अन्तर्गत सड़क, पार्क और खुले स्थान या ग्रीन बेल्ट हेतु उद्दिष्ट किया गया हो, तो विकास शुल्क की गणना ऐसी भूमि के क्षेत्र को स्कीम के कुल क्षेत्र से कम करने के पश्चात की जायेगी जो इस शर्त के अधीन होगी कि सम्पूर्ण भूखण्ड समीपस्थ हो और आवेदक ने ऐसी भूमि यथा सड़क, पार्क और खुले स्थान या ग्रीन बेल्ट का विकास अपनी लागत पर करने का दायित्व लिया हो।

स्पष्टीकरण :– इस नियम के प्रयोजनार्थ

(क) अनुसूची 'क' में दिये गये दर, प्राधिकरण को आवेदन प्रस्तुत किये जाने के दिनांक को लागू दर होंगे।

(ख) महायोजना या परिक्षेत्रीय विकास योजना के अन्तर्गत सड़क, पार्क, खुले स्थान या ग्रीन बेल्ट के लिये चिन्हित भूमि, जैसा कि आवेदक के स्वामित्वाधीन हो, ही विकास परमिट हेतु आवेदन में सम्मिलित की जा सकती है।

के कुल क्षेत्रफल के आधार पर लिया जायेगाः–

| भूमि खण्ड का क्षेत्र (हेक्टेयर) | गुणन–घटक |
|---|---|
| 0.2 तक | 1.0 |
| 0.2 से अधिक और 01 तक | 0.9 |
| 01 से अधिक और 05 तक | 0.8 |
| 05 से अधिक और 10 तक | 0.6 |
| 10 से अधिक | 0.4 |

परन्तु यह कि यदि आवेदक के स्वामित्वाधीन भूखण्ड का कोई भाग, महायोजना या परिक्षेत्रीय विकास योजना के अन्तर्गत सड़क, पार्क और खुले स्थान या ग्रीन बेल्ट हेतु चिन्हित किया गया हो तो विकास शुल्क की गणना, ऐसी भूमि के क्षेत्रफल को उक्त स्कीम के कुल क्षेत्रफल से कम करने के पश्चात इस शर्त के अध्यधीन की जायेगी कि सम्पूर्ण भूमि खण्ड समीपस्थ हो और आवेदक ने ऐसी भूमि यथास्थिति सड़क, पार्क और खुले स्थान या ग्रीन बेल्ट का विकास अपनी लागत पर करने का दायित्व ग्रहण किया हो।

स्पष्टीकरण :– इस नियम के प्रयोजनार्थ

(क) अनुसूची 'ख' में दिये गये दर, प्राधिकरण को आवेदन प्रस्तुत किये जाने के दिनांक को लागू दर होंगे।

(ख) महायोजना या परिक्षेत्रीय विकास योजना के अन्तर्गत सड़क, पार्क, खुले स्थान या ग्रीन बेल्ट के लिये चिन्हित भूमि, जैसा कि आवेदक के स्वामित्वाधीन हो, ही विकास परमिट हेतु आवेदन में सम्मिलित की जा सकती है।

"परन्तु यह और कि पार्कों, खुले स्थानों या हरित क्षेत्रों या क्रीडा स्थलों यथा–गोल्फ कोर्स, बहुउद्देशीय खुले स्थल, जोनल और उच्च स्तर वाले पार्कों तथा 10.0 हेक्टेयर और उससे अधिक क्षेत्रफल वाले समान प्रकृति के अन्य खुले स्थलों के 'निर्मित क्षेत्रफल' या 'विकसित क्षेत्रफल' के अन्तर्गत होने किन्तु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित योजना या विन्यास मानचित्र के बाहर होने की स्थिति में लागू भवन उपविधियों की अनुमन्य सीमाओं के अनुसार कुल आच्छादित

| | |
|---|---|
| | क्षेत्रफल पर विकास शुल्क उद्ग्रहण किया जायेगा। |

नियम 5 का संशोधन 4– उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–5 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

| स्तम्भ–1 | स्तम्भ–2 |
|---|---|
| विद्यमान नियम | एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम |
| 5. विकास क्षेत्र में या उसके किसी विशिष्ट भाग में विकास शुल्क की दरें वही होंगी जो इस नियमावली की अनुसूची में उल्लिखित हैं:<br><br>परन्तु यह कि विशेष सुख–सुविधा या प्रभाव अभिमुख या परिक्षेत्र आधारित विकास (उदाहरणार्थ–सामूहिक द्रुत अभिवहन गलियारों के समानान्तर अभिवहन अभिमुख विकास) की दशा में अनुसूची में विहित विकास शुल्क के 25 प्रतिशत से अनाधिक अतिरिक्त विकास शुल्क उद्गृहीत किया जा सकता है। | 5(1) विकास क्षेत्र या उसके किसी विशिष्ट भाग में विकास शुल्क की दरें वही होंगी जो अनुसूची–'ख' में उल्लिखित हैं:<br><br>परन्तु यह कि विशेष सुख–सुविधा या प्रभाव परक या परिक्षेत्र आधारित विकास (उदाहरणार्थ–सामूहिक अभिवहन गलियारों के समानान्तर अभिवहन परक विकास) की दशा में, अनुसूची 'ख' में विहित अनधिक 25 प्रतिशत विकास शुल्क के अतिरिक्त विकास शुल्क उद्गृहीत किया जा सकता है।<br><br>(2) यदि किसी विकास क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य नगर के अतिरिक्त स्वतंत्र महायोजनाओं तथा पृथक विकास शुल्क दर वाले अन्य छोटे नगर अवस्थित हों तो ऐसा पृथक–पृथक विकास शुल्क दर उनकी नगर पालिका सीमाओं अथवा उनकी महायोजना की नगरीय क्षेत्र सीमाओं जो भी अधिक हों, तक लागू होगा जबकि ऐसे छोटे नगरों की नगर पालिका या नगरीय क्षेत्र सीमाओं के बाहर आने वाले कृषि भूमि उपयोग परिक्षेत्र में मुख्य नगर के लिये विहित विकास शुल्क दर लागू होगा।<br><br>(3) यदि स्वतंत्र महायोजना तथा पृथक–पृथक विकास शुल्क दर वाले किसी छोटे नगर का संविलयन, भविष्य में मुख्य नगर की नयी या पुनरीक्षित महायोजना के नगरीय क्षेत्र में हो जाता है तो मुख्य नगर के लिये विहित विकास शुल्क दर ऐसे छोटे नगर के लिये लागू होगा। |

नियम 6 का संशोधन 5– उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–6 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

| स्तम्भ–1<br>विद्यमान नियम | स्तम्भ–2<br>एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम |
|---|---|
| 6. अधिनियम और इस नियमावली के उपबन्धों के अधीन आवेदक अधिनियम की धारा–15 के अधीन अनुज्ञा दिये जाने के पूर्व प्राधिकरण द्वारा यथा उद्‌गृहीत विकास शुल्क की पूरी धनराशि का भुगतान करेगा,<br><br>परन्तु यह कि 5 हेक्टेयर (50,000 वर्ग मीटर) से अधिक के आकार वाले भूखण्ड के लिए यदि आवेदक कुल देय धनराशि के समतुल्य बैंक की गारण्टी देता है अथवा अनुकल्पतः विक्रय–योग्य भूमि को कुल देय धनराशि के सापेक्ष प्राधिकरण के पक्ष में गारन्टी के रूप में बन्धक रखता है, तो प्राधिकरण का उपाध्यक्ष विकास शुल्क को साधारण ब्याज की 12 प्रतिशत वार्षिक दर से 02 वर्ष की समयावधि में किस्तों में भुगतान करने की अनुमति दे सकता है। बैंक गारन्टी या बन्धक रखी भूमि को विकास शुल्क की कुल धनराशि के भुगतान के पश्चात अवमुक्त करा दिया जाएगा।<br><br>परन्तु यह और कि किस्तों के यथा–समय भुगतान में व्यतिकम की दशा में आवेदक 15 प्रतिशत की दर से शास्तिक दण्ड के रूप में वार्षिक चकवृद्धि के साथ भुगतान करने का दायी होगा। | 6. अधिनियम और इस नियमावली के उपबन्धों के अध्यधीन आवेदक को अधिनियम की धारा 15 के अधीन अनुज्ञा प्रदान किये जाने के पूर्व प्राधिकरण द्वारा यथा उद्‌गृहीत विकास शुल्क की सम्पूर्ण धनराशि का भुगतान करना होगा।<br><br>परन्तु यह कि 1.0 हेक्टेयर (10,000 वर्ग मीटर) तक के आकार वाले किसी भूखण्ड के लिये विकास शुल्क की धनराशि एकमुश्त जमा की जाएगी और 1.0 हेक्टेयर (10,000 वर्ग मीटर) से अधिक के आकार वाले भू–खण्ड के लिये ऐसे 1 हेक्टेयर भूखण्ड के लिय विकास शुल्क एकमुश्त जमा किया जायेगा और यदि आवेदक कुल देय धनराशि के समतुल्य बैंक की गारन्टी देता है अथवा अनुकल्पतः विक्रय–योग्य भूमि को कुल देय धनराशि के सापेक्ष प्राधिकरण के पक्ष में गारन्टी के रूप में बन्धक रखता है, तो प्राधिकरण का उपाध्यक्ष अधिशेष विकास शुल्क का भुगतान 12 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज की दर से 4 अर्द्ध–वार्षिक किस्तों में करने की अनुज्ञा दे सकता है। बैंक गारन्टी या बन्धक रखी गयी भूमि विकास शुल्क की सम्पूर्ण धनराशि के भुगतान के पश्चात् अवमुक्त की जायेगी।<br><br>परन्तु यह और कि किस्तों के यथा–समय भुगतान में व्यतिकम की दशा में आवेदक 15 प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि की दर से शास्तिक ब्याज का भुगतान करने का दायी होगा।<br><br>परन्तु यह भी कि असीमित दैवी आपदाओं, अग्नि, विस्फोट, बाढ़, युद्ध, हड़ताल, दंगा, आतंकवादी घटना, महामारी, वैश्विक महामारी, नागरिक अशान्ति, प्राकृतिक आपदा सहित अप्रत्याशित घटनाओं की स्थिति में राज्य सरकार अधिसूचना के माध्यम से इस नियम के उपबन्धों को ऐसी रीति से और ऐसी अवधि हेतु, जैसा कि विनिर्दिष्ट किया जाये, के लिए न्यून कर सकती है। |

नियम 8 का संशोधन

6— उक्त नियमावली में, नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये नियम–8 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा, अर्थात्:–

| स्तम्भ–1<br>विद्यमान नियम | स्तम्भ–2<br>एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम |
|---|---|
| 8. केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग लागत सूची के अनुरूप प्रत्येक कलेण्डर वर्ष के 01 अप्रैल से विकास शुल्क की दरों को प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा वार्षिक रूप से पुनरीक्षित किया जाएगाः<br>परन्तु यह कि केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग लागत सूची उपलब्ध नहीं है, तो प्राधिकरण द्वारा विकास शुल्क को ऐसी समतुल्य सूची के आधार पर पुनरीक्षित किया जाएगा जैसा कि इस सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाएः<br>परन्तु यह और कि प्राधिकरण, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग लागत सूची के अतिरिक्त, कारणों को अभिलिखित करते हुए समय–समय पर दरों को पुनरीक्षित कर सकता है। | 8. विकास शुल्क की दरें प्राधिकरण द्वारा प्रत्येक वर्ष 15 फरवरी तक आयकर विभाग के लागत मुद्रा स्फीति सूचकांक के अनुसार पुनरीक्षित की जायेंगी और प्राधिकरण बोर्ड के अनुमोदन से दिनांक 01 अप्रैल से प्रवर्तित की जायेंगी। |

नये नियम 11 का बढ़ाया जाना

7– उक्त नियमावली में, नियम 10 के पश्चात् निम्नलिखित नियम बढ़ा दिया जायेगा अर्थात्:–

निर्णीत ऋणी लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि डिक्रीदार/परिवादी के साथ विगत सप्ताह प्रस्तुत प्रकरण से सम्बन्धित वार्ता भी सम्पादित की गयी तथा अगली वार्ता हेतु डिक्रीदार/परिवादी को 02 सप्ताह की अवधि में सूचित किया जावेगा। तद्नुसार डिक्रीदार/परिवादी, डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी, उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण के कार्यालय में अपरान्ह उपस्थित होकर समुचित जानकारी प्राप्त करेंगे। तदोपरान्त गठित बोर्ड की मीटिंग लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा यथासम्भव दिनांक 30.09.2022 से पूर्व की जावेगी जिसके निर्णय की प्रति प्रस्तुत निष्पादन वाद की पत्रावली में विविध प्रार्थना पत्र के साथ अगली निश्चित तिथि से 01 सप्ताह पूर्व डिक्रीदार/परिवादी के विद्वान अधिवक्ता को प्राप्त कराकर दिनिांक 08.10.2022 तक प्रस्तुत की जावेगी। तदोपरान्त प्रस्तुत निष्पादन वाद पुनः इस पीठ के सम्मुख दिनांक 18.10.2022 को प्रथम वाद के रूप में सूचीबद्ध किया जावेगा।

अगली तिथि पर निर्णीत ऋणी लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष की उपस्थिति क्षमा की जाती है तथा निर्णीत ऋणी लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष से अपेक्षा की जाती है कि वे दिनांक 21.08.2015 के निर्णय एवं प्रस्तुत निष्पादन वाद में पारित विभिन्न आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए डिक्रीदार/परिवादी को यथासम्भव आवंटित भूखण्ड गोमती नगर अथवा

विशेष कार्याधिकारी
लखनऊ विकास प्राधिकरण

गोमती नगर विस्तार में यदि बोर्ड के द्वारा अन्तिम रूप से निर्णीत किया जावे, की सूचना लिखित रूप में प्राप्त कराकर इस न्यायालय को अवगत करायें।

दिनांक 17.03.2023 को मा0 राज्य आयोग द्वारा निम्न आदेश पारित किये गयेः—

विपक्षी लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी इस न्यायालय के आदेश के अनुपालन में स्वयं उपस्थित हैं। अपेक्षित शपथ पत्र भी विपक्षी प्राधिकरण के विद्वान अधिवक्ता श्री रजनीश कुमार सिंह द्वारा निष्पादनकर्ता के विद्वान अधिवक्ता को प्राप्त कराकर कार्यालय में एक सप्ताह की अवधि में प्रस्तुत किया जावेगा। विपक्षी प्राधिकरण के उपाध्यक्ष द्वारा इस न्यायालय को आश्वस्त किया है कि यथासम्भव डिक्रीदार को अविवादित भूखण्ड प्राप्त कराये जाने हेतु उनके द्वारा व्यक्तिगत रूप से स्वयं प्रयास किया जावेगा और आवंटित होने वाले अविवादित भूखण्डों के विवरण डिक्रीदार को 04 सप्ताह की अवधि में प्राप्त कराये जावेंगे, जिसके पश्चात डिक्रीदार उपलब्ध कराये गये विवरण के अनुसार अपनी सहमति सशपथ पत्र विपक्षी प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के कार्यालय में प्रस्तुत कर इस न्यायालय के सम्मुख शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा, अन्तिम रूप से निष्पादन वाद को निस्तारित किये जाने हेतु इसी पीठ (मा0 न्यायमूर्ति अध्यक्ष एवं मा0 सदस्य श्री विकास सक्सेना) के सम्मुख दिनांक 09.05.2023 को सुनवाई हेतु सूचीबद्ध किया जावे।

आवंटी द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका संख्याः 23730/2022 दाखिल की गयी है जो अभी विचाराधीन है। यह भी अवगत कराना है कि नेहरू इन्क्लेव योजना के आवंटियों को शारदा नगर विस्तार में भूखण्ड समायोजित किया गया है जिसके कम में श्री गणेश शंकर त्रिपाठी को भी शारदा नगर विस्तार में भूखण्ड समायोजित किया गया है, किन्तु आवंटी द्वारा शारदा नगर विस्तार के बजाय गोमती नगर योजना में भूखण्ड दिये जाने की मॉग की जा रही है। कृपया आवंटी के अनुरोध व मा0 राज्य आयोग के आदेश के दृष्टिगत आवंटी को नियमानुसार यथासम्भव गोमती नगर/गोमती नगर विस्तार योजना में भूखण्ड दिये जाने पर विचारार्थ बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है।

05.4.23

5/4/23
(शशि भूषण पाठक)
तहसीलदार- अर्जन
ल०वि०प्रा०

5/4/23
(... सिंह)
विशेष कार्याधिकारी
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ

**विषयः—डा0 विनोद जोसफ, सचिव, सेन्ट मैरी पॉलिक्लिनिक के दिनांक रहित प्रार्थना पत्र के क्रम में सीतापुर रोड नगर प्रसार योजना के अन्तर्गत वर्ष—1981 में अर्जित ग्राम—जाहिदपुर, लखनऊ की खसरा सं0—12/3 एवं खसरा सं0—13 की अर्जित भूमि के सापेक्ष आंगणित धनरशि रू0—15,22,13,600.00 प्राधिकरण कोष में जमा कराते हुए क्षे0—3459.40 वर्गमी0 अर्जित भूमि को सेन्ट मैरी पॉलिक्लिनिक अस्पताल के पक्ष में नियमानुसार नियमितीकरण के सम्बन्ध में।**

डा0 विनोद जोसफ, सचिव, सेन्ट मैरी पॉलिक्लिनिक, गौराबाग, गुरम्बा, कुर्सी रोड, लखनऊ द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हुए अनुरोध किया गया है कि ग्राम—जाहिदपुर, लखनऊ की भूमि खसरा सं0—12/3 एवं खसरा सं0—13 पर सेन्ट मैरी पॉलिक्लिनिक चैरिटेबल सोसायटी 120 शैया का आधुनिक सुवधिाओं से युक्त अस्पताल पिछले 40 वर्षों से संचालित है, जिसे विकास शुल्क लेते हुए सोसायटी के पक्ष में नियमितीकरण करने का अनुरोध किया गया है। तद्क्रम में उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0 द्वारा पत्र संख्या—211/मेमो/पीए/2022 दिनांक 06.10.2022 द्वारा पत्र में वर्णित सभी तथ्यों का अध्ययन एवं स्थल निरीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही कर आख्या प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि ग्राम—जाहिदपुर, लखनऊ की भूमि खसरा सं0—12/3 रकबा 0—7—0—0 बीघा एवं खसरा सं0—13 रकबा 1—10—0—0 बीघा स्थित का अर्जन सीतापुर रोड नगर प्रसार योजना के अन्तर्गत वर्ष—1981 में किया जा चुका है, जिसकी भूमि अध्याप्ति अधिनियम की धारा—4/17 व 6/17 की विज्ञप्तियों को प्रकाशन क्रमशः दिनांक 12.11.1981 व 03.12.1981 को शासन द्वारा जारी किया जा चुका है। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी द्वारा प्रश्नगत भूमि का कब्जा भी दिनांक 30.03.1984 को ल0वि0प्रा0 के पक्ष में हस्तान्तरित करते हुए भूमि का अभिनिर्णय दिनांक 20.09.1986 को घोषित किया जा चुका है। घोषित अभिनिर्णय में अंकित है कि :—

खाता संख्या—26_खसरा संख्या—12/3 रकबा 0—7—0—0 बीघा एवं खसरा संख्या—13 रकबा 1—10—0—0 बीघा कुल रकबा 1 बीघा 17 बिस्वां राधेश्याम पुत्र लाला हरिप्रसाद निवासी—हैवेट रोड लखनऊ के नाम अंकित है। इस प्रकार अर्जन की समस्त कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त भूमि का स्वामित्व राज्य सरकार/ल0वि0प्रा0 में निहित हो चुका है।

अपर जिलाधिकारी—भू0अ0 के पत्र संख्या—626/आठ (भू0अ0) न0म0पा0—प्रथम, लखनऊ दिनांक—07.07.2014 के माध्यम से निम्नवत् अवगत कराया गया हैः—

*"भूमि खसरा संख्या—12/3 रकबा 0—7—0—0 बीघा एवं खसरा संख्या—13 रकबा 1—10—0—0 बीघा का अर्जन इस कार्यालय द्वारा संचालित सीतापुर रोड नगर प्रसार योजना के अन्तर्गत किया गया है। भूमि अध्याप्ति अधिनियम की धारा—4(17) का प्रकाशन दिनांक—12.11.1981 व धारा—6(17) का प्रकाशन दिनांक—03.12.1981 को किया गया है। अभिनिर्णय दिनांक—20.09.1986 को घोषित कर अर्जन निकाय लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ को कब्जा दिनांक—30.03.1984 को दिया जा चुका है।*

*राजस्व अभिलेखों में अंकित श्री राधेश्याम अग्रवाल पुत्र लाला हरी प्रसाद निवासी हेवेट रोड, लखनऊ को धारा—9 की नोटिस जारी की गयी, किन्तु सही पता न होने के कारण*



(प्रिया सिंह)
विशेष कार्याधिकारी
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ

*नोटिस तामिल नहीं हो सकी, जिसके फलस्वरूप हितबद्ध व्यक्ति को सूचना दिनांक–21.07.1985 को उपस्थित होने हेतु दी गयी थी, किन्तु सही पता न होने के कारण नोटिस नही तामिल हो पाई है तथा सम्बन्धित भू–स्वामी द्वारा प्रतिकर भी प्राप्त नहीं किया है एवं न ही कोई आपत्ति प्रस्तुत की है।"*

डा0 ब्रिजिता वी.वी., निदेशिका, सेन्ट मैरी पॉलीक्लीनिक द्वारा भूमि को स्व0 राधेलाल गुप्ता पुत्र लाल हरि प्रसाद गुप्ता से सेल डीड दिनांक 15.02.1983 द्वारा ग्राम–जाहिदपुर, लखनऊ की खसरा संख्या–12/3 रकबा 0–7–0–0 बीघा एवं खसरा संख्या–13 रकबा 1–10–0–0 बीघा भूमि का बैनामा अधिग्रहण के पश्चात् कराया गया है, जो कि विधि विरूद्ध है। वर्तमान खतौनी में उक्त भूमि ल0वि0प्रा0 के नाम दर्ज है। इस प्रकार उक्त भूमि पर ल0वि0प्रा0 का स्वामित्व है।

प्रश्नगत प्रकरण में विहित प्राधिकारी न्यायालय में उत्तर प्रदेश्न नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत योजित वाद संख्या–3012021 ल0वि0प्रा0 बनाम डा0 ब्रिजिता, वी.पी. निदेशिका, सेंट मेरी पॉलीक्लीनिक में विहित प्राधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 06.10.2021 को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया है। उक्त ध्वस्तीकरण आदेश के विरूद्ध डा0 ब्रिजिता, वी.पी. निदेशिका, सेंट मेरी पॉलीक्लीनिक द्वारा मण्डलायुक्त लखनऊ मण्डल, लखनऊ के समक्ष अपील योजित की गयी है, जो वर्तमान में विचाराधीन है।

प्रश्नगत भूमि के सम्बन्ध में सचिव, ल0वि0प्रा0 द्वारा दिये गये अनुमोदन दिनांक 29.03.23 के क्रम में वित्त नियंत्रक, ल0वि0प्रा0 द्वारा सेन्ट मैरी पॉलिक्लिनिक चैरिटेबल सोसायटी के कब्जे वाली भूमि क्षे0–3459.40 वर्गमी0 भूमि के वर्तमान मूल्य का आंगणन दिनांक 05.04.2023 को धनराशि रू0–15,22,13,600.00 (पन्द्रह करोड़ बाइस लाख तेरह हजार छः सौ रूपये मात्र) किया गया है।

डा0 विनोद जोसफ, सचिव, सेन्ट मैरी पॉलिक्लिनिक के दिनांक रहित प्रार्थना पत्र के क्रम में सीतापुर रोड नगर प्रसार योजना के अन्तर्गत वर्ष–1981 में अर्जित ग्राम–जाहिदपुर, लखनऊ की खसरा सं0–12/3 एवं खसरा सं0–13 की अर्जित भूमि के सापेक्ष आंगणित धनरशि रू0–15,22,13,600.00 प्राधिकरण कोष में जमा कराते हुए क्षे0–3459.40 वर्गमी0 अर्जित भूमि को सेन्ट मैरी पॉलिक्लिनिक अस्पताल के पक्ष में नियमानुसार नियमितीकरण के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

प्रस्तावः

**डा0 विनोद जोसफ, सचिव, सेन्ट मैरी पॉलिक्लिनिक के दिनांक रहित प्रार्थना पत्र के क्रम में सीतापुर रोड नगर प्रसार योजना के अन्तर्गत वर्ष–1981 में अर्जित ग्राम–जाहिदपुर, लखनऊ की खसरा सं0–12/3 एवं खसरा सं0–13 की अर्जित भूमि के सापेक्ष आंगणित धनरशि रू0–15,22,13,600.00 प्राधिकरण कोष में जमा कराते हुए क्षे0–3459.40 वर्गमी0 अर्जित भूमि को सेन्ट मैरी पॉलिक्लिनिक अस्पताल के पक्ष में नियमानुसार नियमितीकरण सम्बन्धी प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।**

(प्रिया सिंह)
विशेष कार्याधिकारी
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ

प्रस्ताव संख्या– 23 पृ०सं०-175

विषयः **श्रीमती साधना दीक्षित पत्नी स्व0 श्री सुनीत कुमार दीक्षित, सहायक अभियन्ता द्वारा अपने पति की चिकित्सा पर व्यय धनराशि की प्रतिपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में।**

**श्रीमती साधना दीक्षित पत्नी** श्री सुनीत कुमार दीक्षित, सहायक अभियन्ता के द्वारा अपने पति की चिकित्सा पर हुए व्यय रू0–25,23084.00 के मूल बाऊचर्स विभाग को प्रस्तुत करते हुए भुगतान कराये जाने का अनुरोध किया गया है, का अवलोकन करने का कष्ट करें।

अवगत कराना है कि श्री सुनीत कुमार दीक्षित, लखनऊ विकास प्राधिकरण में सहायक अभियन्ता के नियमित पद पर कार्यरत थे। सहायक अभियन्ता, कैन्सर रोग से ग्रस्त हो जाने के कारण दिनांक 27.07.2022 को निधन हो गया है। **श्रीमती साधना दीक्षित** द्वारा अपने पति की चिकित्सा पर रू0–25,23084.00 व्यय किया गया, जो सितम्बर 2021 से जुलाई, 2022 के मध्य के है। श्रीमती दीक्षित द्वारा उपलब्ध कराये गये चिकित्सा पर व्यय के मूल बाऊचर्स एवं चिकित्सक के पर्चे मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ को परीक्षण/प्रतिहस्ताक्षरित हेतु कार्यालय पत्र संख्या–929/सा0प्र0/2022 दिनॉक 01.09.2022 को प्रेषित किया गया, जिसे मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ द्वारा अपने कार्यालय पत्र सख्या–मु0चि0अ0/चि0प्र0पूर्ति0/ 2022/24034 दिनॉक 28.09.2022 द्वारा रू0–21,01133.00 परीक्षण उपरान्त भुगतान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

यहॉ यह भी उल्लेखनीय है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 155वी बोर्ड बैठक दिनॉक 06 नवम्बर, 2015 के विषय संख्या–17 पर यह निर्णय लिया गया था कि रू0–5.00 लाख तक के चिकित्सा प्रतिपूर्ति की स्वीकृति हेतु उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0 को अधिकृत किया गया एवं इससे ऊपर के प्रकरणो को बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

अतः **श्रीमती साधना दीक्षित पत्नी स्व0 श्री सुनीत कुमार दीक्षित,** के द्वारा अपने पति के चिकित्सा पर व्यय **रू0**--21,01133.00 **(रू0–इक्कीस लाख एक हजार एक सौ तेतिस मात्र)** के भुगतान किये जाने हेतु प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

अनुभाग अधिकारी अधिष्ठान
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ

अनु सचिव (अधिष्ठान)
ल0वि0प्रा0

प्रभारी अधिकारी (अधिष्ठान)
ल0वि0प्रा0, लखनऊ

231/अनु० अधि०/22

28/9/ कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ। 176

प्रारूप–1चिकित्सा प्रतिपूर्ति के दावे का परीक्षण

प्रेषक,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
लखनऊ।

सेवा मे

अनुसचिव - अधिष्ठान
लखनऊ विकास प्राधिकरण
प्राधि० भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर लखनऊ

पत्र संख्याः मु0चि0अ0 / चि0प्र0पू0 / 2021–22 / 24034 दिनांक 28/9/2022

महोदय,

उपयुर्क्त विषयक आपके पत्र संख्याः 929/स्था०/प्र०/2022 दिनांकः 01/09/22 के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि –

1. लाभार्थी का नाम / पदनाम श्री सुनीत कुमार दीक्षित (सहा० अभि०)
2. लाभार्थी के पिता / पति का नाम
3. उपचार प्राप्तकर्ता का लाभार्थी से संबंध– स्वयं
4. निवास का पता
5. चिकित्सा उपचार प्रतिष्ठान / संस्थान अपोलो तथा मेदान्ता हास्पिटल लखनऊ
(जिससे उपचार प्राप्त किया गया हो निजी अथवा सरकारी)
6. बिमारी का नाम कैंसर
7. उपचार की अवधि– 03/09/21 से 27/07/22
8. उपचारोपरान्त प्रस्तुत व्यय धनराशि रु० 2523004/- (रु० पच्चीस लाख तेईस हजार चौरासी मात्र)
9. परीक्षण के उपरान्त भुगतान हेतु स्वीकृत धनराशि रु० 2101133/- (रु० इक्कीस लाख एक हजार एक सौ तैंतीस

प्रारूप–3

| क्रम संख्या | व्यय का विवरण / नाम | निजी चिकित्सालय द्वारा अधिरोपित दर | एम्स नई दिल्ली / एस0जी0पी0जी0आई लखनऊ / के0जी0एम0यू0 की स्वीकृत दर | अन्तर की धनराशि | प्रतिपूर्ति योग्य धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रु० 2523004/- | रु० 2523004/- | | रु० 421951/- | रु० 2101133/- |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |
| 5 | | | | | |
| | योग– रु० इक्कीस लाख एक हजार एक सौ तैंतीस मात्र | | | | रु० 2101133/- |

## प्रमाणी करण

प्रमाणित किया जाता है कि चिकित्सा अनुभाग–6 उ0प्र0 शासन की उ0प्र0 सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या) नियमावली 2011 अधिसूचना संख्याः 2275 / पांच–6–11–1082–87 दिनांकः20. सितम्बर 2011उ0प्र0 सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या) प्रथम संशोधन नियमावली 2014 अधिसूचना संख्या–474 / पांच–6–14–1082 / 87 टी0सी0 दिनांकः 04 मार्च 2014 एवं सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या)द्वितीय संशोधन नियमावली 2016 अधिसूचना संख्या–365 / 2016 / 2134 / पांच–6–2016–19 जी / 16 दिनांकः 27. सितम्बर–2016 एवं शासनादेश संख्याः56 / 2019 / 578–पांच–6–2019–04(जी) / 2019 दिनांकः 07.मार्च 2019 एवं शासनादेश संख्याः49 / 2020 / 352 / पांच–6–2020–04 जी / 2019 दिनांकः24 फरवरी 2020 मे निहित शर्तों एवं प्राविधानो के अन्तर्गत प्रदेश के अन्दर करायी गयी चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति की संस्तुति के0जी0एम0यू0 / एस0जी0पी0जी0आई0 लखनऊ की दर पर की जाती है।सुसंगत अभिलेख मुल रूप से संलग्न कर प्रेषित है।

(Dr. Manoj Agarwal)
Chief Medical Officer
मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
Lucknow
लखनऊ।

प्रस्ताव संख्या– 24 पृ०सं०-177

विषयः **श्रीमती अंजू सिंह पत्नी स्व0 श्री ज्ञानेश्वर सिंह,अवर अभियन्ता द्वारा अपने पति की चिकित्सा पर व्यय धनराशि की प्रतिपूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में।**

**श्रीमती अंजू सिंह पत्नी स्व0 श्री ज्ञानेश्वर सिंह, अवर अभियन्ता** के द्वारा अपने पति की चिकित्सा पर हुए व्यय रू0–16,39,436.00 के मूल बाऊचर्स विभाग को प्रस्तुत करते हुए भुगतान कराये जाने का अनुरोध किया गया है, का अवलोकन करने का कष्ट करें।

अवगत कराना है कि **श्री ज्ञानेश्वर सिंह**, लखनऊ विकास प्राधिकरण में **अवर अभियन्ता** के नियमित पद पर कार्यरत थे। लीवर सिरोसिस रोग से ग्रस्त हो जाने के कारण दिनांक 27.07.2022 को निधन हो गया है। **श्रीमती अंजू सिंह** द्वारा अपने पति की चिकित्सा पर रू0–16,39,436.00 व्यय किया गया, जो नवम्बर 2022 से दिसम्बर, 2023 के मध्य के है। श्रीमती सिंह द्वारा उपलब्ध कराये गये चिकित्सा पर व्यय के मूल बाऊचर्स एवं चिकित्सक के पर्चे मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ को परीक्षण/प्रतिहस्ताक्षरित हेतु कार्यालय पत्र संख्या–1886/सा0प्र0/2023 दिनॉक 22.02.2023 को प्रेषित किया गया, जिसे मुख्य चिकित्साधिकारी, लखनऊ द्वारा अपने कार्यालय पत्र सख्या– मु0चि0अ0/चि0प्र0पूर्ति0/2021–22/7449 दिनॉक 14.03.2023 द्वारा रू0–14,40,061.00 परीक्षण उपरान्त भुगतान किये जाने की संस्तुति की गयी है।

यहॉ यह भी उल्लेखनीय है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 155वी बोर्ड बैठक दिनॉक 06 नवम्बर, 2015 के विषय संख्या–17 पर यह निर्णय लिया गया था कि रू0–5.00 लाख तक के चिकित्सा प्रतिपूर्ति की स्वीकृति हेतु उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0 को अधिकृत किया गया एवं इससे ऊपर के प्रकरणो को बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किये जाने का निर्णय लिया गया।

अतः **श्रीमती अंजू सिंह पत्नी स्व0 श्री ज्ञानेश्वर सिंह, अवर अभियन्ता,** के द्वारा अपने पति के चिकित्सा पर व्यय **रू0**–14,40,061.00 **(रू0–चौदह लाख चालिस हजार इकसठ् मात्र)** के भुगतान किये जाने हेतु प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव विचारार्थ प्रस्तुत।

अनुभाग अधिकारी–अधिष्ठान
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ

(बलराम)
अनु सचिव (अधिष्ठान)
ल0वि0प्रा0

प्रभारी अधिकारी (अधिष्ठान)
ल0वि0प्रा0, लखनऊ

# कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, लखनऊ।

प्रारूप-1 चिकित्सा प्रतिपूर्ति के दावे का परीक्षण।

क,
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
लखनऊ।

वा में,
अनु सचिव - अधिष्ठान,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
नवीन भवन, विपिन खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ

दिनांक 14/03/23

पत्र सं.: मु.चि.अ./चि.पू.व्य./2021-22/7449

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या 1886 दिनांक 22-2-23 के संदर्भ में अवगत कराना है कि-

1. लाभार्थी का नाम/पदनाम श्रीमती अन्जु सिंह w/o स्व० ज्ञानेश्वर सिंह, अपर अभियन्ता स्व०
2. लाभार्थी के पिता/पति का नाम
3. उपचार प्राप्तकर्ता का लाभार्थी से सम्बन्ध स्व० ज्ञानेश्वर सिंह
4. निवास का पता गोरखपुर
5. चिकित्सा उपचार प्रतिष्ठान/संस्थान का नाम मे० शान्ता हॉस्पिटल, लखनऊ (जिससे उपचार प्राप्त किया गया हो/निजी अथवा सरकारी) निजी
6. बीमारी का नाम लीवर सिरोसिस
7. उपचार की अवधि 25-11-22 से 10-01-23 तक
8. चिकित्सा पर कुल व्यय धनराशि Rs- 1639436.0/-
9. परीक्षण के उपरान्त भुगतान हेतु संस्तुति धनराशि Rs- 1440061.0/-

प्रारूप-3

| क्र. | व्यय का विवरण/नाम | निजी चिकित्सालय द्वारा अधिरोपित दर | एम्स नई दिल्ली/एस.जी.पी.जी.आई लखनऊ/के.जी.एम.यू. की स्वीकृति दर | अन्तर की धनराशि | प्रतिपूर्ति योग्य धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1639436= | 1440061= | 199375 | 1440061/= |
| 1 | As per bill | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | 1440061.0/- |
| 5 | | | | | |
| योग | | | | | |

प्रमाणित किया जाता है कि चिकित्सा अनुभाग-6, उ.प्र. शासन की उ.प्र. सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या) नियमावली 2011 अधिसूचना संख्या:- 2275/ पांच-6-11-1082-87 दिनांक 20 सितम्बर, 2011, उ0प्र0 सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या) प्रथम संशोधन नियमावली, 2014, अधिसूचना संख्या-474/पांच-6-14-1082/87 टी.सी. दिनांक 04 मार्च 2014 एवं उ0प्र0 सरकार सेवक (चिकित्सा परिचर्या) (द्वितीय संशोधन) नियमावली 2016 अधिसूचना संख्या-365/2016/2134/पांच-6-2016-19 जी/16 दिनांक 27 दिसम्बर 2016 एवं शासनादेश संख्या-56/2019/578-पांच-6-2019-4(जी.)/2019 दिनांक 07 मार्च 2019 एवं शा. सं. 49/2020/352/ पांच-6- 2020-04 जी./2019 दि. 24 फरवरी 2020 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत प्रदेश के अन्तर्गत करायी गयी चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति की संस्तुति के.जी.एम.यू./एस.जी.पी.जी.आई., लखनऊ की दर पर की जाती है। सुसंगत अभिलेख मूल रूप में संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नक- यथोक्त (मूल रूप में)

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
(डा0 मनोज अग्रवाल)
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
लखनऊ

**विषय–लखनऊ विकास क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित बहुमंजिली इमारतों की स्ट्रक्चरल सेफ्टी सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में**

"लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2008 (यथा संशोधित 2011/2016) में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप बहुमंजिले भवनों के मानचित्र स्वीकृत किये जाते है। बहुमंजिले भवनों की श्रेणी में ऐसे भवन आते है, जिनकी ऊँचाई 15 मी0 अथवा उससे अधिक हो।

बहुमंजिले भवनों के मानचित्र स्वीकृति के समय फायर सेफ्टी सुनिश्चित करने के लिए फायर विभाग की अनापत्ति ली जाती है। भवन पूर्ण होने के उपरान्त अधिभोग प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व पुनः फायर विभाग की अनापत्ति प्राप्त की जाती है। उक्त के अतिरिक्त फायर विभाग द्वारा नियमित रूप से अनापत्ति का नवीनीकरण किया जाता है। अतः फायर विभाग द्वारा फायर सेफ्टी सुनिश्चित की जाती है।

बहुमंजिले भवनों में स्ट्रक्चरल सेफ्टी हेतु आवेदक से मानचित्र स्वीकृति से पूर्व स्ट्रक्चरल इंजीनियर द्वारा की गयी स्ट्रक्चरल डिजाईन को आई॰आई॰टी॰ अथवा सक्षम संस्थान से वैट कराकर प्राप्त किया जाता है। फायर सेफ्टी की तरह स्ट्रक्चरल सेफ्टी सुनिश्चित करने के लिए कोई मैकेनिज्म नही है। हाल ही में लखनऊ में एक बहुमंजिली इमारत स्वतः धराशायी हो गयी, जिसमें जान व माल का नुकसान हुआ है। अतः लखनऊ में निर्मित विभिन्न श्रेणी के बहुमंजिले भवन एवं उनमें निवास/व्यवसाय कर रहे आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने के लिए इन भवनों की स्ट्रक्चरल सेफ्टी सुनिश्चित किये जाने हेतु उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा एक समिति का गठन किया गया। समिति द्वारा ड्राफ्ट स्ट्रक्चरल ऑडिट पॉलिसी तैयार कर प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की संस्तुति की है।

**प्रस्ताव–**

**अतः समिति की संस्तुति के क्रम में लखनऊ विकास क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित/प्रस्तावित बहुमंजिले भवनों के स्ट्रक्चरल ऑडिट सुनिश्चित किये जाने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।**

JE(HT)

CTP
मुख्य नगर नियोजक
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ

# ड्राफ्ट स्ट्रक्चरल ऑडिट पॉलिसी

"लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2008 (यथा संशोधित 2011/2016) में दिये गये प्राविधानों के अनुरूप बहुमंजिले भवनों के मानचित्र स्वीकृत किये जाते है। बहुमंजिले भवनों की श्रेणी में ऐसे भवन आते है, जिनकी ऊँचाई 15 मी0 अथवा उससे अधिक हो। बहुमंजिले भवन किसी भी प्रयोजन हेतु हो सकते है यथा–ग्रुप हाउसिंग, संस्थागत, व्यवसायिक आदि। प्राधिकरण द्वारा ग्रुप हाउसिंग के अनेक मानचित्र स्वीकृत किये गये है। इसी प्रकार संस्थागत एवं व्यवसायिक श्रेणी के अंतर्गत भी प्राधिकरण द्वारा कई बहुमंजिले भवन स्वीकृत किये गये है।

बहुमंजिले भवनों के मानचित्र स्वीकृति के समय फायर सेफ्टी सुनिश्चित करने के लिए फायर विभाग की अनापत्ति ली जाती है। भवन पूर्ण होने के उपरान्त अधिभोग प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व पुनः फायर विभाग की अनापत्ति प्राप्त की जाती है। उक्त के अतिरिक्त फायर विभाग द्वारा नियमित रूप से अनापत्ति का नवीनीकरण किया जाता है। अतः फायर विभाग द्वारा फायर सेफ्टी सुनिश्चित की जाती है।

बहुमंजिले भवनों में स्ट्रक्चरल सेफ्टी हेतु आवेदक से मानचित्र स्वीकृति से पूर्व स्ट्रक्चरल इंजीनियर द्वारा की गयी स्ट्रक्चरल डिजाईन को आई॰आई॰टी॰ अथवा सक्षम संस्थान से वेट कराकर प्राप्त किया जाता है। साथ ही मानचित्र स्वीकृति में यह भी शर्त अंकित की जाती है कि भवन का निर्माण क्वालीफाईड इंजीनियर के सुपरविजन में कराया जायेगा। एक बार अधिभोग प्रमाण पत्र जारी होने के उपरान्त प्राधिकरण द्वारा केवल शिकायत प्राप्त होने की अवस्था में ही बहुमंजिले भवनों का निरीक्षण किया जाता है। वर्तमान में प्राधिकरण में कई प्रकरणों में स्ट्रक्चरल सेफ्टी के संबंध में शिकायतकर्ताओं द्वारा आपत्ति की जाती है एवं स्ट्रक्चरल ऑडिट हेतु अनुरोध किया जाता है।

फायर सेफ्टी की तरह स्ट्रक्चरल सेफ्टी सुनिश्चित करने के लिए कोई मैकेनिज्म नही है। हाल ही में लखनऊ में एक बहुमंजिली इमारत स्वतः धराशायी हो गयी, जिसमें जान व माल का नुकसान हुआ है। अतः लखनऊ में निर्मित विभिन्न श्रेणी के बहुमंजिले भवन एवं उनमें निवास/व्यवसाय कर रहे आम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित किये जाने के लिए इन भवनों की स्ट्रक्चरल सेफ्टी सुनिश्चित किया जाना प्राधिकरण का दायित्व है। स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए कई अपार्टमेन्ट ऑनर्स एसोसिएशन द्वारा प्राधिकरण में आवेदन किया जाता रहा है।

उक्त को दृष्टिगत रखते हुए उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक दिनांक 04.03.2023 को सम्पन्न हुई। समिति के सदस्यों द्वारा सम्यक विचारोपरान्त ड्राफ्ट स्ट्रक्चरल आडिट पालिसी निम्नवत प्रस्तुत की गयीः–

स्ट्रक्चरल ऑडिट की परिभाषा निम्नानुसार हैः–

**Structural Audit:-** Structural Audit of a building means everything connected to the conduct of a building, which includes strength of the columns, beams, pillars, iron bars, plasters, sewage discharge systems, water pipeline systems, etc. The need of structural audit is for maintenance and repairs of existing structures timely which leads to prolonged life of the building and safety of the occupants to avoid any mishaps and save valuable human life. The periodical structural auditing of existing buildings is thus of utmost importance in finding the present serviceability and structural viability of structure.

**Major defects:-**

A major defect is a damage or inconsistency in any of the major components or a major element of a building. It is likely to render a facility unusable for its intended purpose, and can even cause destruction or collapse of all or some part of the building. The defect can result from a defective design, faulty construction and/or defective materials or failure to comply with the National Building Code.

**Examples of major defects:-**

- Cracks and damages in the foundation (substructure)
- Cracks and damages in floors and slabs (superstructure)
- Cracks and damages in walls (superstructure)

**What constitutes a minor defect?**

Minor defects are small and rather simple damages that can affect how a building looks or functions without compromising the integrity of the structure. These may include blemishes, thin cracks, corrosion, wall dents, general deterioration, and uneven finishes.

A minor defect doesn't always need to be remedied right away but it is essential to be identified upon inspection so maintenance work can be planned.

उ0प्र0 अपार्टमेन्ट एक्ट, 2010 की धारा–4(8) में निम्नवत् उल्लेख है:–

"The promoter shall be responsible upto two years after handing over the apartments regarding construction and structural defects in the building constructed by him and he shall get such defects removed at his own cost, failing which he shall be liable to pay compensation for the losses incurred by him for such defects."

उक्त के अतिरिक्त अपार्टमेंट एक्ट–2010 की धारा–4(6) में निम्नवत उल्लेख है:–

(6)"After obtaining the completion certificate as provided in sub-section (5) and handing over physical possession of the apartments to the allottees, it shall be the responsibility of the promoter to hand over the possession of the common areas and facilities and also the originals of the plans and documents to the Association of apartment owners formed and registered under sub-section (2) of section-14.

Provided that handing over of physical possession of the common areas and facilities under this sub-section shall be completed within a period of one year from the date of issue of completion certificate or the date by which seventy five per cent of the apartments have been handed over to the allottees, whichever is earlier, subject to the condition that the promoter shall be responsible for the sale and transfer of the balance apartments".

रेरा अधिनियम 2016 की धारा–14(3) में निम्नवत् उल्लेख है:–

In case any structural defect or any other defect in workmanship, quality or provision of services or any other obligations of the promoter as per the agreement for sale relating to such development is brought to the notice of the promoter within a period of five years by the allottee from the date of handing over possession, it shall be the duty of the promoter to rectify such defects without further charge, within thirty days, and in the event of promoter's failure to rectify such defects within such time, the aggrieved allottees shall be entitled to receive appropriate compensation in the manner as provided under this Act.

अतः उक्त प्राविधानों से स्पष्ट है कि अपार्टमेन्ट ऑनरशिप एक्ट, 2010 के अनुसार अधिभोग प्रमाण पत्र जारी किये जाने के उपरान्त दो वर्ष के अन्दर बहुमंजिले इमारत में कोई

structural defects होता है, तो बिल्डर का यह दायित्व है कि इस प्रकार के structural defects को दूर करें जबकि रेरा अधिनियम, 2016 के अनुसार अधिभोग प्रमाण पत्र जारी किये जाने के उपरान्त पाँच वर्ष के अन्दर बहुमंजिले इमारत में कोई structural defect होता है, तो बिल्डर का यह दायित्व है कि इस प्रकार के structural defects को दूर करें। दोनों में से अधिक अवधि रेरा अधिनियम में प्राविधानित की गयी हैं अतः उक्त अवधि 05 वर्ष मानी जानी चाहिए।

उ0प्र0 अपार्टमेन्ट ऑनरशिप एक्ट, 2010 के अंतर्गत शासन द्वारा जारी मॉडल बॉय लॉज के बिन्दु संख्या–37 में निम्नलिखित उल्लेख है:–

Major repairs - If a building requires major repairs for its structural safety or other sufficient reason, a detailed estimate thereof shall be got prepared by the association through an engineer to be appointed by the Board and thereupon, after the approval of the estimate by the Board, the members shall contribute their share for carrying out such repairs.

यहाँ बोर्ड का तात्पर्य Board of Management of an association of apartment ownersसे है।

उक्त से स्पष्ट है कि अधिभोग प्रमाण पत्र जारी होने की दिनांक से पांच वर्ष तक स्ट्रक्चरल सेफ्टी का दायित्व संबंधित बिल्डर का है तथा 05 वर्ष के उपरान्त स्ट्रक्चरल सेफ्टी का दायित्व Board of Management of association of apartment owners का है। लखनऊ विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि आंशिक अधिभोग प्रमाण पत्र जारी किये जाने का भी प्राविधान है। उपरोक्त से स्पष्ट है कि structural defects के प्रयोजन हेतु सम्पूर्ण अधिभोग प्रमाण पत्र जारी होने के पश्चात् common areas and facilitiesको अपार्टमेंट ऑनर्स एसोसिएशन को हस्तान्तरित होने के पश्चात 05 वर्ष तक स्ट्रक्चरल सेफ्टी का दायित्व संबंधित बिल्डर का होगा तथा 05 वर्ष के उपरान्त स्ट्रक्चरल सेफ्टी का दायित्व Board of Management of association of apartment owners का होगा।

स्ट्रक्चरल ऑडिट हेतु Reputed Structural Consultantsका एक पैनल प्राधिकरण स्तर पर गठित किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें आई.आई.टी./एन.आई.टी./सैन्ट्रल यूनिवर्सिटीज/सी.एस.आई.आर. के अंतर्गत स्ट्रक्चर से संबंधित रिसर्च इन्सटीट्यूशन/Reputed Structural Consulting Firms सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है। तदानुसार स्ट्रक्चरल ऑडिट के संबंध में निम्नवत् प्रस्ताव है :–

1. बहुमंजिले भवनों के निर्माण के दौरान निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए third party inspection कराया जाना आवश्यक होगा। Third party inspection agencies का एक पैनल प्राधिकरण स्तर पर तैयार किया जायेगा।
2. Third party inspection agencies का पैनल तैयार किये जाने हेतु आवश्यक योग्यताओं तथा procedure का निर्धारण प्राधिकरण द्वारा अलग से किया जायेगा।
3. Third party inspection हेतु प्राधिकरण द्वारा तैयार किये गये पैनल में से किसी एक एजेन्सी का चयन बिल्डर द्वारा किया जायेगा एवं इस एजेन्सी के साथ एक अनुबन्ध सम्पादित किया जायेगा। मानचित्र स्वीकृति के समय उक्त अनुबन्ध की प्रति प्राधिकरण में जमा करायी जायेगी।
4. स्ट्रक्चरल ऑडिट का कार्य बिल्डर अथवा ए.ओ.ए. द्वारा प्राधिकरण में empanelled consultantके माध्यम से ही कराया जायेगा।

5. किसी भी योजना का अधिभोग प्रमाण पत्र जारी होने के उपरान्त 05 वर्ष तक की समयसीमा तक स्ट्रक्चरल ऑडिट का दायित्व बिल्डर का होगा। बिल्डर द्वारा स्ट्रक्चरल ऑडिट व स्ट्रक्चरल ऑडिट में पायी गयी कमियों का निराकरण कराया जायेगा।
6. उपरोक्त बिन्दु 05 की अवधि समाप्त होने के बाद स्ट्रक्चरल ऑडिट के व्यय/कमियों के निराकरण की जिम्मेदारी ए॰ओ॰ए॰ की होगी।
7. किसी भी प्रोजेक्ट का आंशिक/अंतिम अधिभोग प्रमाण पत्र जारी होने के बाद, यदि उसके किसी बहुमंजिला भवन के 25 प्रतिशत अथवा उससे अधिक आवंटियो द्वारा Structural Defectsकी शिकायत की जाती है, तो प्राधिकरण स्तर पर प्राप्त शिकायत का परीक्षण किया जायेगा। योजना अपार्टमेन्ट ऑनर्स एसोसिएशन को हस्तान्तरित होने के बाद नियमानुसार गठित ए॰ओ॰ए॰ द्वारा प्रस्ताव दिये जाने की दशा में भी उपरोक्तानुसार कार्यवाही की जायेगी।
8. यदि स्ट्रक्चरल ऑडिट की रिपोर्ट में निर्मित बहुमंजिला भवन/ बहुमंजिले भवनों/के स्ट्रक्चर के संबंध में कोई प्रश्न उठाया जाता है, तो ऐसी स्थिति में बिल्डर को बहुमंजिला भवन/बहुमंजिले भवनों में स्ट्रक्चरल डिफेक्ट्स दूर कर पुनः आंशिक अथवा पूर्ण अधिभोग प्रमाण पत्र हेतु आवेदन करना होगा।
9. प्राधिकरण स्तर पर Reputed Structural Consultantsका एक पैनल तैयार किया जायेगा। इस पैनल में आई॰आई॰टी॰/एन॰आई॰टी॰/सैन्ट्रल यूनिवर्सिटीज/ सी॰एस॰आई॰आर॰ के अंतर्गत स्ट्रक्चर से संबंधित रिसर्च इन्सटीट्यूशन/Reputed Structural Consulting Firms, आदि सम्मिलित किया जाना प्रस्तावित है। Terms of reference को अंतिम रूप देकर स्ट्रक्चरल कन्सल्टैन्ट्स का पैनल तैयार किये जाने हेतु उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।
10. प्राधिकरण द्वारा आंशिक अथवा पूर्ण अधिभोग प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व प्राधिकरण में empanelled consultant से बिल्डर के व्यय पर बहुमंजिले भवन/भवनों का स्ट्रक्चरल ऑडिट कराया जायेगा। स्ट्रक्चरल ऑडिट में यदि बहुमंजिले भवन/भवनों को प्रत्येक दृष्टिकोण से सुरक्षित पाया जाता है, तो ऐसी स्थिति में ही आंशिक अथवा पूर्ण अधिभोग प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा।
11. Case to Case Basis पर empanelled consultants में से किसी एक को उपाध्यक्ष ल0वि0प्रा0 द्वारा नामित किया जा सकता है। शिकायत प्राप्त होने के उपरान्त कन्सलटेन्ट द्वारा स्थल निरीक्षण एवं अभिलेखों का अध्ययन करने के उपरान्त निम्नलिखित बिन्दुओं पर विस्तृत आख्या प्रस्तुत की जायेगी:—
    - जिस योजना के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है, उस योजना का पूर्ण अधिभोग प्रमाण पत्र जारी हुआ है अथवा नही?
    - यदि जारी हुआ है, तो पूर्ण अधिभोग प्रमाण पत्र जारी किये जाने की तिथि से 05 वर्ष पूर्व शिकायत प्राप्त हुई है अथवा 05 वर्ष पश्चात् शिकायत प्राप्त हुई है?
    - शिकायत में उल्लेखित कमियाँ minor defects की श्रेणी के अंतर्गत आती है अथवा major defects की श्रेणी के अंतर्गत आती है?

12. यदि कन्सलटेन्ट द्वारा यह संस्तुति की जाती है कि शिकायत minor defectsसे संबंधित है, तो प्राधिकरण द्वारा बिल्डर को तत्काल शिकायत का निराकरण किये जाने हेतु नोटिस जारी किया जायेगा। बिल्डर का यह दायित्व होगा कि 03 माह में शिकायत का निराकरण कर दिया जाये।
13. यदि कन्सलटेन्ट द्वारा यह संस्तुति की जाती है कि शिकायत major defectsसे संबंधित है तथा स्ट्रक्चरल ऑडिट के उपरान्त प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर ही उसका निराकरण किया जा सकता है, तो ऐसी स्थिति में स्ट्रक्चरल ऑडिट कराया जाना आवश्यक होगा। योजना अपार्टमेन्ट ऑनर्स एसोसिएशन को हस्तान्तरित होने के बाद ए.ओ.ए. द्वारा प्रस्ताव दिये जाने की दशा में भी उपरोक्तानुसार कार्यवाही की जायेगी। कन्सलटेन्ट द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर स्ट्रक्चरल ऑडिट प्राधिकरण में empanelled consultants के माध्यम से बिल्डर/ए.ओ.ए. द्वारा करवाया जाना होगा। यह स्ट्रक्चरल ऑडिट समिति की संस्तुति पर उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ के आदेश के उपरान्त एक माह में बिल्डर/ए.ओ.ए. द्वारा कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। स्ट्रक्चरल ऑडिट का व्यय बिल्डर/ए.ओ.ए. द्वारा वहन किया जायेगा।
14. स्ट्रक्चरल ऑडिट के लिए scope निम्नवत् होगा, जिसमें अतिरिक्त बिन्दु भी सम्मिलित किये जा सकते हैं:–

i. Structural audit shall be carried out as a qualitative assessment in accordance with latest guidelines of N.B.C Visual health inspection of buildings covering internal, external and common areas, marking in floor plans all the visible defects, deterioration and quantification.

ii. Preparation of detailed report based on visual inspection, NDT, suggesting / phasing out priority wise repair / remedial and retrofitting measures.

iii. Detailed inspections of the quality of material, workmanship etc.

iv. Field testing and sampling of construction material etc.

v. Assessment of damages of RCC members through NDT (Non - Destructive Testing).

vi. Finding the probable causes of damages, seepage / leakages and status of external plumbing installations.

vii. Review of structural drawings to evaluate the structural stability and safety of the building constructed as per current circumstances.

viii. Estimation of structural capacity on the basis of the tests (Non Destructive Evaluation Tests),

ix. Scrutinizing / verifying drawings and specifications

x. Analysis of observation and test for assessment of mechanism and cause of damage, distress and durability requirements.

xi. Tests to confirm reinforcement locations, types of reinforcement, bar diameters and their mechanical properties, strength of existing concrete and other properties for reinforced concrete structures.

xii. For load bearing masonry constructions, appropriate testing be done to evaluate the masonry strength.

xiii. Analysis of test results to establish statistical equivalent material properties.

xiv. Limits of faulty construction.

xv. Structural consultant shall give clear recommendation on the safety of the building, possible remedial and retrofitting steps.

15. यदि बिल्डर द्वारा स्ट्रक्चरल ऑडिट नही कराया जाता है, तो ऐसी अवस्था में प्राधिकरण द्वारा बिल्डर को 01 माह में स्ट्रक्चरल ऑडिट कराकर उसकी रिपोर्ट प्राधिकरण में जमा कराये जाने हेतु नोटिस जारी किया जाना प्रस्तावित है। यदि बिल्डर निर्धारित अवधि में स्ट्रक्चरल ऑडिट नही कराता है, तो प्राधिकरण स्तर से empanelled consultants से ऑडिट कराकर उस पर व्यय हुई धनराशि बिल्डर से वसूल किया जाना प्रस्तावित है। यदि बिल्डर द्वारा धनराशि जमा नही करायी जाती है, तो व्यय हुई धनराशि भू–राजस्व की भांति वसूल की जायेगी।

16. स्ट्रक्चरल ऑडिट की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त यदि यह पाया जाता है कि किसी बहुमंजिली इमारत में Major repairs/रिट्रो फिटिंग की आवश्यकता है, तो ऐसी स्थिति में बिल्डर द्वारा स्ट्रक्चरल डिफेक्ट दूर की जायेंगी। उक्त स्ट्रक्चरल डिफेक्ट्स को दूर किये जाने हेतु संबंधित बिल्डर द्वारा 01 माह में स्थल पर कार्य प्रारम्भ किया जाना आवश्यक होगा तथा 06 माह में कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। आवश्यकतानुसार केस–टू–केस वेसिस पर यह अवधि बढाई जा सकती है।

17. यदि ए॰ओ॰ए॰ द्वारा स्ट्रक्चरल ऑडिट नही कराया जाता है, तो ऐसी अवस्था में प्राधिकरण द्वारा ए॰ओ॰ए॰ को एक माह में स्ट्रक्चरल ऑडिट कराकर उसकी रिपोर्ट प्राधिकरण में जमा कराये जाने हेतु नोटिस जारी किया जाना प्रस्तावित है। यदि ए॰ओ॰ए॰ द्वारा निर्धारित अवधि में स्ट्रक्चरल ऑडिट नही कराया जाता है, तो प्राधिकरण स्तर से empanelled consultants से ऑडिट कराकर उस पर व्यय हुई धनराशि ए॰ओ॰ए॰ के मैनेजमेन्ट बोर्ड से वसूल किया जाना प्रस्तावित है। यदि मैनेजमेन्ट बोर्ड द्वारा धनराशि जमा नही करायी जाती है, तो व्यय हुई धनराशि मैनेजमेन्ट बोर्ड से आर॰सी॰ के माध्यम से वसूल किया जाना प्रस्तावित है।

18. स्ट्रक्चरल ऑडिट की रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त यदि यह पाया जाता है कि किसी बहुमंजिली इमारत में मेजर रिपेयर/रिट्रो फिटिंग की आवश्यकता है, तो ऐसी स्थिति में सम्पूर्ण अधिभोग प्रमाण पत्र जारी होने की दिनांक से 05 वर्ष की अवधि के आधार पर बिल्डर/ए॰ओ॰ए॰ द्वारा स्ट्रक्चरल डिफेक्ट्स दूर की जायेगी।

19. स्ट्रक्चरल ऑडिट की नेगेटिव रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त 01 माह में स्थल पर कार्य प्रारम्भ किया जाना आवश्यक होगा तथा 06 माह में कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। अन्यथा की दशा में बिल्डर/ए0ओ0ए0 के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जायेगी, ताकि जन धन की हानि न हो।

उपरोक्त के अतिरिक्त भविष्य में प्राप्त होने वाले बहुमंजिले भवनों के स्ट्रक्चरल आडिट के सम्बन्ध में भवन उपविधि में निम्न संशोधन आवश्यक है:–

(1) मानचित्र स्वीकृति के समय प्रस्तावित बहुमंजिलें भवन/भवनों की आयु कितने वर्ष मानी जायेगी। उक्त हेतु भी प्रमाण पत्र सम्बन्धित भू-स्वामी/आर्कीटेक्ट/स्ट्रक्चरल इंजीनियर से प्राप्त किया जायें।

(2) मानचित्र स्वीकृति के पश्चात् पूर्णता प्रमाण पत्र जारी होने के 25 वर्ष तक की समयावधि में 05 वर्ष के अन्तराल पर, 25–50 वर्ष की अवधि तक 03 वर्ष के अन्तराल पर एवं 50 वर्ष से अधिक अवधि के लिए प्रत्येक वर्ष स्ट्रक्चरल आडिट अनिवार्य किये जाने के प्राविधान किये जाये, इस हेतु समस्त व्यय सम्बन्धित ए0ओ0ए0 द्वारा वहन किया जायेगा। उक्त के उल्लंघन की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध बहुमंजिले भवन के अध्यासियों/आवंटी द्वारा विधिक कार्यवाही किये जाने का भी प्राविधान किया जाये।

उपरोक्तानुसार स्ट्रक्चरल आडिट पालिसी प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किये जाने की अनुशंसा की जाती है।

प्रभारी अधिकारी
अपार्टमेन्ट एक्ट
ल0वि0प्रा0,

अधिशासी अभियन्ता,
ल0वि0प्रा0

सहयुक्त नियोजक,
लखनऊ सम्भागीय खण्ड, लखनऊ,
नगर एवं ग्राम नियोजक विभाग,
लखनऊ।

मुख्य नगर नियोजक,
ल0वि0प्रा0

मुख्य अभियन्ता (भवन),
लोक निर्माण विभाग

मुख्य अग्नि शमन अधिकारी,
लखनऊ

मुख्य अभियन्ता,
पावर कार्पोरेशन, लखनऊ

विशेष कार्याधिकारी,
ल0वि0प्रा0

सचिव,
ल0वि0प्रा0

अनुमोदित,

(डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी)
उपाध्यक्ष

विषय संख्या – 26 पृ० सं०–187

प्रस्तावः– ऐसे आवंटी जिन्हें प्राधिकरण रजिस्ट्री/कब्जा नहीं दे पा रहा है, के स्थान पर फ्लैट आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में संशोधित नीति का निर्धारण।

विषयवस्तुः– मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ में योजित याचिका सं0–2025/2022 जगदीश प्रसाद मौर्य बनाम ल0वि0प्रा0 एवं अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक–14.03.2023 को निम्न आदेश पारित किये गयेः–

**"……………….. Lucknow Development Authority, petitioner would be entitled to the same area of plot in the vicinity of Gomti Nagar, Vistar, Lucknow or in an adjoining development scheme without any escalation in cost/price"**

**"……………….. Vice-Chairman Lucknow Development Authority appear before this Court and inform us as to the specific flat, which is to be offered to the petitioner in terms of our earlier order dated 08.04.2022 and also as to what compensation should be given to the petitioner for treatment meted out to him by the Lucknow Development Authority.**

मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक–27.03.2023 में निम्न आदेश पारित किये गये है।

**"……………….. We have already provided in our earlier order dated 14.03.2023 that the sale consideration would have to be determined as on 28.02.2005 when the earlier land/plot was allotted to petitioner.** प्राधिकरण बोर्ड की 175 वीं बैठक के मद संख्या–175/21 दिनांक–27.09.2022 में प्राधिकरण में विभिन्न प्रकार की आंवटित/विवादित सम्पत्तियों के समायोजन के सम्बन्ध में निम्नवत् निर्णय लिया गया था :–

1. किसी चूक अथवा विवाद के कारण पूर्व से आवंटित भूमि/भूखण्ड का समायोजन भूखण्ड में नहीं किया जायेगा।
2. यदि प्राधिकरण की किसी चूक अथवा विवाद के कारण आवंटित सम्पत्ति (भवन/भूखण्ड) का कब्जा प्राधिकरण नहीं दे पाता है, तो आवंटी की सहमति के आधार पर पहले आओ, पहले पाओ योजना के अन्तर्गत उपलब्ध फ्लैट को समायोजन के समय लागू मूल्य पर प्राधिकरण द्वारा समायोजित किया जा सकेगा।
3. आवंटी के द्वारा जमा धनराशि स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR) दर पर आगणित करते हुए समायोजित किये जाने वाले फ्लैट में समयोजित कर दी जायेंगी।
4. यदि आवंटी भवन/भूखण्ड का पहले आओ पहले पाओ योजनान्तर्गत फ्लैट में समायोजन नहीं चाहता है, तो उसे स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR) दर पर आगणित करते हुए। उसे वापस कर दिया जाये।

प्राधिकरण बोर्ड के 176 वीं बोर्ड बठैक के मद संख्या–2 दिनांक–01.09.2022 में निर्देश दिये गये कि "पूर्व के निबन्धित/पात्र आवंटियों को गत 175वीं बौर्ड बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार समायोजित किये जाने के समय अन्य लाभ यथा ब्याज फ्लैट की दर निर्धारण आदि दिये जाने के सम्बन्ध में परीक्षण कर सुविचारित प्रस्ताव अगामी बैठक में बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाये। "मा0 उच्च न्यायालय द्वारा उपरोक्त आदेश के अनुपालन में प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये उक्त निर्णय के क्रम में ऐसे आवंटी जिनके द्वारा भूखण्डों के सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि जमा कर दी गयी है, रजिस्ट्री भी की जा चुकी है, परन्तु कब्जा दिया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। ऐसे

आवंटियों को "पहले आओ पहले पाओ" योजना के अन्तर्गत फ्लैटों में समायोजन के सम्बन्ध में निम्नवत् पॉलिसी प्रस्तुत की जा रही है:-

**समायोजन पॉलिसी:-**

1. भूखण्ड का भूखण्ड में समायोजन नहीं किया जायेगा।
2. भूखण्ड से फ्लैटों में समायोजन हेतु निम्न प्रक्रिया का पालन किया जायेगा।
   (क) जिन भूखण्डों सापेक्ष रजिस्ट्री की जा चुकी है, अथवा सम्पूर्ण धनराशि जमा है, परन्तु कब्जा दिया जाना सम्भव नहीं है। ऐसे प्रकरणों में आवंटी के भूमि के क्षेत्रफल के समतुल्य भूमि को समायोजन में आवंटित किये जाने वाले फ्लैटों के समानुपातिक भूमि के क्षेत्रफल के सापेक्ष समायोजित कर दिया जायेगा।
   (ख) यदि फ्लैट के आवंटन में समानुपातिक भूमि के क्षेत्रफल के सापेक्ष भूमि को समायोजित करने के पश्चात् मूल रूप से आवंटित भूखण्ड के क्षेत्रफल में से कुछ क्षेत्रफल अवशेष बचता है तों अवशेष क्षेत्रफल की भूमि के मूल्य को अंतिम धनराशि जमा किये जाने के पश्चात् समायोजन के समय लागू स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (MCLR) दर पर ब्याज सहित फ्लैट की निर्माण लागत में समायोजित कर लिया जायेगा।
   (ग) यदि आवंटी को आवंटित फ्लैट का समानुपातिक भूमि के क्षेत्रफल मूलरूप से आवंटित भूखण्ड के क्षेत्रफल से कम है तो आवंटी क्षेत्रफल के समतुल्य क्षेत्रफल फ्लैट में समानुपातिक भूमि के क्षेत्रफल से समायोजित करने के उपरान्त समानुपातिक भूमि के क्षेत्रफल की अवशेष भूमि का मूल्य को निर्माण लागत में जोड़ते हुये वाछिंत धनराशि आवंटी द्वारा जमा करायी जायेगी।
3. जिन आवंटियों द्वारा आवंटित भूखण्ड में सापेक्ष सम्पूर्ण धनराशि जमा नहीं की गयी है, उनका फ्लैटों में समायोजन के समय फ्लैट के मूल्य के सापेक्ष जमा धनराशि को तत्समय लागू स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (MCLR) दर पर ब्याज सहित समायोजित करने के पश्चात् अवशेष धनराशि आवंटी द्वारा जमा की जायेगी।

प्राधिकरण बोर्ड बैठक की 166वीं बैठक दिनांक–27.04.2020 में कास्टिंग गाइड के प्रस्तर–2 में सम्पत्तियों के मूल्य वृद्धि को निम्नवत् संशोधित किये जाने का निर्णय लिया गया था। जिसे उसके सम्मुख संशोधित किये जाने का प्रस्ताव है:-

| प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक–27.04.2020 में स्वीकृत प्रस्ताव | संशोधित प्रस्ताव |
|---|---|
| **प्रस्तर–24 संपत्तियों के मूल्य वृद्धि–**<br>आवंटन तिथि में अनुमानित कीमत आंकलित कर आवंटी से मूल्य लिया जाये। तथा निर्माण पूर्ण होने पर वास्तविक कीमत का अन्तर और लिया जाये। यदि वास्तविक मूल्य आवंटन–पत्र में सूचित मूल्य से 10 प्रतिशत (कार्नर भूखण्ड तथा मानक क्षेत्र से अधिक क्षेत्रफल की स्थिति की छोड़कर अधिक बढ़ता है) तो आवंटी को विकल्प होगा कि वह सम्पत्ति क्रय न करे और जमा धनराशि बिना कटौती के वापसी हेतु आवेदन की तिथि को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR) की | 1. आवंटन तिथि में अनुमानित कीमत आंकलित कर आवंटी से मूल्य लिया जाये। तथा निर्माण पूर्ण होने पर वास्तविक कीमत का अन्तर लिया जाये। यदि वास्तविक मूल्य आवंटन–पत्र में सूचित मूल्य से 10 प्रतिशत (कार्नर भूखण्ड तथा मानक क्षेत्र से अधिक क्षेत्रफल की स्थिति की छोड़कर अधिक बढ़ता है) तो आवंटी को यह विकल्प होगा कि वह सम्पत्ति क्रय न करे और जमा धनराशि |

| | |
|---|---|
| दर पर वापस प्राप्त कर ले। भूखण्डों में आवंटन तिथि को प्रचलित दर ही ली जायेगी। इस प्रकार यदि निर्धारित अवधि में आवंटी की रजिस्ट्री/ कब्जा की प्रक्रिया नहीं कर पाते हैं, तो तब भी आवंटी चाहे तो संपत्ति क्रय न करे और धनराशि वापस किये जाने हेतु आवेदन की तिथि को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित Marginal Cost of Fund Based Lending Rate (MCLR)की दर पर वापस प्राप्त कर ले। प्राधिकरण की जिन योजनाओं में निबन्धन की कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है उन पर प्रभावी नहीं होगा। | बिना कटौती वापसी हेतु आवेदन की तिथि को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा (MCLR) की दर पर वापस प्राप्त कर ले। भूखण्डों की दर आवंटन दर की प्रचलित दर ही ली जायेगी। इसी प्रकार यदि निर्धारित अवधि में आवंटी की रजिस्ट्री/कब्जा की प्रक्रिया नहीं कर पाते है तो भी आवंटी चाहे तो सम्पत्ति क्रय न करे और धनराशि वापस प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन की तिथि को स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (MCLR) की दर पर वापस प्राप्त कर लें।<br>2. प्राधिकरण की जिन योजनाओं में निबन्धन की कार्यवाही प्रारम्भ की जा चुकी है, तथा उन योजनाओं के आवंटन पत्र में सूचित मूल्य में 10 प्रतिशत तक (कार्नर भूखण्ड तथा मानक स्थिति को छोड़कर) वृद्धि होती है एवं आवंटी द्वारा वापसी की माँग की जाती है तो आवंटी को नियमानुसार कटौती कर धनराशि वापस की जायेगी। |

उपरोक्तानुसार समायोजन आवंटित/विवादित सम्पत्तियों के समायोजित हेतु प्रस्तुत समायोजन पॉलिसी तथा कांस्टिग गाइड लाइन के प्रस्तर–2 उपरोक्तानुसार संशोधन का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

अनुसचिव

उप सचिव (एम)

3/4/23
OSD

(प्रिया सिंह)
विशेष कार्याधिकारी
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ

विशेष कार्याधिकारी
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ

राजीव कुमार
विशेष कार्याधिकारी
ल0 वि0 प्राधिकरण

विषय– गोमती नगर योजना के विपिन खण्ड स्थित दि इण्डियन होटल कम्पनी लि0 (ताज होटल) से अनुलग्न ग्रीन बेल्ट की भूमि क्षेत्रफल 12876.00 वर्ग मीटर को 25 वर्ष के लिये अनुज्ञप्ति पर दिये जाने के सम्बन्ध में।

गोमती नगर योजना के विपिन खण्ड स्थित दि इण्डियन होटल कम्पनी लि0 (ताज होटल) को प्राधिकरण द्वारा होटल निर्माण हेतु भूमि आवंटित की गयी थी। होटल के साथ लगी हुई 25 एकड़ ग्रीन बेल्ट की भूमि अनुज्ञप्ति पर विभिन्न शर्तों के अधीन वर्ष 1993 में होटल को आवंटित की गयी थी। होटल के द्वारा निर्धारित शर्तों का उल्लंघन किये जाने पर ग्रीनबेल्ट की भूमि का आवंटन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 19.04.2022 को निरस्त कर कब्जा प्राप्त कर लिया गया था। वर्तमान में होटल के तीन तरफ ग्रीनबेल्ट की भूमि, जिसका क्षेत्रफल 12875.00 वर्ग मीटर है, पर अभी भी होटल का कब्जा है। यह भूमि होटल के तीन तरफ होने के कारण प्राधिकरण द्वारा इसका उचित उपयोग नहीं किया जा पा रहा है।

दि इण्डियन होटल कम्पनी लि0 (ताज होटल) के पत्र दिनांक 12.07.2022 के द्वारा अनुरोध किया गया है कि जिस भूमि का उपयोग प्राधिकरण नहीं कर पा रहा है, उसे उन्हें पुनः पूर्व की भांति अनुज्ञप्ति पर दे दी जाये। परीक्षण कराये जाने पर स्पष्ट हुआ है कि ग्रीनबेल्ट की भूमि लाइसेंस पर दिये जाने के सम्बन्ध में कोई स्पष्ट नीति नहीं है। इस सम्बन्ध में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से जानकारी करने पर ज्ञात हुआ है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 153वी बोर्ड बैठक दिनांक 25.06.2019 के द्वारा खेल–कूद के मैदान को विद्यालयों को अनुज्ञप्ति पर दिये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया है कि प्रश्नगत भूमि रू0 100/– प्रति वर्ग मीटर की दर पर अनुज्ञप्ति पर आवंटित किये जाने के सम्बन्ध में शासन को अनुमोदनार्थ प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि पूर्व में प्राधिकरण द्वारा 25 एकड़ भूमि वर्ष 1993 में रू0 95,463.00 प्रति वर्ष की दर पर अनुज्ञप्ति पर आवंटित की गयी थी और यह भूमि 25 वर्ष के लिये आवंटित थी।

चूंकि काफी समय व्यतीत हो चुका है और महगांई भी काफी बढ़ गयी है। अतः गाजियाबाद विकास प्राधिकरण बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार रू0 100/– प्रति वर्ग मीटर की दर पर वर्ष 2019 से कास्ट इन्डेक्स के आधार पर रू0 115/– प्रति वर्ग मीटर की दर से दि इण्डियन होटल कम्पनी लि0 (ताज होटल) के कब्जे की भूमि, जिसका क्षेत्रफल 12876.00 वर्ग मीटर है, को पूर्व की भांति 25 वर्ष के लिये दिये जाने

SA उप सचिव 6/4/23 OSD

पर विचार किया जा सकता है, जिससे प्रतिवर्ष कुल रु0 14,80,740.00 की आय प्राधिकरण को प्राप्त होगी।

अतः दि इण्डियन होटल कम्पनी लि0 (ताज होटल) को उनके कब्जे की भूमि 12,876.00 वर्ग मीटर को 25 वर्ष के लिये पूर्व निर्धारित शर्तों के अधीन अनुज्ञप्ति पर दिये जाने हेतु प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है। यह भी प्रस्ताव है कि यदि इन्हें भूमि अनुज्ञप्ति पर दी जाती है तो इसी दर से पिछला किराया भी इनसे वसूल किया जाये तथा भविष्य में प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज के साथ अनुज्ञप्ति फीस वसूल की जाये।

6/4/2023

06.4.23
(श्रीराम पाण्डेय)
अनुभाग अधिकारी

06.04.23
(सर्वेश कुमार)
उप सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

6/4/23
(प्रिया सिंह)
विशेष कार्याधिकारी
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ

192

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ, गाजियाबाद।

पत्र सं0 907 /प्रशा0अनु0 /2019 दिनांक 25/7/19

मुख्य वास्तुविद / प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति जोन–1 से 8 तक /
वित्त नियंत्रक / मुख्य अभियन्ता / प्रभारी व्यवसायिक
प्रभारी अधिकारी भू–अर्जन / प्रभारी अधिकारी प्रर्वतन जोन–1 से 8 तक /
उक्त व्यवस्थाओं के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने के दौरान प्राधिकरण के समक्ष विषम परिस्थितियॉ उत्पन्न होती रहती है जैसे कि यदि प्राधिकरण अर्जित भूमि में कब्जा आदि प्राप्त करने जाता है तो किसानों के विरोध का सामना करना पड़ता है। इसी प्रकार अवैध निर्माणों की रोकथाम एवं ध्वस्तीकरण के दौरान निर्माणकर्ताओं के द्वारा विरोध किया जाता है। कई बार विकास कार्यों के लिए निविदा प्रक्रिया के दौराना ठेकेदारों के मध्य विवाद उत्पन्न होता रहता है। इन सब कार्यों के लिए समय–समय पर पुलिस बल की आवश्यकता पड़ती रहती है।

उल्लेखनीय है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण में वर्तमान में उपनिरीक्षक–1, मुख्य आरक्षी–5 एवं आरक्षी–2 कुल 08 पुलिसकर्मी तैनात है जिनसे इस प्रकार के कार्यों का सम्पादन कराया जा रहा है लेकिन 08 पुलिसकर्मियों की उपलब्धता के आधार पर पूरे विकास क्षेत्र की कार्यवाही सम्पादित नहीं हो पाती है एवं क्षेत्रीय पुलिस के सहयोग के बिना कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाती है एवं क्षेत्रीय पुलिस के अनुपलब्धता के आधार पर प्राधिकरण का कार्य प्रभावित होता है। इस प्रकार वर्तमान में प्रवर्तन के कार्यों को और सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाये जाने हेतु प्रवर्तन दल की स्थापना आवश्यक है।

अवगत कराना है कि नगर विकास अनुभाग–7 के शासनादेश संख्याः 1489/नौ–7–18–6(ज)/2018 दिनॉक 22 सितम्बर 2018 के द्वारा नगर निगमों में प्रवर्तन दल की स्थापना हेतु विस्तृत निर्देश जारी किये गये है। शासनादेश के बिन्दु संख्या–6 पर निम्न व्यवस्था है –

(क) सेवानिवृत्त कर्नल/लेफिटनेन्ट कर्नल स्तर के अधिकारी (या इनके समकक्ष भारतीय नौसना/भारतीय वायुसेना के अधिकारी) प्रवर्तन दल के प्रभारी होगें।

(ख) सेवानिवृत्त जे0सी0ओ0 रैंक के अधिकारी टीम लीडर होगें। (संख्या–03)

(ग) सेवानिवृत्त एन0सी0ओ0/ओ0आर0 रैंक के अधिकारी स्क्वायड कमाण्डर। (संख्या–06)

चूँकि प्राधिकरण में स्वीकृत 24 पदों की पूर्ति हेतु अधिष्ठान विभाग के माध्यम से पुलिस महानिदेशक–स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिरीक्षक उ0प्र0 को पत्र प्रेषित किये जा चुके है। अतः जब तक पुलिस पद पूर्ण नहीं हो जाते तब तक निम्नलिखित प्रस्ताव बोर्ड बैठक में विचारार्थ प्रस्तुत है –

1. सेवानिवृत्त कर्नल/ लेफिटनेन्ट कर्नल स्तर के 01 अधिकारी(प्रवर्तन दल प्रभारी) उ0प्र0पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमि0के माध्यम से निर्धारित दरों पर तैनात किया जाए।
2. प्रवर्तन दल हेतु सेवानिवृत्त जे0सी0ओ0 (सुपरवाइजर) रैंक के 03 अधिकारी (टीम लीडर) तैनात कर लिया जाए जिसकी तैनाती उ0प्र0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमि0 में निर्धारित दरों पर की जाएगी।
3. सेवानिवृत्त एन0सी0ओ0/ओ0आर0 रैंक के 12 अधिकारी जो उ0प्र0 पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमि0 द्वारा निर्धारित दरों पर तैनात किये जाएगें।

उपरोक्त कुल 16 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती पर लगभग रू0 5,50,000/– (रू0 पॉच लाख पचास हजार मात्र) प्रतिमाह का व्यय प्रस्तावित है साथ ही समय–समय पर श्रम विभाग की दरों में बढ़ोत्तरी होने पर व्यय भार में परिवर्तन होता रहेगा।

उपरोक्तानुसार प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

(ज्ञानेन्द्र वर्मा)
अपर सचिव

संख्या– 1489/नौ–7–18–6(ज)/2018

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में

1. निदेशक स्थानीय निकाय, उ0प्र0।
2. समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उ0प्र0।
3. समस्त अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद उ0प्र0।
(एक लाख जनसंख्या से अधिक के निकाय)

नगर विकास अनुभाग–7 लखनऊ : दिनाँक :22-सितम्बर, 2018

विषयः–नगरीय निकायों में प्रवर्तन दल की स्थापना।

महोदय,

नगरीय निकायों में प्रवर्तन दल की स्थापना के संबंध में निर्गत शासनादेश संख्या–181/नौ–7–18–6(ज)/2018, दिनांक 29 मार्च, 2018 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त उक्त शासनादेश दिनांक 29 मार्च, 2018 को अवक्रमित करते हुए कतिपय संशोधनों सहित यह शासनादेश निर्गत किया जा रहा है।

2. नगरीय निकायें संवैधानिक स्वायत्तशासी संस्थाएं हैं। इन्हें संविधान के 74वें संशोधन के माध्यम से और अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार प्रतिनिधानित किया गया है। नगरीय निकाय के कर्तव्य/दायित्वों का निर्वहन अधिनियम तथा नियमावली के प्राविधानों तथा सदन के निर्णयों के माध्यम से किया जाता हैं। स्थानीय निकायों को सौंपे गये कर्तव्यों एवं दायित्वों में प्रवर्तन का बहुत महत्वपूर्ण योगदान है। प्रवर्तन को अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाये जाने की आवश्यकता है। शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों और अधिनियम व नियमावलियों के प्राविधानों का अनुपालन स्थानीय निकायों द्वारा सुनिश्चित करने में नियमित अनुश्रवण तथा प्रवर्तन की महती भूमिका होती है। निकायों के महत्वपूर्ण दायित्वों में नियमित सफाई, स्वास्थ्य, ट्रैफिक, अपशिष्ट प्रबन्धन, सड़क, मार्ग प्रकाश के अतिरिक्त निकायों की सम्पत्तियों को अतिक्रमण मुक्त कराना व अतिक्रमण मुक्त रखना, मार्गो से अतिक्रमण हटाना, अनधिकृत स्थानों पर लगे होर्डिंग्स व ट्रैफिक सुरक्षा, अनधिकृत पार्किंग रोकना, निकायों की सम्पत्तियों पर से अनधिकृत कब्जा हटाना, अप्रदूषणकारक पशुओं का विनियमन और नियंत्रण, प्लास्टिक कैरीबैगों के प्रयोग व प्लास्टिक/थर्माकोल से निर्मित एक बार उपयोग के पश्चात निस्तारण योग्य कपों, ग्लासों, प्लेटों इत्यादि पर प्रतिबन्ध आदि सम्मिलित है।

3. उपरोक्त के संबंध में मा. उच्च न्यायालय के निर्देशों के आलोक में विस्तृत रूप से शासनादेश संख्या–3079/नौ–7–12–16ज/2012, दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 जारी किया गया है। मा. न्यायालय द्वारा पारित आदेशों का कियात्मक अंश निम्नवत् है–

Order dated 06-04-2005 (Writ Petition No.2435(MB) of 2001)

"....The Senior Superintendent, Lucknow shall provide the necessary force to the Nagar Nigam for removing the encrochment from the footpath, pavements, public road and streets, He shall also ensure that the in charge/Beat in charge of the concerned Police Station shall take all necessary steps for removing the encrochments from the foot paths pavements. public roads,streets etc in their respective areas..."

Order dated 17-5-2005 (Writ Petition No 2435 (M/B) of 2001)

any encroachment is made on the footpaths and pavements then the responsibility will be of the 'In charge' of the concerned police station and the Superintendent of the police of the area shall be accountable for the same..."

Order dated 27-02-2006 (Writ Petition No 2435 (M/B) of 2001)

" ....the Nagar Nigam,the development Authority, the Public works, Department and the local police shall remove all the encroachment from the foot pathes. pavements roads and street and ensure that the encrochment which was removed earlier do not recur..."

Order dated 09-05-2008 (Writ Petition No 2435 (M/B) of 2001)

"......In the meantime, the Public Works Department, the Lucknow Development Authority, the Lucknow Nagar Nigam and U.P. Awas evam Vikas Parishad, with the assistance of police remeve all the encroachments and unauthorized parking, as ordered by this Court from time to time, from the roads, streets, footpaths and pavements. They shall also remove the encroachments from all the colonies of the city....."

Order dated 18-7-2008 (Writ Petition No 2435 (M/B) of 2001)

".....the piblic works department. Development authority, the U.P.Awas evam Vikas Parishad and the Ngar Nigam, with the assistance of local police,shall remove all the encroachments and unauthorized parking, and also demolish the illegal constructions raised on the public land use though out the city. They shall, with the help of National Highways passing through the city.

The senior Superintendent of polic, shall provide adequate police force to Development Authority, U.P.Awas evam Vikas Parishad and Nagar Nigam Lucknow on their demand."

4. उपर्युक्त शासनादेश दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 में उल्लिखित बिन्दुओं के अतिरिक्त नगरीय निकायों की परिसम्पत्तियों की सुरक्षा से लेकर यातायात व स्वस्थ्य के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर शासन के निर्देश तथा नियमावली के प्राविधानों का सही तरीके से कियान्वयन करने के लिए एक मजबूत प्रवर्तन दल की आवश्यकता महसूस की गयी। इस संबंध में प्राविधान उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम,1959 की धारा 115 के खण्ड 41 में उपलब्ध हैं।

5. अतः उक्त वर्णित तथ्यों के दृष्टिगत नगर निगमों में पहले चरण में प्रवर्तन दल का गठन होगा। इसके अतिरिक्त कोई भी नगर निकाय यदि प्रवर्तन दल का अपने निकाय में गठन करना चाहता है तो वह इस शासनादेश के प्राविधानों के अनुरूप गठन की कार्यवाही सुनिश्चित करेगा।

6. प्रवर्तन दल के गठन हेतु की जाने वाली व्यवस्था को निम्नानुसार लागू किया जाना प्रस्तावित है:—

(1) <u>नगर निगम प्रवर्तन दल हेतुः</u> —

(क) सेवानिवृत्त कर्नल/लेफ्टिनेन्ट कर्नल स्तर के अधिकारी (या इनके समकक्ष भारतीय नौसेना/भारतीय वायु सेना के अधिकारी) प्रवर्तन दल के प्रभारी होंगे।

(ख) सेवानिवृत्त जे0सी0ओ0 रैंक के अधिकारी टीम लीडर होंगे। (संख्या—03)

(ग) सेवानिवृत्त एन0सी0ओ0/ओ0आर0 रैंक के अधिकारी स्क्वायड कमाण्डर (संख्या—6)

(घ) सिपाही/कांस्टिबल, कुल 02 (पी0आर0डी0 या होमगार्ड) जवान होंगे।

(2) प्रवर्तन दल नगर पालिका परिषद (01 लाख से अधिक जनसंख्या) :–

(क) सेवानिवृत्त जे0सी0ओ0 रैंक के अधिकारी प्रवर्तन दल के प्रभारी होंगे।

(ख) सेवानिवृत्त एन0सी0ओ0/ओ0आर0 रैंक के अधिकारी स्क्वायड कमाण्डर होंगे। (संख्या–2)

(ग) सिपाही/कांस्टिबल, (पी0आर0डी0 या होमगार्ड) जवान होंगे (कुल 04)

(3) प्रवर्तन दल के दायित्व :–

1. प्रवर्तन दल सालिड वेस्ड मैनेजमेंट और विशेष तौर पर प्लास्टिक के कूडे पर प्रवर्तन प्राथमिकता से करेंगे।
2. यह दल कूडे के अवैध रूप से किये जा रहे निस्तारण से हॉट स्पाट एवं इण्टर सिटी रोड्स पर भी कूडे के अवैध भण्डारण /निस्तारण पर प्रवर्तन करेंगे।
3. नगरीय निकाय की सम्पत्तियों से अतिक्रमण/अवैध कब्जा हटाना और न होने देना सुनिश्चित करना।
4. अवैध विज्ञापन पटों को हटाना और अवैध विज्ञापन पट न लगने देना।
5. सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों से अतिक्रमण/अवरोध हटाना और उसकी पुनरावृत्ति न होने देना।
6. अवैध पार्किंग को रोकना।
7. प्रतिबंधित वेण्डिग जोन में वेण्डिग न होना सुनिश्चित करना और संबंधित नियमावली के प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही सुनिश्चित करना।
8. प्रतिबंधित प्लास्टिक/थर्मोकोल के विक्रय पर प्रतिबंध सुनिश्चित करना।
9. नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारी द्वारा प्रवर्तन के संबंध में दिये गये अन्य कार्य।
10. प्रवर्तन दल के साथ नगर निगम/नगर पालिका परिषद का सक्षम अधिकारी/कर्मचारी जो स्थल पर समुचित निर्णय लेने, शास्ति आरोपित करने और प्रवर्तन का क्रियान्वयन करने हेतु अधिकृत हो प्रवर्तन दल के साथ रहेगा।
11. प्रवर्तन दल द्वारा कृत्य/सम्पन्न कार्यवाही, वसूली की गयी शास्ति की धनराशि और दायित्वों के निवर्हन के संवंध में प्रगति की नियमित मासिक समीक्षा नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारी द्वारा की जायेगी और उसकी सूचना और परफारमेन्स रिर्पोट प्रतिमाह शासन को उपलब्ध करायी जायेगी।
12. प्रवर्तन दल के सदस्यों के वेतन देयों का भुगतान संबंधित नगरीय निकायों द्वारा किया जायेगा। प्रवर्तन दल को भुगतान किये गये वेतन की समीक्षा उसके द्वारा किये गये कार्यो की प्रगति के आधार पर की जायेगी।

(4) प्रवर्तन दल की नियुक्ति :–

क– प्रवर्तन दल के प्रभारी का चयन भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से राज्य स्तर की समिति करेगी।

ख– प्रवर्तन दल के अन्य भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति भूतपूर्व सैनिक कल्याण निगम के माध्यम से संबंधित प्रवर्तन दल के प्रभारी के साथ नगर निगम/नगर पालिका परिषद के नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारियों के माध्यम से करना सुनिश्चित करेंगे।

ग. प्रवर्तन दल के अन्य कर्मियों यथा होमगार्ड, पी0आर0डी0 की नियुक्ति पैरा–ख के अनुसार संबंधित नगर निकाय के नगर आयुक्त/अधिशासी अधिकारी द्वारा की जायेगी।

घ. उक्त के अलावा अगर प्रवर्तन दल को और कोई लेबर इत्यादि की आवश्यकता हो तो संबंधित नगर निकाय अपने यहा उपलब्ध मानव संसाधन से उपलब्ध करायेंगे।

(5) प्रवर्तन दल को दी जाने वाली सुविधाएं :–

क– संबंधित निकाय द्वारा प्रवर्तन दल को कार्य की सुविधा हेतु यथा आवश्यकतानुसार एक कक्ष एवं दो कार्यालय सहायक उपलब्ध कराये जायेंगे।

ख– संबंधित निकाय द्वारा प्रवर्तन दल को एक छोटी गाडी एवं दो अन्य ऐसे वाहन उपलब्ध कराये जायेंगे, जिससे दल के कार्मिक प्रवर्तन हेतु कार्य प्रभावी रूप से कर सकेंगे।

ग– संबंधित निकाय द्वारा प्रवर्तन दल के प्रभारी एवं अधिकारियों को प्रवर्तन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु यथा आवश्यकतानुसार दूरभाष सुविधा भी प्रदत्त की जायेगी।

7. उपरोक्त के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

भवदीय,

22.5.18

(मनोज कुमार सिंह)
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2– समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3– पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।
4– समस्त महापौर, नगर निगम, उत्तर प्रदेश।
5– समस्त अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, उत्तर प्रदेश।
6– कम्प्यूटर सेल।
7– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

17/5/18

(अनिल कुमार बाजपेयी)
विशेष सचिव।

अतिआवश्यक / महत्वपूर्ण

प्रथम–अनुस्मारक

पत्रांक सं0:– 1137/लवि0प्रा0/22 दिनांक:– 03/10/2022

प्रेषक

उपाध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

सेवा में

पुलिस महानिदेशक–स्थापना,
मुख्यालय, पुलिस महानिदेशक
उ0प्र0, लखनऊ।

विषय:–लखनऊ विकास प्राधिकरण में स्वीकृत पद के सापेक्ष पुलिस कार्मिको की तैनाती के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि अवैध निर्माणों की रोकथाम ध्वस्तीकरण, सीलिंग, किसानों के धरना प्रदर्शन एवं अन्य कार्यों के साथ ई–निविदा प्रक्रिया के समय ठेकेदारों के मध्य विवाद उत्पन्न होने के कारण अराजक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जाता है, ऐसी स्थिति में प्राधिकरण को तत्काल पुलिस बल की आवश्यकता रहती है। वर्तमान समय में एल0डी0ए0 में उप निरीक्षक–01, मुख्य आरक्षी–05 तथा आरक्षी–02, कुल–08 पुलिस कर्मी तैनात है। जबकि लखनऊ विकास प्राधिकरण में प्रतिनियुक्ति पर निरीक्षक–01, उपनिरीक्षक–03, आरक्षी–20 कुल–24 पद स्वीकृत है, जिसके सापेक्ष्य वर्तमान में केवल 08 पुलिसकर्मी कार्यरत है।

उक्त के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण में निरीक्षक–01, उपनिरीक्षक–01 तथा आरक्षी–10 की आवश्यकता है। इस सन्दर्भ में कार्यालय के पत्र संख्या:–889 / सा0प्र0 / 2022 दिनांक 25.08.2022 को प्रेषित किया जा चुका है। आपसे पुनः अनुरोध है कि कृपया पुलिस कार्मिकों की उपरोक्तानुसार तैनाती कराने हेतु सम्बन्धित को आदेशित करने का कष्ट करें।

भवदीय

3.10.22

(डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी)
उपाध्यक्ष

प्रतिलिपि:– पुलिस आयुक्त, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

3.10.22

(डा0 इन्द्रमणि त्रिपाठी)
उपाध्यक्ष

विषय संख्या : 32 पृ०सं०-225

विषय : लखनऊ विकास प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागों में कार्यों हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से दक्षता के आधार पर आपूर्तित कम्प्यूटर आपरेटर्स के वेतन निर्धारण के सम्बन्ध में।

**प्रस्ताव :**

लखनऊ विकास प्राधिकरण के विभिन्न अनुभागों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर्स द्वारा भी कार्य किया जा रहा है। इन कार्यरत कम्प्यूटर आपरेटर्स हेतु वर्तमान में पारिश्रमिक के रूप में रू0 11,550.00 प्रतिमाह + जी0एस0टी0 अतिरिक्त का भुगतान किया जाता है।

कम्प्यूटर आपरेटर्स की आपूर्ति जेम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जानी प्रस्तावित है। आपरेटर्स हेतु न्यूनतम पारिश्रमिक उप श्रमायुक्त, उ0प्र0 के पत्र संख्या–2–9प्रवर्तन–(एम0डब्लू0)/15, दिनांक 03.04.2023 में कुशल श्रेणी के कर्मचारियों हेतु निर्धारित प्रतिदिन न्यूनतम दैनिक मजदूरी रू0 478.00 की दर से 26 दिवस का पारिश्रमिक दिये जाने का प्राविधान है। प्राधिकरण में कम्प्यूटर आपरेटर्स से सामान्य आफिस कार्य अवधि के अतिरिक्त व अवकाश के दिनों में भी कार्य लिया जाता है, अतः कम्प्यूटर आपरेटर्स की आपूर्ति 30 दिन के पारिश्रमिक के आधार पर रू0 478.00 प्रतिदिवस की दर से कुल मासिक पारिश्रमिक रू0 14,340.00, जिस पर ई0पी0एफ0 13 प्रतिशत, ई0एस0आई0 3.25 प्रतिशत, जेम पोर्टल पर न्यूनतम लाभांश 0.85 प्रतिशत तथा 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त देय होगा, पर प्राप्त की जानी प्रस्तावित है।

उपरोक्तानुसार प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

PA(T)
(आशीष श्रीवास्तव)
पी.ए.टी. (मुख्य अभि० कार्यालय)

(अशोक कुमार)
पी.ए.टी. (मुख्य अभि० कार्यालय)

AE(T)
(आर० पी० त्रिपाठी)
सहा० अभि० (तकनीकी)

EE

मुख्य अभियन्ता
लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ

(ज्ञानेन्द्र वर्मा)
अपर सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

| क्रम सं0 | विवरण | वर्तमान में देय पारिश्रमिक | प्रस्तावित पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| 1 | पारिश्रमिक | 11550.00 | 14340.00 |
| 2 | ई0पी0एफ0 13 प्रतिशत | - | 1864.20 |
| 3 | ई0एस0आई0 3.25 प्रतिशत | - | 466.05 |
| 4 | जैम पोर्टल का लाभांश 0.85 प्रतिशत | - | 121.89 |
| 5 | जी0एस0टी0 18 प्रतिशत (रू0 16670.25 पर) | 2079.00 | 3000.64 |
| | कुल | **13629.00** | **19792.78** |

न्यूनतम मजदूरी ..........

न्यूनतम मजदूरी अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत राजाज्ञा संख्या–194/36 –3–2014–07 (न्यू0वे0)/4 दिनांक: 28–1–2014 द्वारा 59 तथा अधिसूचना संख्या–850/36–03 –2019 –931(न्यू0वे0)/06 दिनांक: 30 सितम्बर 2019 द्वारा 15 अनुसूचित नियोजनों में नियोजित कर्मकारों हेतु मजदूरी की मूल दरों एवं परिवर्तनीय महंगाई भत्ते का निर्धारण किया गया है। मजदूरी की जो दरें मासिक आधार पर निर्धारित की गयी है उनकी दैनिक दर, मूल मजदूरी और परिवर्तनीय महंगाई भत्ते के 1/26 से कम तथा प्रति घंटे दर दैनिक दर का 1/6 से कम न होगी।

उक्त के अनुक्रम में निम्नांकित 74 नियोजनों में नियोजित कर्मचारियों के लिये अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधार वर्ष(2001=100) माह जुलाई 2012 से दिसम्बर 2012 के औसत 216 अंकों के ऊपर जुलाई 2022 से दिसम्बर 2022 के औसत अंक 379 पर दिनांक: 1–04–2023 से 30–9–2023 तक की अवधि हेतु परिवर्तनीय महंगाई भत्ता निम्नलिखित दृष्टान्त की भाँति गणना करके देय होगा–

दृष्टान्त–रूपये 5750/–प्रतिमाह मजदूरी पाने वाले अकुशल श्रेणी के कर्मचारियों को औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक–379पर दिनांक: 1–04–2023 से दिनांक: 30–9–2023 तक की अवधि हेतु परिवर्तनीय महंगाई भत्ता निम्नलिखित होगा।

$$\frac{(379-216)}{216} \times 5750 = \text{रू0}-4339/-\text{प्रतिमाह}$$

विभिन्न श्रेणी के कर्मचारियों को देय प्रतिमाह मूल मजदूरी,परिवर्तनीय महंगाई भत्ता, की मासिक एवं दैनिक मजदूरी की दरें ।

| क्रमांक | श्रेणी | प्रतिमाह मूल मजदूरी रूपये में | दिनांक:1.10.2022 से 31.3.2023 तक (कुल मजदूरी रू0 में) | परिवर्तनीय महंगाई भत्ता रू0 में दिनांक:1.04.2023 से 30.9.2023 तक | दिनांक:1.04.2023 से 30.9.2023 तक कुल मजदूरी (रूपये में) (3+5) | दिनांक:1.04.2023 से 30.9.2023 तक दैनिक मजदूरी (रूपये में) (1/26) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अकुशल | 5750 | 9743 | 4339 | 10089 | 388 |
| 2 | अर्धकुशल | 6325 | 10717 | 4773 | 11098 | 427 |
| 3 | कुशल | 7085 | 12005 | 5347 | 12432 | 478 |

2 ईंट भट्ठा उद्योग नियोजन में नियोजित श्रमिकों की मजदूरी निम्नवत् है:–

| क्रमांक | श्रेणी | दिनांक:1.04.2023 से 30.9.2023 तक | | |
|---|---|---|---|---|
| 1<br>2 | अकुशल<br>कुशल | उपरोक्त तालिका के क्रमांक 1 व 3 के अनुसार न्यूनतम वेतन देय होगा | | |
| | | मूल मजदूरी | परिवर्तनीय महंगाई भत्ता रू0 में | कुल मजदूरी(रूपये में) |
| 2 | पथेरा | रू0–365 | रू0–275 | रूपया–640/– प्रति हजार |
| | भराईवाला<br>(1) 500 मीटर की दूरी तक<br>(2) 500 मीटर से अधिक | रू0–110<br>रू0–132 | रू0–83<br>रू0–100 | रूपया–193/– प्रति हजार<br>रूपया–232/– प्रति हजार |
| 3 | निकासी वाला | रू0–110 | रू0–83 | रूपया–193/– प्रति हजार |

1 रबर की विनिर्माणशाला और रबर उत्पाद(टायर और ट्यूब सहित) के उद्योग।
2 प्लास्टिक उद्योग और प्लास्टिक उत्पाद के उद्योग
3 मिष्ठान उद्योग।
4 वातित पेय(एरेटेड ड्रिंक्स) के विनिर्माण।
5 कालीन के सम्बन्ध की विनिर्माणशाला।
6 परतदार लकड़ी(प्लाईवुड) के उद्योग।
7 पेट्रोल और डीजल आयल पम्प।
8 डेरी और मिल्क डेरी।
9 सिले सिलाये कपड़ों की विनिर्माणशाला।
10 भवन सड़क के निर्माण और अनुरक्षण, सिंचाई परियोजनाओं कुओं और तालाबों की खुदाई।
11 उन समस्त रजिस्ट्रीकृत कारखानों में नियोजन, जिनका उल्लेख पहले नहीं किया गया है।
12 प्राइवेट अस्पताल(नर्सिंग होम्स) एवं प्राइवेट क्लीनिकों और प्राइवेट डाक्टरी सामान की दुकानों।
13 ढलाई घर।
14 धातु उद्योग।
15 टिन प्लेट शीपिंग और टिन प्रिंटिंग।
16 ऐसे अनियन्त्रण उद्योग जिसमें 50 से कम व्यक्ति नियोजित हो।
17 चर्म शोधनशाला और चर्म विनिर्माणशाला।
18 चर्म वस्तु विनिर्माण उद्योग।
19 होजरी सकर्म।
20 निजी पुस्तकालय।
21 काष्ठ सकर्म और फर्नीचर उद्योग।
22 प्राइवेट कोचिंग कक्षाओं प्राइवेट विद्यालयों, जिनमें नर्सरी स्कूल और निजी प्राविधिक संस्थाएं भी सम्मिलित है।
23 तम्बाकू विनिर्माण।
24 धर्मशाला।

26 दुकानों में [illegible] जिसके अन्तर्गत किसी अन्य वन उपज का संग्रहण और उसे मण्डी में ले जाना भी है।
27 वाणिज्य अधिष्ठानों में।
28 चावल मिल, आटा मिल या दाल मिल।
29 तेल मिल।
30 लोक मोटर परिवहन।
31 औषधि परीक्षण कर्मशाला।
32 आटोमोबाइल्स रिपेयर्स कर्मशाला।
33 सड़कों के निर्माण या उन्हें बनाये रखने का निर्माण संक्रियाओं।
34 पत्थर तोड़ने या पत्थर कूटने।
35 चिकन के कार्य।
36 दियासलाई उद्योग।
37 अगरबत्ती/आईसक्रीम विनिर्माणशाला।
38 बेकरी और बिस्कुट विनिर्माणशाला।
39 बर्फ विनिर्माणशाला।
40 एस्बेस्टस सीमेन्ट कारखानों और अन्य सीमेन्ट उत्पाद विनिर्माणशाला।
41 लाण्ड्री और धुलाई अधिष्ठान।
42 जिल्दसाजी।
43 कोल्ड स्टोरेज।
44 पाटरी, सिरेमिक्स या रिफैक्ट्रीज।
45 निजी मुद्रणालय।
46 सिनेमा उद्योग।
47 कपड़ा छपाई।
48 सिलाई उद्योग।
49 ऐलोपैथिक आयुर्वेदिक, यूनानी फार्मेसी।
50 गल्ला
51 हथकरघा(रेशम की साड़ी बुनाई) जरी के कार्य।
52 कपड़ा धोने या प्रक्षालन के साबुन या सिलिकेट या साबुन का चूर्ण या प्रक्षालक विनिर्माण।
53 ऊनी कम्बल बनाने के अधिष्ठान
54 खाण्डसारी।
55 हथकरघा उद्योग।
56 शक्ति चालित करघा उद्योग।
57 छाता(लिनिएचर) वस्त्र एवं कोष उपकरणों के निर्माण।
58 कागज, गत्ता और पेपर बोर्ड उद्योग।
59 ईंट भट्ठा उद्योग।
60 ताला उद्योग के नियोजन में।
61 पीतल के बर्तनों एवं पीतल उत्पाद के विनिर्माण के नियोजन।
62 किसी निजी सुरक्षा और सेवा प्रदाता अभिकरण में नियोजित सुरक्षा कर्मी(सुरक्षा गार्ड) जिनमें हथियार सहित/हथियार रहित आदि भी सम्मिलित हो।
63 बुहारने और सफाई में नियोजन, जिसमें सफाई कर्मचारी नियोजन एवं शुष्क शौचालयों का निर्माण(प्रतिषेध) अधिनियम 1993 के अन्तर्गत जो निषिद्ध क्रिया-कलाप सम्मिलित नहीं है।
64 घरेलू कामगारों का नियोजन।
65 कम्प्यूटर हार्डवेयर उद्योग एवं सेवाओं में नियोजन।
66 एल0पी0जी0वितरण एवं सम्बंधित सेवाओं में नियोजन।
67 टेक्नीकल, आउटसोर्सिंग/टैन्ट एवं ट्रैवलिंग अभिकरण में नियोजन।
68 केमिस्ट आउटलेटर एवं सम्बंधित सेवाओं में नियोजन।
69 गैर सरकारी संगठन(एन0जी0ओ0) एवं सम्बंधित संस्थाओं में नियोजन।
70 विक्रय संवर्धन(विक्रय संवर्धन(सेवा शर्तें) अधिनियम 1976 के अधीन सम्मिलित अथवा सम्मिलित किये जाने वाले किसी उद्योगों में) में नियोजन।
71 हेयर कटिंग सैलून एवं ब्यूटी पार्लर(पुरुष एवं महिलायें) में नियोजन।
72 कारपोरेट कार्यसेवा में नियोजन।
73 कॉल सेन्टर/आई0टी0 इन्डस्ट्रीज/टेलीकालिंग सेवाओं आदि में नियोजन।
74 ऐसे नियोजन जो किसी अनुसूचित नियोजन के अधीन आच्छादित न हो, में नियोजन।

03.4.2023

(अजय कुमार मिश्र)
उप श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
कृते श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

कार्यालय, श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश, जी0टी0 रोड, कानपुर।

संख्या 2-9 प्रकीर्ण-(एम0डब्लू0)/15 दिनांक: 3/4/2023

1 समस्त क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त उ0प्र0 को इस आशय से प्रेषित कि अधीनस्थ अधिकारियों को अवगत कराने तथा श्रमिकों, सेवायोजकों व उनके प्रतिनिधियों द्वारा मांगे जाने पर उपलब्ध कराए।
2 अनुसचिव उत्तर प्रदेश शासन, श्रम अनुभाग-3, बापू भवन, लखनऊ।
3 सहायक निदेशक, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय(वेज सेल)भारत सरकार नई दिल्ली ई-मेलwagecell@nic.in के माध्यम से
4 अधिशासी निदेशक उद्योग बन्धु, लखनऊ।
5 उप श्रम आयुक्त(आई0आर0),मुख्यालय, कानपुर।
6 उप श्रम आयुक्त(कम्प्यूटर),मुख्यालय को समस्त क्षेत्रीय अपर/उप श्रम आयुक्त को ईमेल के माध्यम से प्रेषित कराने तथा विभागीय वेबसाइट www.uplabour.gov.in पर अपलोड कराने हेतु।
7 श्री हिमांशु कुमार, पुस्तकालयाध्यक्ष, मुख्यालय को अभिलेखार्थ प्रेषित।
8 समस्त प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों को जन सामान्य की जानकारी हेतु जनहित में निशुल्क प्रकाशनार्थ।

(अजय कुमार मिश्र)
उप श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
कृते श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश।

विषय संख्या-33 पृ०सं०-229

**विषय :** वाहन चालक के रिक्त चल रहे वर्तमान में 20 पदों के सापेक्ष श्री राम निवास मौर्य एवं श्री सुनील यादव, चालक (निर्धारित वेतनमान का न्यूनतम वेतन पर अन्य भत्ते पर कार्यरत) को समायोजन/विनियमितीकरण के सम्बन्ध में।

प्राधिकरण में दिनांक 07.08.2002 से श्री राम निवास मौर्य, चालक एवं दिनांक 20.11.2002 से श्री सुनील यादव, चालक संविदा पर कार्य कर रहे थे, लखनऊ विकास प्राधिकरण की बोर्ड की 159वीं बैठक दिनांक 24 अक्टूर, 2016 विषय संख्या–22 पर उक्त दोनों चालको को निर्धारित पद के लिए अनुमन्य वेतनमान का न्यूनतम वेतन पर अन्य भत्ते दिये जाने का प्रस्ताव रखा गया था, जिस पर निर्णय लिया गया (प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदत किया गया।) के क्रम में न्यूनतम वेतनमान का भुगतान किया जा रहा है। वर्तमान में वाहन चालको के 20 पद रिक्त है, जिन पर समायोजन/विनियमितीकरण की मांग की जा रही है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि शासनादेश संख्या–7/2021/2/1/97/का–2/2021 दिनांक 09 दिसम्बर, 2021 में **उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) समूह–'ग' समूह–'घ' के पदों पर सरकारी विभाग में दैनिक मजदूरी या कार्य–प्रभार या संविदा पर कार्यरत कर रहे व्यक्तियों की विनियमितीकरण नियमावली, 2016 के नियम–5 एवं नियम–6(1)** में यह प्राविधान किया गया है कि वही व्यक्ति पात्र होगा जो किसी सरकारी विभाग में 31 दिसम्बर, 2001 को या उसके पूर्व समूह–'ग' और समूह–'घ' के पद (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) पर दैनिक मजदूरी या कार्य प्रभार संविदा पर सीधे लगा हुआ या नियोजित या अभिनियोजित या कार्य कर रहा हो और इस नियमावली के प्रारम्भ के दिनांक को उस रूप में निरन्तर लगा हुआ या नियोजित या अभिनियोजित या कार्य कर रहा हो। श्री राम निवास मौर्य एवं श्री सुनील यादव वाहन चालक दिनांक 31 दिसम्बर, 2001 के बाद से प्राधिकरण में कार्यरत है तथा **बोर्ड बैठक दिनांक 24.10.2016 को संविदा चालको को निर्धारित पद के लिए अनुमन्य वेतनमान का न्यूनतम वेतन पर महंगाई भत्ता, चिकित्सा भत्ता, ग्रेड पे, भवन भत्ता, नगर प्रतिकर भत्ता, प्राधिकरण भत्ता, वाहन भत्ता एवं एन0पी0ए0 भत्ता दिये जाने का निर्णय लिया गया है,** के क्रम में श्री राम निवास मौर्य एवं श्री सुनील यादव, चालक को न्यूनतम वेतनमान एवं भत्ते का भुगतान किया जा रहा है।

उपर्युक्त कार्मिक 31 दिसम्बर 2001 के बाद प्राधिकरण में संविदा पर नियुक्त है तथा प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांकः 24.10.2016 के अनुपालन में वाहन चालक के लिए अनुमन्य वेतनमान का न्यूनतम वेतन पर अन्य भत्ते प्राप्त कर रहें है।

अतः वाहन चालको के मांग/अनुरोध के क्रम में प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

Chandra

अनु सचिव (अधिष्ठान)
ल०वि०प्रा०

प्रभारी अधिकारी (अधिष्ठान)
ल०वि०प्रा०, लखनऊ

# लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 159वीं बैठक दिनांक 24 अक्टूबर, 2016 का कार्यवृत्त

उपस्थितिः—

| | | |
|---|---|---|
| 01. | श्री सदाकान्त | अध्यक्ष, ल0वि0प्रा0 एवं प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0। |
| 02. | डा0 अनूप यादव | उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 03. | श्री उदय राज सिंह | नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ। |
| 04. | श्री शिव जनम चौधरी | विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन। |
| 05. | श्री अजय कुमार मिश्र | मुख्य नगर एवं ग्राम्य नियोजक, उत्तर प्रदेश। |
| 06. | श्री आशुतोष कुमार राय | अपर जिलाधिकारी (भू0 / अ0), प्रतिनिधि— जिलाधिकारी, लखनऊ। |
| 07. | श्री सी0डी0एस0 यादव | अधीक्षण अभियन्ता, प्रतिनिधि—मुख्य अभियन्ता, जल निगम, लखनऊ। |
| 08. | श्री टी0एच0 रिज़वी | अपर सांख्यिकीय अधिकारी, प्रतिनिधि—महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0। |
| 09. | श्री सुभाष चन्द्र | अनुसचिव, प्रतिनिधि—विशेष सचिव, वित्त |
| 10. | श्री संजीव कश्यप | वास्तुविद् नियोजक, प्रतिनिधि—आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद। |
| 11. | श्री इसहाक गुड्डू | सदस्य, ल0वि0प्रा0 |
| 12. | श्रीमती मुन्नी पाल | सदस्य, ल0वि0प्रा0 |
| 13. | श्री रमेश कुमार 'बाबा' | मा0 पार्षद / सदस्य, ल0वि0प्रा0 |
| 14. | श्री सौरभ सिंह 'मोनू' | मा0 पार्षद / सदस्य, ल0वि0प्रा0 |
| 15. | श्री सुरेन्द्र सिंह 'राजू गांधी' | मा0 पार्षद / सदस्य, ल0वि0प्रा0 |

अन्य उपस्थितिः—

| | | |
|---|---|---|
| 16. | श्री अरूण कुमार | सचिव, ल0वि0प्रा0। |
| 17. | श्रीमती सीमा सिंह | अपर सचिव, ल0वि0प्रा0 |
| 18. | श्री ओ0पी0 मिश्र | मुख्य अभियन्ता, ल0वि0प्रा0। |
| 19. | श्री जे0एन0 रेड्डी | मुख्य नगर नियोजक, ल0वि0प्रा0 |
| 20. | श्री हरी कृष्ण यादव | वित्त नियंत्रक, ल0वि0प्रा0 |

उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अध्यक्ष, ल0वि0प्रा0/प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन तथा उपस्थित सदस्यों के स्वागत एवं औपचारिक परिचय के उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

| | |
|---|---|
| <u>विषय संख्या : 1</u> | लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 19.08.2016 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण। |
| <u>निर्णय :</u> | प्राधिकरण की उक्त बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों को कार्यवृत्त प्रेषित किया गया था। किसी भी सदस्य द्वारा कार्यवृत्त के सम्बन्ध में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं करायी गयी है। अतः सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| <u>विषय संख्या : 2</u> | लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 19.08.2016 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या। |
| <u>निर्णय :</u> | प्रस्तुत की गयी अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया। |
| <u>विषय संख्या : 3</u> | शारदा नगर योजना स्थित रतन खण्ड के अन्तर्गत व्यावसायिक भूखण्ड सं0-सी0पी0-6 का भू-उपयोग समूह आवास हेतु परिवर्तित करने के सम्बन्ध में। |
| <u>निर्णय :</u> | सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| <u>विषय संख्या : 4</u> | मानसरोवर योजना सेक्टर-ओ के अन्तर्गत व्यावसायिक भूखण्ड सं0-सी-8 का भू-उपयोग समूह आवास हेतु परिवर्तित करने के सम्बन्ध में। |
| <u>निर्णय :</u> | सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| <u>विषय संख्या : 5</u> | प्राधिकरण की जानकीपुरम् योजना के सेक्टर-एच, पार्ट-3 के तलपट मानचित्र में स्थित स्कूल भूखण्ड पर भवनों के निर्माण के फलस्वरूप इसका भू-उपयोग 'आवासीय' में परिवर्तित किये जाने के सम्बन्ध में। |
| <u>निर्णय :</u> | सम्यक् विचारोपरान्त प्राधिकरण की जानकीपुरम् योजना के सेक्टर-एच, पार्ट-3 के तलपट मानचित्र में ग्राम-पहाड़पुर के निकट मूल तलपट मानचित्र में नियोजित स्कूल भूखण्ड के उपयोग को "आवासीय" में परिवर्तन किये जाने विषयक प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुए उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा-13 के अनुरूप अग्रेतर कार्यवाही का निर्णय लिया गया है। |

| | |
|---|---|
| <u>विषय संख्या : 6</u> | लखनऊ विकास प्राधिकरण में 18–20 वर्ष पुराने 11 अदद् हल्के वाहनों को निष्प्रयोज्य घोषित करने एवं उनके स्थान पर 06 अदद् नये हल्के वाहन क्रय करने के सम्बन्ध में |
| <u>निर्णय :</u> | सम्यक् विचारोपरान्त लखनऊ विकास प्राधिकरण में 18 से 20 वर्ष पुराने 11 अदद् हल्के वाहनों को निष्प्रयोज्य घोषित करने एवं उनके स्थान पर 06 अदद् नये हल्के वाहन क्रय किये जाने विषयक प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई। |
| <u>विषय संख्या : 7</u> | प्राधिकरण की कानपुर रोड योजना, शारदा नगर योजना, मानसरोवर योजना में अधिग्रहण से प्रभावित कृषकों के 10X12 वर्गफुट के स्थान पर 12X15 वर्गफुट के चबूतरे आवंटित करने एवं टोकन मनी रू0 1650/– प्रति चबूतरा प्राप्त करने के सम्बन्ध में। |
| <u>निर्णय :</u> | सम्यक् विचारोपरान्त कानपुर रोड योजना, शारदा नगर योजना, मानसरोवर योजना में अधिग्रहण से प्रभावित कृषकों को 10X12 वर्गफुट के स्थान पर 12X15 वर्गफुट के चबूतरे आवंटित करने एवं टोकन मनी रू0 1650/– प्रति चबूतरा प्राप्त किये जाने विषयक प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| <u>विषय संख्या : 8</u> | श्री लल्लू सिंह यादव, श्री अनार सिंह व अन्य द्वारा संयुक्त रूप से रक्षा खण्ड उद्यान–2, रायबरेली रोड, लखनऊ में आरक्षित समूह आवास भूखण्ड, एकल आवासीय भूखण्ड संख्या–525 एवं स्वीकृत तलपट मानचित्र की सीमा से बाहर सटे खसरा संख्या–1413, 1415 व 1430 ग्राम–हैवतमऊ मवैय्या, लखनऊ को सम्मिलित कर एकीकृत रूप में प्रस्तुत प्रस्तावित/शनन समूह आवासीय भवन के मानचित्र विषयक तलपट मानचित्र के भूखण्ड एवं इससे संलग्न परन्तु तलपट मानचित्र के बाहर के भूखण्डों के अमलगमेशन को अनुमन्य कर समूह आवासीय मानचित्र भवन को स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में। |
| <u>निर्णय :</u> | सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्ताव अनुमोदित किया गया। |
| <u>विषय संख्या : 9</u> | मा0 याचिका समिति में विचाराधीन याचिका संख्या–02/या0स0/2015 के आलोक में मोहान रोड योजना अन्तर्गत स्थित ग्राम–कलियाखेड़ा की अर्जित खसरा संख्या–674ख रकबा–0.607 हेक्टेयर मे से क्षेत्रफल 5000 वर्गफीट (0.0464 हेक्टेयर) भूमि के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रत्यावेदन पर गुणदोष के आधार पर सम्यक निर्णय लिये जाने के सम्बन्ध में। |
| <u>निर्णय :</u> | प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा की गई। आवेदक द्वारा ग्राम–कलियाखेड़ा की अर्जित खसरा संख्या–674ख, रकबा–0.607 हे0 में से क्षेत्रफल |

–5000 वर्ग फीट (0.0464 हे0) भूमि को अर्जनमुक्त अथवा भूमि दिये जाने का अनुरोध किया गया है, परन्तु उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में हीरालाल पुत्र नोखे ग्रामवासी के नाम संक्रमणीय भूमिधर अकिंत है, जो अनुसूचित जाति के है अनुसूचित जाति की भूमि उच्च वर्ग द्वारा क्रय किया जाना अपराध की श्रेणी में आता है। विधिक रूप से आवेदक/याची का उक्त भूमि पर कोई दावा/अधिकार स्वीकार नहीं किया जा सकता है, जिन व्यक्तियों ने भूमि अर्जन से मुक्ति हेतु आवेदन पत्र दिया है और उनका विधिक स्वामित्व भूमि पर स्थापित नहीं होता तथा उनका LOCUS STANDI भी नहीं है, अतः ऐसे प्रकरणों में आगे कोई कार्यवाही नियमानुसार किया जाना सम्भव नहीं है। तद्नुसार समस्त तथ्यों का उल्लेख करते हुए याची को सूचित कर दिया जाय।

**विषय संख्या : 10** अमर शहीद पथ, गोमती नगर विस्तार योजना के अन्तर्गत अधिग्रहीत भूमि के बदले विस्थापित कोटे का लाभ दिये जाने की मांग के क्रम में प्रस्तुत आवेदनों पर विचार किये जाने के सम्बन्ध में।

**निर्णय :** प्रस्तुत प्रस्ताव चर्चा की गई। भूमि अध्याप्ति अधिनियम की धारा–4 के प्रकाशन से पूर्व जिनके निर्माण पाये गये थे, उन्हें विस्थापित कोटे का लाभ दिया जा चुका है जबकि प्रस्ताव में उल्लिखित आवेदकों का अभियंत्रण खण्ड की आख्यानुसार मौके पर कोई निर्माण नहीं पाया गया, अतः आवेदकों द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना–पत्रों के क्रम में विस्थापित कोटे का लाभ नहीं दिया जा सकता। सम्यक् विचारोपरान्त उक्त की सूचना आवेदकों को प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये।

**विषय संख्या : 11** खसरा संख्या–242, ग्राम–मकखदूमपुर के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

**निर्णय :** प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा हुई एवं सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि सम्पूर्ण भूमि में से 70 प्रतिशत भाग याची को एवं अवशेष 30 प्रतिशत भूमि पर प्राधिकरण विकास कार्य कराये और याची से इस आशय का शपथ–पत्र भी प्राप्त कर लिया जाय कि भविष्य में किसी प्रकार का कोई विवाद उत्पन्न नहीं किया जायेगा।

**विषय संख्या : 12** सी0जी0 सिटी में लखनऊ मेट्रो को प्रस्तावित 152.80 एकड़ भूमि में से 147.93 एकड़ भूमि लखनऊ मेट्रो को तथा 4.87 एकड़ भूमि डा0 अम्बेडकर महासभा को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

**निर्णय :** सम्यक् विचारोपरान्त सी0जी0 सिटी में लखनऊ मेट्रो को प्रस्तावित 152.80 एकड़ भूमि में से 147 एकड़ भूमि (25.69 एकड़

हरित क्षेत्र एवं 16.49 एकड़ भूमि सड़क एवं ड्रेन आदि सहित) लखनऊ मेट्रों को दिये जाने विषयक प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई।

<u>विषय संख्या : 13</u>

राज्य शहरी आवास एवं पर्यावास नीति–2014 में नगरों की 'मास रैपिड ट्रान्जिट सिस्टम (एम0आर0टी0एस0) कॉरीडोर्स' के साथ ट्रान्जिट ओरियेन्टेड डेवलपमेन्ट जोन की घोषणा की सम्बन्ध में।

<u>निर्णय :</u>

सम्यक् विचारोपरान्त अमौसी से मुंशीपुलिया तक मेट्रो कॉरीडोर के दोनों ओर न्यूनतम 500 मी0 गहराई तक चिन्हित 'ट्रान्जिट ओरियेन्टेड डेवलपमेन्ट (टीओडी) जोन्स' सीमा विषयक प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुए शासन को संदर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया।

<u>विषय संख्या : 14</u>

बसंतकुंज (आश्रयहीन) योजना के अन्तर्गत अवैध रूप से अध्यासित 308 व्यक्तियों को वर्तमान दर पर भवन आवंटन/विनियमित किये जाने के सम्बन्ध में।

<u>निर्णय :</u>

सम्यक् विचारोपरान्त गठित समिति की संस्तुतियों के दृष्टिगत कुल 1006 भवनों में निवसित अवैध अध्यासियों को वर्तमान मूल्य पर विनियमित किये जाने तथा अवशेष 491 मूल आवंटी/इच्छुक आवंटियों हेतु अलग से भवन निर्माण कर उनको प्राथम्किता पर भवन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया।

<u>विषय संख्या : 15</u>

उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली–2014 के अन्तर्गत सुनवाई के उपरान्त 71 प्रकरणों के सम्बन्ध में विचार।

<u>निर्णय :</u>

उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास (भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली–2014 (The Uttar Pradesh Urban Planning and Development (Assessment, Levy and Collection of Land Use Conversion Charge) Rules, 2014) के अन्तर्गत नियोजित कालोनियों में आवासीय भूखण्डों को अन्य भू–उपयोग में परिवर्तित किये जाने की विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित है। इस प्रकरण में उपाध्यक्ष द्वारा तथ्यों की जानकारी दी गई। सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुए यह निर्णय लिया गया कि उल्लिखित नियमावली के अन्तर्गत कठोरता से प्रक्रिया का पालन करते हुए मेरिट के आधार पर प्रत्येक प्रकरण में सुसंगत नियमों के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा अग्रेतर कार्यवाही की जाय।

विषय संख्या : 16

उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास (भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली–2014 के अन्तर्गत नये प्राप्त 258 आवेदन पत्रों पर विचार।

निर्णय :

उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास (भू–उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली–2014 (The Uttar Pradesh Urban Planning and Development (Assessment, Levy and Collection of Land Use Conversion Charge) Rules, 2014) के अन्तर्गत नियोजित कालोनियों में आवासीय भूखण्डों को अन्य भू–उपयोग में परिवर्तित किये जाने की विस्तृत प्रक्रिया निर्धारित है। इस प्रकरण में उपाध्यक्ष द्वारा तथ्यों की जानकारी दी गई। सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि उल्लिखित नियमावली के अन्तर्गत कठोरता से प्रक्रिया का पालन करते हुए मेरिट के आधार पर प्रत्येक प्रकरण में सुसंगत नियमों के अन्तर्गत प्राधिकरण द्वारा निर्णय लिया जाय।

विषय संख्या : 17

भवन निर्माण एवं विकास उपविधि को लखनऊ नगर की समस्त नियोजित कालोनियों में लागू कराने के सम्बन्ध में।

निर्णय :

प्रस्तुत प्रस्ताव पर चर्चा हुई। लखनऊ नगर हेतु प्रचलित भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2008 में वर्ष 2011 तथा वर्ष 2016 में संशोधन किया गया है, इस प्रकार महायोजना तथा भवन उपविधि में किये गये संशोधन या मानकों के परिवर्तन से इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट या प्राधिकरण द्वारा पूर्व में विकसित एवं वर्तमान में नियोजित कालोनियों में उपविधि या मानको में भिन्नता है। इस प्रकार मानकों में भिन्नता के कारण भवन मानचित्रों की स्वीकृति में प्राधिकरण के समक्ष कठिनाईयाँ उत्पन्न हो रही है, अतः कठिनाईयों को सरलीकृत किये जाने हेतु भवन निर्माण एवं विकास उपविधि को नियोजित रूप से पूर्व में विकसित पुरानी योजनाओं में भविष्य में होने वाले निर्माणों सहित नगर के समस्त क्षेत्रों में एकरूपता के दृष्टिगत प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

विषय संख्या : 18

लखनऊ महायोजना–2031 अनुमोदन के सम्बन्ध में।

निर्णय :

सम्यक् विचारोपरान्त लगभग 1050 वर्ग किमी0 के लखनऊ विकास क्षेत्र के सुनियोजित विकास हेतु प्रस्तावित लखनऊ महायोजना–2031 विषयक प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुए शासन को संदर्भित किये जाने का निर्णय लिया गया।

विषय संख्या : 19 — लखनऊ महायोजना–2031 के अन्तर्गत दर्शित जोनल प्लान्स तैयार किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय : — लखनऊ महायोजना–2031 के अन्तर्गत प्रदर्शित जोन संख्या–23, 24, 25, 26, 27, 28, 29, 30 व 31 जोनल प्लान तैयार किये जाने विषयक प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

विषय संख्या : 20 — खसरा संख्या–1040, 1041, 1044, 1045 एवं 1046 ग्राम–औरंगाबाद जागीर, तहसील–सरोजनीनगर, जिला–लखनऊ का भू–उपयोग ग्रीन (पी–1) से व्यावसायिक (पेट्रोल पम्प) में परिवर्तन किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय : — सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि प्रकरण में सचिव, ल0वि0प्रा0 की अध्यक्षता में एक टेक्निकल कमेटी का गठन करने के निर्देश दिये गये, जिसमें मुख्य नगर नियोजक एवं मुख्य अभियन्ता, सदस्य होंगे।

उक्त समिति की संस्तुतियाँ आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत की जाय।

विषय संख्या : 21 — डा0 रश्मि पाण्डेय, शम्भावी शिक्षा समिति को आवंटित विजयंत खण्ड–1, गोमती नगर में आवंटित भूखण्ड पर इण्टर कालेज खोलने हेतु मानचित्र स्वीकृति किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय : — डा0 रश्मि पाण्डेय, शम्भावी शिक्षा समिति को प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2002 में विजयन्त खण्ड–1, गोमती नगर, लखनऊ में क्षेत्रफल 4636 वर्गमी0 का शैक्षणिक भूखण्ड आवंटित किया गया था, जो 09 मी0 चौड़े सम्पर्क मार्ग पर स्थित है। डा0 पाण्डेय द्वारा प्राइमरी स्कूल के स्थान पर इण्टरमीडिएट स्कूल संचालन की अनुमति हेतु अनुरोध किया गया है, जबकि न्यिमानुसार इण्टरमीडिएट स्कूल के संचालन हेतु 18मी0 चौड़े सम्पर्क मार्ग का होना आवश्यक है। सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि चूंकि शैक्षणिक कार्य हेतु सम्बन्धित संस्था को मानक के अनुरूप भूखण्ड आवंटित है और उक्त भूखण्ड के चारों ओर पहुंच मार्ग उपलब्ध है, जिससे जन–सामान्य को प्रवेश एवं निकास में कोई असुविधा दृष्टिगोचर नहीं होती है और शैक्षणिक कार्य होने के कारण यह एक सामाजिक बाध्यता है, अतः इसे अन्य प्रकरणों

में दृष्टांत न बनाये जाने के प्रतिबन्ध के साथ प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई।

<u>विषय संख्या : 22</u> श्री राम निवास मौर्य एवं श्री सुनील कुमार यादव, संविदा वाहन चालक को न्यूनतम वेतनमान दिये जाने के सम्बन्ध में।

<u>निर्णय :</u> प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

<u>विषय संख्या : 23</u> नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर योजना, लखनऊ में आवंटित भूखण्ड संख्या–सी–4 के बदले गोमती नगर/गोमती नगर विस्तार योजना की अन्य विकसित स्कीम में भूखण्ड आवंटित करने के सम्बन्ध में।

<u>निर्णय :</u> प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया एवं इसी प्रकार समान प्रकृति के श्री द्विवेदी के प्रकरण का भी गुण–दोष के आधार पर परीक्षण कर निस्तारित कराये जाने के निर्देश दिये गये।

<u>विषय संख्या : 24</u> श्रीमती सरला माथुर व श्री मुदित माथुर, फ्लैट संख्या–वाईएन/703/एम, 3 बीएचके टाइप–2, यमुना अपार्टमेन्ट, रिवर व्यू इन्क्लेव, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ का मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में।

<u>निर्णय :</u> सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्णय लिया गया कि प्रकरण में सचिव, ल0वि0प्रा0 की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन कर लिया जाय, जिसमें वित्त नियंत्रक, सदस्य एवं योजना के संयुक्त सचिव सदस्य/संयोजक होंगे। समिति की संस्तुति/आख्या के आधार पर पुनः सुविचारित प्रस्ताव आगामी बैठक में प्रस्तुत किया जाय।

<u>विषय संख्या : 25</u> लखनऊ विकास प्राधिकरण की आवासीय सम्पत्तियों के पंजीकरण एवं आवंटन की प्रक्रिया 2016 के सम्बन्ध में

<u>निर्णय :</u> सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

<u>विषय संख्या : 26</u> प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में व्यवसायिक दुकानों/शापिंग काम्पलेक्स में हाल के विक्रय मूल्य को छः माह के लिए फ्रीज किये जाने के सम्बन्ध में।

<u>निर्णय :</u> सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

<u>विषय संख्या : 27</u> पूर्व स्वीकृत कास्टिंग गाइड लाइन के स्थान पर नवीन कास्टिंग गाइड लाइन को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

<u>निर्णय :</u> सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।

उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0 द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समाप्त हुई।

(अरूण कुमार)
सचिव

(डा0 अनूप यादव)
उपाध्यक्ष

<u>अनुमोदित</u>

(सदाकान्त) 2/11/16
अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण,
एवं प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

संख्या-7/2021/2/1/97/का-2/2021

प्रेषक,

**डॉ0 देवेश चतुर्वेदी,**
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- **समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,**
उत्तर प्रदेश शासन।

2- **समस्त विभागाध्यक्ष,**
उत्तर प्रदेश।

3- **समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

कार्मिक अनुभाग-2 लखनऊ, दिनांक: 09 दिसम्बर, 2021

**विषयः-** उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) समूह-"ग" और समूह-"घ" के पदों पर सरकारी विभाग में दैनिक मजदूरी या कार्य-प्रभार या संविदा पर कार्य कर रहे व्यक्तियों की विनियमितीकरण नियमावली, 2016 के नियम-6(1) के स्पष्टीकरण के संबंध में।

---------

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) समूह-"ग" और समूह-"घ" के पदों पर सरकारी विभाग में दैनिक मजदूरी या कार्य-प्रभार या संविदा पर कार्य कर रहे व्यक्तियों की विनियमितीकरण नियमावली, 2016 के नियम-5 एवं नियम-6(1) में निम्नवत् व्यवस्था है-

नियम-5- नियम-2 के उपबन्धों के अध्याधीन इस नियमावली के अधीन किसी सरकारी विभाग में उपलब्ध रिक्त पद पर विनियमितीकरण किया जायेगा।

नियम-6(1) - किसी व्यक्ति को-

6(1)- Any person who-

(एक)- जो किसी सरकारी विभाग में 31 दिसम्बर, 2001 को या उससे पूर्व समूह-"ग" और समूह-"घ" के पद (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) पर दैनिक मजदूरी या कार्य-प्रभार या संविदा पर सीधे लगा हुआ या नियोजित या अभिनियोजित या कार्य कर रहा हो और इस नियमावली के प्रारम्भ के दिनांक को उस रूप में लगा हुआ या नियोजित या अभिनियोजित या कार्य कर रहा हो

2- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह स्पष्ट करने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) समूह-"ग" और समूह-"घ" के पदों पर सरकारी विभाग में दैनिक मजदूरी या कार्य-प्रभार या संविदा पर कार्य कर रहे व्यक्तियों की विनियमितीकरण नियमावली, 2016 के प्रविधानों के अंतर्गत किसी सरकारी विभाग में उपलब्ध रिक्त पद पर विनियमितीकरण हेतु वही व्यक्ति पात्र होगा जो किसी सरकारी विभाग में 31 दिसम्बर, 2001 को या उससे पूर्व समूह-"ग" और समूह-"घ" के पद (उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) पर दैनिक मजदूरी या कार्य-

http://shasanadesh.up.gov.in

प्रभार या संविदा पर सीधे लगा हुआ या नियोजित या अभिनियोजित या कार्य कर रहा हो और इस नियमावली के प्रारम्भ के दिनांक को उस रूप में निरंतर लगा हुआ या नियोजित या अभिनियोजित या कार्य कर रहा हो।

भवदीय,
**डॉ0 देवेश चतुर्वेदी**
अपर मुख्य सचिव।

संख्या-7/2021/2/1/97(1)/का-2/2021-तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को अनुपालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/ सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
3. निजी सचिव, मा. मंत्रिगण को, मा. मन्त्रिगण के सूचनार्थ।
4. निजी सचिव, मुख्य सचिव को मुख्य सचिव महोदय के सूचनार्थ।
5. प्रमुख सचिव, विधान परिषद/ विधान सभा, उत्तर प्रदेश।
6. सचिव, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश।
7. सचिव, उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज।
8. सचिव, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ।
9. निदेशक, सूचना, उत्तर प्रदेश।
10. वेब अधिकारी/ वेब मास्टर, नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग, उ.प्र.।
11. सचिवालय के समस्त अनुभाग।
12. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
**विजय कुमार संखवार**
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

207/AS
12/4/23

105/VC
11.4.23

CM/OSD(E)/आयुक्त/23 241
13/4/23

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

RIO 661
1/4/23
VCLDA

आयुक्त
5-4-23

628/M/PSH/23

विषय :— वाहन चालक के रिक्त चल रहे लगभग 14 पदों के सापेक्ष प्रार्थीगण (रामनिवास मौर्य तथा सुनील यादव नियमित वेतनमान प्राप्त वाहन चालक) को समायोजित करने के संबंध में।

महोदय,

प्रार्थीगण को विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण में वर्तमान में काफी समय पूर्व से वाहन चालक के लगभग 14 पद रिक्त चल रहे हैं। हम प्रार्थीगण राम निवास मौर्य तथा सुनील यादव पिछले 20 वर्षों से लखनऊ विकास प्राधिकरण में अनवरत वाहन चलाते आ रहे है। जिसके फलस्वरूप प्राधिकरण के आदेश दिनॉक 11 दिसम्बर 2020 के कम में समस्त भत्तों सहित नियमित वेतनमान प्राप्त कर रहे हैं किन्तु नियमित पदों के सापेक्ष समायोजित नहीं हैं। नियमित पदों के सापेक्ष समायोजन हेतु अब तक पद उपलब्ध नहीं थे किन्तु अब प्राधिकरण में नियमित वाहन चालक के लगभग 14 पद काफी समय से रिक्त चले आ रहे हैं।

अध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण
कृपया प्रकरण में आवश्यक कार्यवाही हेतु बोर्ड बैठक में रखने हेतु कार्यवाही करें।

चूँकि प्रार्थीगण पूर्व से ही वाहन चालक का वेतनमान प्राप्त कर रहे हैं, इसलिए नियमित वाहन चालकों के रिक्त पदों पर समायोजित किये जाने पर प्राधिकरण को कोई अतिरिक्त व्ययभार वहन नहीं करना पड़ेगा एवं प्रार्थीगण को भविष्य में सेवा संबंधी अन्य लाभ एवं प्रोन्नति के अवसर उपलब्ध होंगे।

अतः प्रार्थीगण का निवेदन है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण में नियमित वाहन चालक के रिक्त चल रहे लगभग 14 पदों के सापेक्ष प्रार्थीगण राम निवास मौर्य तथा सुनील यादव को समायोजित करने की कृपा करें। इस हेतु प्रार्थीगण सपरिवार आपके आजीवन आभारी रहेंगे।

31/3/23

प्रार्थीगण

दिनॉक : 31.03.2023

1. राम निवास मौर्य (वाहन चालक)

2. सुनील यादव (वाहन चालक)
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

अपर सचिव
11/04/23

प्रभारी अधिष्ठान

SO(E)

12/04/2023 डिस्पैच 13.4.2023

विषय:— वर्तमान 19 मृतक आश्रित संविदा कार्मिकों में से समूह 'ग' के 02 कार्मिक तथा समूह 'घ' के 17 कार्मिकों को नियमित वेतनमान दिये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

1. लखनऊ विकास प्राधिकरण में कुल 19 मृतक आश्रित संविदा कार्मिक हैं, जिनमें से समूह 'ग' के 02 कार्मिक तथा समूह 'घ' के 17 कार्मिक कार्यरत हैं।
2. कुल कार्यरत 19 संविदा कार्मिकों में से 01 संविदा कार्मिक श्रीमती शकुन्तला मिश्रा के पति स्व0 हबीबुल्लाह चौकीदार पद पर नियमित कर्मचारी थे, ड्यूटी से दिनांक 25.02.2002 को गायब हो जाने के कारण थाना अलीगंज, लखनऊ में दिनांक 26.02.2002 को गुमशुदगी की प्रथम सूचना दर्ज करायी गयी थी। मृतक घोषित न होने के कारण तत्कालीन उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 22.08.2008 को श्रीमती शकुन्तला मिश्रा को संविदा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में सेवायोजित किया गया।

   यहाँ यह भी अवगत कराना है कि माननीय न्यायालय सिविल जज (सी0डि0) फैजाबाद, लखनऊ में योजित वाद संख्या 17/2012 श्रीमती शकुन्तला मिश्रा बनाम एल0डी0ए0 व अन्य में माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 15.04.2013 को यह आदेश पारित किया गया कि "तद्नुसार हबीबुल्लाह को 07 वर्षों से अधिक से गुमशुदा रहने के कारण सिविल मृत्यु घोषित की जाती है।" छायाप्रति संलग्न।
3. कुल—19 संविदा कार्मिकों में से 18 संविदा कार्मिकों के पिता/पति वर्कचार्ज/दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी के रूप में कार्यरत थे। इनके 18 कार्मिकों के मृत्युपरान्त इनके पुत्र/पत्नियों को संविदा कार्मिक के रूप में सेवायोजित किया गया। सूची ब्यौरे और मृतक संदर्भ हेतु संलग्न है।
4. यहाँ यह अवगत कराना है कि कर्मचारी सेवानियमावली—1985 में लिपिक वर्ग की सीधी भर्ती के लिए शैक्षिक अर्हता इण्टरमीडिएट है। छाया प्रति संलग्न।

   समूह—'घ' के पदनाम चपरासी, वाहन चालक या साईक्लोस्टाईल आपरेटर के पद पर भर्ती के लिए अभ्यर्थी कम से कम 5वीं कक्षा का उत्तीर्ण होना चाहिए।

   समूह—'घ' के किसी अन्य श्रेणी के पद के लिए कोई शैक्षिक अर्हता अपेक्षित नहीं किन्तु उस व्यक्ति को अधिमान्यता दी जाएगी जो शिक्षित हो या कम से कम देवनागरी लिपि में हिन्दी लिख और पढ़ सकता हो। छाया प्रति संलग्न।
5. शासनादेश संख्या: 511/आठ—1—16—10ई/10 दिनॉक 10 मार्च, 2016 द्वारा यह निर्देश प्राप्त हुआ था कि विकास प्राधिकरणों में दिनॉक 01.04.1996 से 31.12.2001 तक दैनिक वेतन, वर्कचार्ज एवं संविदा के

[illegible] के नियुक्त एवं कार्यरत कार्मिक को प्राधिकरण में उपलब्ध रिक्तियों पर समायोजित नियमानुसार नियमित किये जाने की कार्यवाही की जाए और यदि रिक्तियाँ उपलब्ध न हो तो पदों के सृजन हेतु निर्धारित न्यूनतम अर्हता पूर्ण करने संबंधी अभिलेखों की पुष्टि एवं विवरण, वेतनमान ग्रेड पे आदि के साथ अतिरिक्त पद सृजित किये जाने की स्पष्ट संस्तुति सहित प्रस्ताव दिनांक 10.03.2016 तक निश्चित रूप से शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जबकि विकास प्राधिकरण में कार्यरत 19 [illegible] संविदा कार्मिकों में से 06 कार्मिकों की नियुक्ति निर्धारित तिथि दिनांक 31.12.2001 से पूर्व की है। इस कारण कार्यालय में पद उपलब्ध न होने के कारण अतिरिक्त पद सृजित किये जाने हेतु उक्त शासनादेश के क्रम में वांछित सूचना शासन को इस कार्यालय के पत्र संख्या 06/प्रा0वि0/2016 दिनांक 18.04.2016 द्वारा प्रेषित किया जा चुका है। सुलभ संदर्भ हेतु पताका 'क' अवलोकनीय है। चूंकि 19 संविदा कार्मिकों में से 13 संविदा कार्मिकों की नियुक्ति शासन द्वारा निर्धारित तिथि दिनांक 31.12.2001 के बाद की है। इस कारण इनका नाम शासन को प्रेषित नहीं किया गया। प्रश्नगत प्रकरण शासन में विचाराधीन है।

यहाँ यह भी अवगत कराना है कि समूह—'ग' के 02 संविदा कार्मिक को प्रतिमाह रू0 14,790.00 एवं समूह—'घ' के 17 संविदा कार्मिकों रू0 11,790.00 प्रतिमाह निर्धारित वेतन भुगतान किया जा रहा है। प्राधिकरण में कार्यरत 18 संविदा के कार्मिकों एवं 01 दैनिक वेतन भोगी कार्मिक इस प्रकार कुल 19 कार्मिकों को कार्यालय आदेश संख्या 45/प्रा0वि0/04 दिनांक 30 अक्टूबर, 2004 द्वारा नियमित वेतनमान के दर से वेतन का भुगतान किया जा रहा है। छायाप्रति संलग्न। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में दिनांक 24.10.2016 को संविदा चालकों को नियमित वेतनमान दिये जाने का निर्णय लिया गया है। यदि केवल 19 संविदा कार्मिकों को नियमित वेतनमान दिया जाता है तो प्राधिकरण पर प्रतिमाह रू0 1,27,760.00 अतिरिक्त व्ययभार आयेगा।

अतः उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए उपाध्यक्ष महोदय के आदेश दिनांक 15.12.2016 के क्रम में प्राधिकरण में कार्यरत 19 संविदा कार्मिकों को निर्धारित पद हेतु अनुमन्य वेतनमान के न्यूनतम वेतन पर महँगाई भत्ता, चिकित्सा भत्ता, म0 कि0 भवन भत्ता, नगर प्रतिकर भत्ता, प्राधिकरण भत्ता, वाहन भत्ता एवं [illegible] उपलब्धता दिये जाने पर होने वाला व्यय भार प्राधिकरण अपने संसाधनों से वहन करेगा। तद्नुसार संशोधित प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्तुत है।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
आवास
उ0प्र0शासन
लखनऊ

244
135656
21.6.14

विषयः– लखनऊ विकास प्राधिकरण में कार्यरत संविदा वाहन चालकों के वेतन बढोत्तरी के सम्बन्ध में।

महोदय जी,

सविनय निवेदन है कि हम प्रार्थीगण लखनऊ विकास प्राधिकरण, विपिन खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ में लगभग 19 वर्षो से संविदा वाहन चालक पद पर विभिन्न शासनाधिकारी महोदय एंव कार्यपालक महोदयों के साथ शासकीय वाहनों से सम्बद्ध होकर निर्वाधरूप से वाहन चालक का कार्य सुचारू रूप से करते चले आ रहे हैं, लखनऊ विकास प्राधिकरण कर्मचारी संघ द्वारा उठायी गयी 19 मॉग दिनॉक 04.07.13 एवं पुनरीक्षित मॉग दिनॉक 10.07.13 के सम्बन्ध में दिनॉक 24.07.2013 को उपाध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त संख्या–5 में कान्ट्रेक्ट पर कार्यरत चालकों को वर्तमान में प्रचलित शासनादेश दिनॉक 30.08.2013 में वर्णित "अनुमन्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन का न्यूनतम तथा उस पर राज्य कर्मचारियों को समय–समय पर देय मँहगाई भत्ते के समान धनराशि को जोडते हुए संविदा राशि उन्ही कर्मिकों को अनुमन्य करायी जाये।" आदेश को दृष्टिगत रखते हुए इस भयंकर महँगाई में हम लोगो की अल्प आय का निदान करने की कृपा करे। आज तक हम लोगों के बारे में कभी–कभी कोई शिकायत इत्यादि सम्बन्धित अधिकारी गणों द्वारा नही की गई है। सदैव हम लोगो के कार्य की सराहना ही की जाती है हम लोगो के सम्बन्ध मे विवरण निम्नांकित है :–

| क्रम संख्या | चालक का नाम | पिता का नाम | पद/संविदा | नियुक्ति तिथि | वर्तमान सम्बन्धित अधिकारी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सन्तोष कुमार बाजपेयी | स्व. श्री देवी शंकर बाजपेयी | वाहन चालक | 01.12.1994 | अपर आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ |
| 2 | उदयपाल | स्व. श्री राम अक्षयवर सिंह | वाहन चालक | 03.02.1996 | अधिशासी अभियन्ता, (ल.वि.प्रा.) |
| 3 | शाह मुहम्मद | पीर मुहम्मद | वाहन चालक | 01.04.1996 | वी.आई.पी.(पूल) |
| 4 | सुभाष चन्द्र यादव | स्व. श्री बल्ली यादव | वाहन चालक | 01.01.1999 | सचिव, आवास, उ0प्र0शासन |
| 5 | राम निवास मौर्य | स्व. श्री रामरूप मौर्य | वाहन चालक | 07.08.2002 | प्रमुख सचिव, आवास, उ0प्र0शासन |
| 6 | सुनील कुमार यादव | स्व. श्री ठाकुर प्रसाद यादव | वाहन चालक | 20.11.2002 | अधिशासी अभियन्ता(वि/यॉ) (ल.वि.प्रा.) |

हम प्रार्थीगण कार्यालयध्यक्ष महोदय जी से विभिन्न तिथियों में क्रमशः 04.04.2005 एवं 13.02.2008 वेतनमान दिलाने/नियमित वेतनमान दिये जाने के सम्बन्ध में अनुरोध कर चुके हैं। अब तक ध्यान नही दिया गया हैं। प्राधिकरण मे अन्य संविदा कमचारी भी हैं जिनका वेतन एक वर्ष के अन्दर प्राधिकरण बोर्ड में दो बार बढाया जा चुका है एवं बोनस/वर्दी आदि का लाभ दिया जा रहा हैं हम चालकों को अभी तक हमारी सेवाओं किसी भी प्रकार का कोई लाभ आज तक नही मिला है इससे हम लोगो का मनोबल टूट रहा है।

हम प्रार्थीगणों की लम्बी सेवाओं, कर्तव्यनिष्ठा, समपर्ण भावो से की जा रही सेवाओ को ध्यान मे रखते हुए तथा इस भीषण महँगाई को दृष्टिगत रखते हुए हम प्रार्थीगणों का वेतन बढाने की कृपा करें। यहॉ महोदय को यह भी अवगत कराना है कि हम प्रार्थीगणों का लगभग 6 वर्षो से कोई वेतन बढोत्तरी नही हुई है।

दिनॉकः– 17-06-2014

प्रार्थीगण/संविदा वाहन चालक

सन्तोष कुमार बाजपेयी
उदयपाल
शाह मुहम्मद
सुभाष चन्द्र यादव
राम निवास मौर्य
सुनील कुमार यादव

1491-C PSH/14

V.C. LDA

Examine for appropriate action within Rules.

DS/SO(E)

**प्रस्तावः** आउटसोर्सिंग सेवा प्रदाता के माध्यम से अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण के न्यायालय हेतु रीडर/प्रशासनिक अधिकारी/ उपाध्यक्ष कैम्प हेतु एक अनुभाग अधिकारी, वित्त एवं लेखा विभाग में वरिष्ठ लिपिक/गणना लिपिक/रिकार्ड सहायक/अधिष्ठान अनुभाग हेतु लिपिक को आबद्द किये जाने के सम्बन्ध में।

**विषय वस्तुः** अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, उपाध्यक्ष कैम्प कार्यालय एवं वित्त एवं लेखा विभाग एवं पेंशन सेल तथा गणना/रिकार्ड अधिष्ठान अनुभाग में अधिकांश कर्मचारी सेवा–निवृत्त हो चुके है। अतएव उपर्युक्त अनुभाग में कार्य करने का अनुभव रखने वाले कर्मचारियों के सेवा–निवृत्त होने के फलस्वरुप उक्त कार्य को निष्पादित किये जाने में काफी कठिनाई उत्पन्न हो रही हैं।

आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ कार्यालय में एक रीडर कार्यरत थे, जो प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हो चुके है। अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा न्यायालय मे सेवानिवृत्त एक अनुभवी रीडर/प्रशासनिक अधिकारी को अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ के न्यायालय से आबद्ध किया जाना है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष कैम्प कार्यालय में कार्यरत अनुभाग अधिकारी दिनॉक 31.07.2023 को सेवानिवृत्त हो रहे है। प्राधिकरण में वैयक्तिक सहायक की कमी होने के कारण वर्तमान में कार्यरत अनुंभाग अधिकारी के सेवानिवृत्त होने उपरान्त उपाध्यक्ष कैम्प कार्यालय का कार्य प्रभावित हो सकता है। पूर्व मूं उपाध्यक्ष कैम्प कार्यालय में 01 लिपिक, 01 डाटा इन्ट्री आपरेटर एवं 02 वैयक्तिक सहायक कार्यरत थे। वर्तमान में प्राधिकरण अकेन्द्रीयित सेवा के 01 लिपिक एवं 01 अनुभाग अधिकारी कार्यरत है, जिनमें से अनुभाग अधिकारी दिनांकः 31.07.2023 को सेवानिवृत्त हो रहें है। अतएव उपाध्यक्ष कैम्प कार्यालय में एक अनुभवी सेवानिवृत्त अनुभाग अधिकारी को आबद्ध किया जाना है।

वित्त एवं लेखा विभाग एवं पेंशन सेल तथा गणना अनुभाग में वित्तीय वर्ष 2021–22 में कुल 52 कार्मिक कार्यरत् थे जिसमें से सेवा–निवृत्त उपरान्त 41 शेष रह गये। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल 33 लिपिकीय कार्मिक कार्यरत् थे तथा वर्तमान में मात्र 26 कार्मिक कार्यरत् है। सम्प्रति वित्तीय वर्ष के माह

अनुभाग अधिकारी अधिष्ठान लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ

(बलराम) अनु सचिव (अधिष्ठान) ल०वि०प्रा०

प्रभारी अधिकारी (अधिष्ठान) ल०वि०प्रा०, लखनऊ

वित्त नियंत्रक लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ

245A

जून–2023 एवं आगामी माहों में 04 अन्य कार्मिक सेवा–निवृत्त हो रहे है। लेखा अनुभाग में लेखांकन कार्य, पत्रावलियों के परीक्षण तथा पेन्शन सेल में सेवा–निवृत्त एल0डी0ए0 कार्मिकों एवं अन्य प्राधिकरणों के केन्द्रीयत सेवा के कार्मिकों का पेन्शन निर्धारण/वितरण तथा पेन्षन अभिलेखों का रख–रखाव आदि कार्य सम्पन्न किया जाता है। इसी प्रकार गणना अनुभाग में प्राधिकरण की समस्त सम्पत्तियों के मूल्यांकन सहित नवीन योजनाओं के आवासीय, व्यवसायिक, संस्थागत, नर्सिंग होम आदि भू–उपयोग के अनुसार एफ0ए0आर0 आधारित गणना की जाती है, जिसमें दक्ष कार्मिक ही होते हैं। गणना अनुभाग से निरन्तर कार्मिक सेवा–निवृत्त होने के कारण वर्तमान में मात्र 08 कार्मिक ही कार्यरत् हैं जिनमें से आगामी 02 माह में 02 कार्मिक सेवा–निवृत्त हो जायेंगे। इसी प्रकार लालबाग कार्यालय स्थित लेखा रिकार्ड में कार्यरत् 01 कर्मचारी जो लेखा रिकार्ड के अभिलेखों के रख–रखाव के कार्य में दक्ष है, भी माह जून–2023 में सेवा–निवृत्त हो जायेगा।

अधिष्ठान अनुभाग में कर्मचारियों/अभियन्ताओं/अधिकारियों की नियुक्ति/वेतन/स्थानान्तरण/सेवानिवृत्ति/मृतक आश्रित की नियुक्ति/पदोन्नति /ए0सी0पी0/शासकीय कार्य एवं अन्य कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाते है। वर्तमान में अधिष्ठान अनुभाग में कुल 12 लिपिकीय कार्मिक कार्यरत है, जिनमें से 01 कार्मिक नवम्बर 2023 में सेवानिवृत्त हो जायेंगे तथा वित्तीय वर्ष 2022–23 में 02 लिपिकीय कार्मिक एवं अप्रैल 2023 में 01 लिपिक सेवानिवृत्त हो चुके है। अधिष्ठान विभाग/गोपन विभाग का कार्य अति महत्वपूर्ण श्रेणी में आता है, जिसमें शासनादेश, नियुक्ति एवं वेतन जैसे कार्यों हेतु दक्ष कार्मिकों की आवश्यकता रहती है। अतः इस हेतु 03 सेवानिवृत्त लिपिकीय कार्मिकों को आबद्ध किया जाना है।

अतः कार्य की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए सेवानिवृत्त अधिकारी/कार्मिक यथा–प्रशासनिक अधिकारी/रीडर/अनुभाग अधिकारी/वरिष्ठ लिपिक/गणना लिपिक/रिकार्ड सहायक जिन्हे उक्त कार्य का 10 वर्ष का अनुभव हो में से सेवाप्रदाता जेम पोर्टल के माध्यम से अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण कार्यालय में 01 प्रशासनिक अधिकारी/रीडर, उपाध्यक्ष कैम्प कार्यालय हेतु 01 अनुभाग अधिकारी, लेखा विभाग/पेन्शन सेल/गणना अनुभाग तथा लेखा रिकार्ड हेतु 03 कार्मिक तथा अधिष्ठान अनुभाग हेतु 03 लिपिक आबद्ध किये जाने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

अनुभाग अधिकारी अधिष्ठान
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ

अनु सचिव (अधिष्ठान)
ल0वि0प्रा0

प्रभारी अधिकारी (अधिष्ठान)

वित्त नियंत्रक
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ

561/OSD (E)/23
23/5/23

246

प्रेषक,

अध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ

553/VC
17-5-23

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

संख्याः- 54 /आयुक्त कैम्प

दिनांक 16 मई,2023

महोदय,

अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ के न्यायालय हेतु एक अनुभवी रीडर की आवश्यकता है। आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ में श्री अहमद अली रीडर के पद पर तैनात रहें है एवं प्रशासनिक अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हो गये है। श्री अली अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ के न्यायालय में काफी वर्षो तक तैनात रहे है तथा न्यायालय कार्यो के लिए सर्वथा उपयुक्त हैं।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि श्री अहमद अली के अनुभव के दृष्टिगत इन्हें अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ के न्यायालय में सम्बद्ध करने हेतु नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(डा0 रौशन जैकब)
अध्यक्ष,
लखनऊ विकास प्राधिकरण

23/5/23

विषयः— मा0 उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में वैभव खण्ड नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर योजना के आवंटियों के प्रार्थना—पत्र के निस्तारण के सम्बन्ध में।

कृपया वैभव खण्ड, नेहरू इन्कलैव योजना में भूखण्डों का आवंटन वर्ष 1990 में किया गया। नियोजित भूमि पर सेना से भूमि स्वामित्व विवाद के कारण रजिस्ट्री/कब्जे की कार्यवाही सम्भव नहीं हो सकी। प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांकः 13.8.2009 को योजना को निरस्त कर आवंटियों की जमा धनराशि 09 प्रतिशत ब्याज के साथ वापस किये जाने का निर्णय लिया जा चुका है। योजना निरस्त किये जाने के कारण आवंटियों द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में वाद दाखिल किये गये थे। मा0 उच्च न्यायालय द्वारा सभी प्रकरणों की एक साथ सुनवाई करते हुए रिट याचिका संख्याः 4413/एमबी/2011 अमर कुमार बनाम स्टेट आफ यूपी में दिनांकः 09.12.2013 में आदेश पारित कर आवंटियों को वैकल्पिक भूखण्ड उपलब्ध कराने के आदेश पारित किये जा चुके हैं। प्राधिकरण द्वारा मा0 उच्चतम न्यायालय में एस0एल0पी0 संख्याः 13830, 13854, आफ 2014 दाखिल की गयी थी जो, दिनांकः 18.10.2016 को प्राधिकरण द्वारा वापस ली जा चुकी है।

मा0 उच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका संख्याः 4413/एमबी/2011 में पारित आदेश दिनांकः 09.12.2013 के अनुपालन में वैभव खण्ड, नेहरू इन्कलैव, गोमती नगर योजना के आवंटियों को शारदा नगर विस्तार योजना में भूखण्ड समायोजित हेतु प्राधिकरण बोर्ड की 163वीं बैठक दिनांकः 07 मई 2018 में प्रस्ताव स्वीकृत किया जा चुका है। उक्त के क्रम में अधिकांश आवंटियों के पक्ष में भूखण्ड का समायोजन किया जा चुका है। वर्तमान में अधोलिखित आवंटियों के प्रार्थना पत्र निर्णय हेतु लम्बित हैः—

| कमांक | आवंटी का नाम | सम्पत्ति का विवरण | आवंटित क्षेत्रफल | अनुमानित मूल्य | जमा धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती माधुरी सिंह | 3/227 नेहरू इन्कलैव गोमती नगर | 200.00 वर्गमी0 | 1,90,000.00 | 2,21,679.00 |
| 2 | सुश्री रागिनी | 4/262 नेहरू इन्कलैव गोमती नगर | 200.00 वर्गमी0 | 4,60,000.00 | 4,07,000.00 |
| 3 | श्री कमल कुमार बाल्मिकी पुत्र स्व0 अच्छे लाल बाल्मिकी | 4/13 नेहरू इन्कलैव गोमती नगर | 200.00 वर्गमी0 | — | 20,000.00 |
| 4 | श्री अनिल गर्ग | सी—8 नेहरू इन्कलैव गोमती नगर | 200.00 वर्गमी0 | 1,90,000.00 | 1,89,772.00 |
| 5 | श्री राम गोपाल | 4/149 नेहरू इन्कलैव गोमती नगर | 200.00 वर्गमी0 | 1,90,000.00 | 1,90,000.00 |
| 6. | श्रीमती कृष्णा देवी | 3/69 नेहरू इन्कलैव गोमती नगर | 200.00 वर्गमी0 | 1,90,000.00 | 1,00,275.00 |
| 7 | श्री छत्ता राग अमरनानी | 4/242 नेहरू इन्कलैव गोमती नगर | 200.00 वर्गमी0 | 1,90,000.00 | 1,40,000.00 |

23.5.23

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | श्री रजनी कपूर | 3/70 नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर | 200 व0मी0 | 1,90,000.00 | 1,90,000.00 |
| 9 | श्रीमती मधुलता शर्मा | 4/69 नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर | 90 व0मी0 | 85,500.00 | 85,500.00 |
| 10 | श्रीमती विमला देवी | 3/154 नेहरू इन्क्लेव, गोमती नगर | 90 व0मी0 | 85,500.00 | 85,500.00 |

कृपया उपरोक्त विवरण के अनुसार आवंटियों के प्रार्थना पत्र पर निर्णय लेने हेतु प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ/अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

23-5-23

(शशि भूषण पाठक)
तहसीलदार- अर्जन
ल0वि0प्रा0

सचिव
23/5/23
विशेष कार्याधिकारी
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ

# लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड की 163वीं बैठक दिनांक 07 मई, 2018 का कार्यवृत्त

उपस्थितिः—

| | | |
|---|---|---|
| 01. | श्री अनिल गर्ग | अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ। |
| 02. | श्री प्रभु एन0 सिंह | उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 03. | श्री कौशल राज शर्मा | जिलाधिकारी, लखनऊ। |
| 04. | श्री उदय राज सिंह | नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ। |
| 05. | श्री संजय कुमार मिश्र | संयुक्त सचिव, प्रतिनिधि—सचिव, वित्त विभाग, उ0प्र0 शासन। |
| 06. | श्री मो0 सलीम अहमद | मुख्य अभियन्ता, प्रतिनिधि—आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद। |
| 07. | श्री आर0के0 शर्मा | अधीक्षण अभियन्ता, प्रतिनिधि—प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम। |
| 08. | श्री जी0पी0 श्रीवास्तव | संयुक्त पर्यटन अधिकारी, प्रतिनिधि—महानिदेशक, पर्यटन। |
| 09. | श्रीमती रेखा श्रीवास्तव | अपर सांख्यकीय अधिकारी, प्रतिनिधि—अपर आयुक्त, उद्योग, लखनऊ मण्डल, लखनऊ। |
| 10. | श्री अनिल कुमार मिश्र | नगर नियोजक, प्रतिनिधि—मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक। |

अन्य उपस्थितिः—

| | | |
|---|---|---|
| 11. | श्री एम0पी0 सिंह | सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 12. | श्री अनिल भट्नागर | अपर सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 13. | श्री आर0के0 सिंह | वित्त नियंत्रक, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 14. | श्री विश्व भूषण मिश्र | नजूल अधिकारी, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 15. | श्री इन्दु शेखर सिंह | मुख्य अभियन्ता, लखनऊ विकास प्राधिकरण। |
| 16. | श्री नितिन मित्तल | मुख्य नगर नियोजक, ल0वि0प्रा0। |
| 17. | श्री आर0जी0 सिंह | मुख्य नगर नियोजक, ल0वि0प्रा0। |

उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा अध्यक्ष, ल0वि0प्रा0/आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ के औपचारिक स्वागत के उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई।

| | |
|---|---|
| विषय संख्या : 1 | लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 30.12.2017 के कार्यवृत्त का पुष्टिकरण। |
| निर्णय : | प्राधिकरण की उक्त बैठक में प्रतिभाग करने वाले समस्त सदस्यों को कार्यवृत्त प्रेषित किया गया था। किसी भी सदस्य द्वारा कार्यवृत्त के सम्बन्ध में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं करायी गयी है। अतः सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की जाती है। |
| विषय संख्या : 2 | लखनऊ विकास प्राधिकरण की बैठक दिनांक 30.12.2017 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या। |
| निर्णय : | प्रस्तुत की गई अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया। |
| विषय संख्या : 3 | लखनऊ विकास प्राधिकरण के आय–व्ययक वित्तीय वर्ष 2018–19 के अनुमोदन के सम्बन्ध में। |
| निर्णय : | प्राधिकरण के वित्तीय वर्ष 2018–19 के प्रस्तावित आय–व्ययक पर विस्तृत चर्चा की गई। वित्त नियंत्रक द्वारा बजट के मुख्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए प्राधिकरण के मा0 सदस्यों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। वित्तीय वर्ष 2018–19 का आय–व्ययक निम्नानुसार सर्वसम्मति से पारित किया गयाः–<br>• वित्तीय वर्ष 2018–19 में राजस्व आय के मद में रू 362.00 करोड़ तथा पूंजीगत आय के मद में रू0 2154.82 करोड़ अर्थात् प्रारम्भिक अवशेष सहित कुल रू0 2516.82 करोड़ आय का बजट स्वीकृत हेतु प्रस्तुत किया गया।<br>• वित्तीय वर्ष 2018–19 में प्रस्तुत राजस्व व्यय के मद में रू 314.73 करोड़ तथा पूंजीगत व्यय के मद में रू0 1932.36 करोड़ अर्थात् कुल रू0 2247.09 करोड़ के व्यय का बजट स्वीकृत हेतु प्रस्तुत किया गया।<br>• उपरोक्त बजट में व्यय मद संख्या–331 एस0टी0पी0 निर्माण कानपुर रोड में प्रस्तावित रू0 60.00 करोड़ के स्थान पर रू0 05.00 करोड़ के व्यय के साथ संशोधित करते हुए वित्तीय वर्ष 2018–19 का बजट स्वीकृत किया गया। |
| विषय संख्या : 4 | निजी क्षेत्र की सहभागिता को बढ़ावा दिये जाने हेतु प्राधिकरण की सम्पत्तियों को पी0पी0पी0 मोड पर विकास किये जाने के सम्बन्ध में। |
| निर्णय : | सम्यक् विचारोपरान्त निजी क्षेत्र की सहभागिता को बढ़ावा दिये जाने हेतु प्राधिकरण की सम्पत्तियों का पी0पी0पी0 मोड पर |

विकास किये जाने विषयक प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करते हुए निजी सहभागिता हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नीतियों, दिशा निर्देशों व शासनादेशों के अनुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

विषय संख्या : 5

भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2008 (यथा संशोधित 2011/2016) के अध्याय 26 के अनुसार आवासीय भूखण्डों पर बहु–आवासीय इकाईयों के निर्माण के सम्बन्ध में।

निर्णय :

सम्यक् विचारोपरान्त सीवेज, जल आपूर्ति एवं अवस्थापना सुविधाएं हेतु जनसंख्या घनत्व के सापेक्ष जांच कराकर सुविचारित प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

विषय संख्या : 6

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा कोयला अथवा लिग्नाइट आधारित तापीय विद्युत संयंत्रों से जनित होने वाली फ्लाई ऐश के उपयोग के सम्बन्ध में।

निर्णय :

सम्यक् विचारोपरान्त उपर्युक्त प्रकरण से सम्बन्धित शासनादेशों द्वारा जारी किये गये दिशा–निर्देश एवं अधिसूचना को अंगीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया।

विषय संख्या : 7

नियोजित रूप से विकसित/स्वीकृति उपरान्त विकसित क्षेत्र के अतिरिक्त प्राप्त होने वाले मानचित्रों के सम्बन्ध में।

निर्णय :

सम्यक् विचारोपरान्त सुविचारित प्रस्ताव शासन को संदर्भित कर दिशा–निर्देश प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। पूर्व के निर्माणों को भी नियमित कराने हेतु निर्देशित किया गया।

विषय संख्या : 8

जानकीपुरम् योजना के सेक्टर–जे विस्तार के अंश भाग पर पुनर्नियोजन कर तैयार किये गये एवं व्यवसायिक भूखण्ड से सम्बन्धी तलपट मानचित्र के अनुमोदन के सम्बन्ध में।

निर्णय :

सम्यक् विचारोपरान्त केवल अध्यासितों (Only For Residents) हेतु सुविधाजनक दुकानें तथा 'बार' रहित जलपान गृह के उपयोगार्थ व्यावसायिक भूखण्ड सृजित किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी।

विषय संख्या : 9

डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट/मेडिकल साइंस, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ परिसर से एकेडमिक ब्लॉक भवन के मध्य सब–वे कनेक्ट करने के सम्बन्ध में।

निर्णय :

सम्यक् विचारोपरान्त निर्देश दिये गये कि सर्वप्रथम डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट/मेडिकल साइंस से जानकारी प्राप्त कर ली जाएं कि प्रस्ताव सब–वे हेतु है अथवा फुट ओवर ब्रिज के लिए। डा0 राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट/मेडिकल साइंस के एकेडमिक एवं चिकित्सालय के दोनों विभागाध्यक्षों से सहमति

प्राप्त होने के उपरान्त परिचालन के माध्यम से स्वीकृति हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

<u>विषय संख्या : 10</u>

यू0पी0 एस्बेस्ट्स लि0, ग्राम–मऊ, तहसील–मोहनलालगंज, लखनऊ के क्षेत्रफल 19.088 हे0 भूमि का भू–उपयोग आवासीय से औद्योगिक में परिवर्तन के सम्बन्ध में।

<u>निर्णय :</u>

सम्यक विचारोपरान्त यह निर्देश दिये गये कि भू–उपयोग परिवर्तन के क्रम में जारी शासनादेशों के अनुसार कार्यवाही किये जाने हेतु शासन को सन्दर्भित किया जाय। चूँकि प्रकरण हाल में सम्पन्न हुई इन्वेस्टर्स सम्मिट से आच्छादित है। अतः शासन औद्योगिक विकास विभाग से भी अभिमत प्राप्त करना चाहें।

<u>विषय संख्या : 11</u>

श्री सुभाष चन्द्र, लेखाकार की पत्नी श्रीमती संध्या श्रीवास्तव की चिकित्सा पर व्यय धनराशि रू0 6,45,357/– (रूपये छः लाख पैतालीस हजार तीन सौ सत्तावन मात्र) की प्रतिपूर्ति की कार्योत्तर स्वीकृति के सम्बन्ध में।

<u>निर्णय :</u>

सम्यक् विचारोपरान्त श्री सुभाष चन्द्र, लेखाकार की पत्नी श्रीमती संध्या श्रीवास्तव की चिकित्सा पर व्यय कुल धनराशि रू0 6,45,357/– (छः लाख पैतालीस हजार तीन सौ सत्तावन मात्र) की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति विषयक प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन करते हुए अग्रिम कार्यवाही हेतु उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण को अधिकृत किया गया। चिकित्सा व्यय के बिल को मुख्य चिकित्सा अधिकारी से भी सत्यापित कराने के निर्देश दिये गये।

<u>विषय संख्या : 12</u>

आश्रयहीन भवन सेक्टर–एच, बसंतकुंज, हरदोई रोड योजना के अन्तर्गत उत्पन्न विवादों के निस्तारण के उद्देश्य से प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनांक 24.10.2016 में प्रस्ताव संख्या–14 पर लिये गये निर्णय पर पुनर्विचार कर प्राधिकरण की वैध आवंटियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए उक्त निर्णय को निरस्त किये जाने के सम्बन्ध में।

<u>निर्णय :</u>

सम्यक् विचारोपरान्त आश्रयहीन भवन, सेक्टर–एच, बसंतकुंज, हरदोई रोड योजना के अन्तर्गत उत्पन्न विवादों के निस्तारण के उद्देश्य से प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनांक 24.10.2016 में अनुमोदित किये गये प्रस्ताव संख्या–14 (योजना में अवैध रूप से काबिज व्यक्तियों को समायोजित कर दिया जाय) को मा0 उच्च न्यायालय द्वारा रिट याचिका सं0–3962/2018 में दिनांक 09.02.2018 को व्यक्त की गई अप्रसन्नता के दृष्टिगत समायोजन के निर्णय को निरस्त किया गया।

विषय संख्या : 13 — विकास प्राधिकरणों में समूह–'ग' एवं 'घ' (उ0प्र0 लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) के पदों पर दैनिक वेतन या वर्कचार्ज या संविदा पर कार्य कर रहे व्यक्तियों की विनियमितीकरण नियमावली 2016 को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय : कार्मिक विभाग द्वारा प्रख्यापित उ0प्र0 (उ0प्र0 लोक सेवा आयोग के क्षेत्र के बाहर) समूह–'ग' एवं 'घ' के पदों पर सरकारी विभाग में दैनिक मजदूरी या कार्य प्रभार पर कार्यरत या संविदा पर कार्य कर रहे व्यक्तियों की विनियमितीकरण नियमावली 2016 को अंगीकृत किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

विषय संख्या : 14 — प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत ग्राम–बिजनौर की 11.2 हे0 आवासीय एवं 5.6 हे0 भूमि पर एस0टी0पी0 भू–उपयोग दर्शित कराने एवं इसके साथ ही ग्राम–बिजनौर की अवशेष भूमि एवं ग्राम–रसूलपुर, इथुरिया का भू–उपयोग के निर्धारण हेतु नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ0प्र0 को अभिकरण नामित किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय : सम्यक विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमति प्रदान की गयी। लीडा से लखनऊ विकास प्राधिकरण में अधिसूचित हुए ग्राम–बिजनौर की शेष भूमि तथा ग्राम–रसूलपुर इथुरिया के भू–उपयोग निर्धारण हेतु विकास प्राधिकरण से कार्यवाही के निर्देश दिये गये, जिस पर मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ0प्र0 से सहमति प्राप्त कर विधि अनुसार अग्रिम कार्यवाही किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया।

विषय संख्या : 15 — लखनऊ विकास प्राधिकरण के 15 से 19 वर्ष पुराने 03 अदद हल्के वाहनों को निष्प्रयोज्य घोषित करने एवं पूर्व में निष्प्रयोज्य 11 हल्के वाहनों के स्थान पर 06 अदद नये विद्युत चालित हल्के वाहन क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय : सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

विषय संख्या : 16 — चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास/विस्तार हेतु भूमि क्रय किये जाने हेतु मा0 मंत्री परिषद द्वारा लिये गये निर्णय के सम्बन्ध में।

निर्णय : मा0 मंत्री परिषद के निर्णय को संज्ञान में लेते हुए प्रस्तुत प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदान की गई। भू–उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही भूमि के विक्रय विलेख (Sale Deed) निष्पादित होने के पश्चात् प्रारम्भ की जाये।

विषय संख्या : 17 — भवन निर्माण एवं विकास उपविधि–2008 (यथा–संशोधित 2011/2016) के अन्तर्गत आवासीय भूखण्डों पर स्टिल्ट फ्लोर की अनुमन्यता के सम्बन्ध में।

निर्णय : — सम्यक् विचारोपरान्त प्रस्तुत प्रस्ताव इस शर्त के साथ शासन को संदर्भित किये जाने हेतु सहमति व्यक्त की गयी कि स्टिल्ट फ्लोर का उपयोग केवल पार्किंग हेतु अनुमन्य की जाए। उक्त स्टिल्ट फ्लोर पर पार्किंग, जीना एवं लिफ्ट के अतिरिक्त अन्य कोई निर्माण/प्रयोजन अनुमन्य नहीं होगा।

विषय संख्या : 18 — मा0 विधान परिषद की अंकुश समिति द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में अनार्जित भूमि खसरा संख्या–36 क्षेत्रफल 0.190 हे0 स्थित ग्राम–औरंगाबाद खालसा, लखनऊ के सापेक्ष भूमि दिये जाने के सम्बन्ध में।

निर्णय : — सम्यक् विचारोपरान्त मा0 विधान परिषद की अंकुश समिति द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में अनार्जित भूमि खसरा संख्या–36 क्षेत्रफल 0.190 हे0 स्थित ग्राम–औरंगाबाद खालसा, लखनऊ के सापेक्ष भूमि दिये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि अनार्जित भूमि के मूल्य के बराबर (डीएम सर्किल रेट) दूसरी भूमि किसी अन्य योजना में प्राधिकरण के नियमों के अन्तर्गत दी जाय।

विषय संख्या : 19 — द हिमालयन सहकारी आवास समिति लि0 लखनऊ द्वारा योजित रिट याचिका संख्या–10507/एमबी/2010 में पारित आदेश दिनांक 10.04.2018 एवं पूर्व में पारित आदेश दिनांक 26.11.2015 के अनुपालन में समिति को भूमि देने विषयक।

निर्णय : — द हिमालयन सहकारी आवास समिति लि0 लखनऊ द्वारा योजित रिट याचिका संख्या–10507/एमबी/2010 में पारित आदेश दिनांक 10.04.2018 एवं पूर्व में पारित आदेश दिनांक 26.11.2015 के अनुपालन में बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत प्रस्ताव परिचालन के माध्यम से अनुमोदित करा लिया गया है।

विषय संख्या : 20 — मा0 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग द्वारा पारित आदेश दिनांक 09.04.2018 के क्रम में श्रीमती नसीम बानो को आवंटित भूखण्ड एवं श्री सैय्यद आरिफ सुहैल द्वारा काबिज भू–भाग के सम्बन्ध में प्रस्ताव।

<u>निर्णय :</u> मा0 राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के निर्णय दिनांक 09.04.2018 को बोर्ड द्वारा संज्ञान में लेते हुए प्रचलित विधिक प्रक्रिया एवं नियमों के अन्तर्गत प्रकरण का निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये गये।

उपाध्यक्ष, ल0वि0प्रा0 द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समाप्त हुई।

(इन्दु शेखर सिंह)
मुख्य अभियन्ता

11/5/18
(प्रभु एन0 सिंह)
उपाध्यक्ष

<u>अनुमोदित</u>

(अनिल गर्ग) 11/5/18
अध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण,
एवं आयुक्त, लखनऊ मण्डल,
लखनऊ।

**Court No. - 27**

Case :- MISC. BENCH No. - 4413 of 2011

**Petitioner :-** Amar Kumar
**Respondent :-** State Of U.P., Thru. Prin. Secy.,Housing & Urban Development
**Counsel for Petitioner :-** Shailesh Tiwary
**Counsel for Respondent :-** C.S.C.

**Connected with**

Writ Petition Nos. 169 (M/B) of 2010, 1408 (M/B) of 2010, 439 (M/B) of 2010, 110 (M/B) of 2010, 10817 (M/B) of 2009, 10045 (M/B) of 2009, 10434 (M/B) of 2009, 9986 (M/B) of 2009, 12153 (M/B) of 2009, 978 (M/B) of 2010, 1411 (M/B) of 2010, 1658 (M/B) of 2010, 660 (M/B) of 2010, 5354 (M/B) of 2010, 3788 (M/B) of 2010, 9261 (M/B) of 2009, 9514 (M/B) of 2009, 9480(M/B) of 2009, 3504 (M/B) of 1994, 2023 (M/B) of 2012, 1933 (M/B) of 2011, 4429 (M/B) of 2012, 2323 (M/B) of 2012, 9154 (M/B) of 2011 and 1530 (M/B) of 2013.

**Hon'ble Devi Prasad Singh,J.**
**Hon'ble Ashok Pal Singh,J.**

1. Heard learned counsel for the petitioners, learned Standing Counsel, Sri J.N. Mathur, learned Senior Counsel appearing for the Lucknow Development Authority, Lucknow and perused the records.

2. Since, in these bunch of writ petitions, common question of law and facts are involved, hence, they are being decided by a common judgment and order.

3. According to learned counsel for the petitioners, the petitioners have applied for allotment of plots /flats in the scheme, namely, Nehru Enclave situated in Gomti Nagar, Lucknow, in pursuance of the scheme floated by Lucknow Development Authority, Lucknow. The petitioners have fulfilled necessary conditions and their applications forms were found to be eligible for allotment of plots/flats in terms of information brochure. Admittedly, the petitioners had deposited entire costs of the flats/plots. However, on account of dispute between the Lucknow Development Authority and the Army, a part of the scheme could not be materialized. In consequence thereof, the petitioners could not be allotted flats/plots. The scheme is of the years 1991-1994 and all the petitioners have deposited the amount in terms of information brochure and the scheme with regard to costs of the flats/plots. Since then, the petitioners are running from pillar to post for allotment of the flats/plots, but, Lucknow Development Authority has failed to fulfill the dream of their houses/flats.

4. A common argument has been advanced by learned counsel for the petitioners that majority of the petitioners have applied for allotment of flats/plots after taking loan from the Bank or other financial institutions, and they are now facing extreme hardship on account of non-delivery of possession of flats / plots.

5. Sri J.N. Mathur, learned Senior Counsel appearing for Lucknow Development Authority submits that Lucknow Development Authority is ready to refund the amount deposited by the petitioners alongwith interest @ 9%. However, submission of learned counsel for the petitioners is that now it is beyond the reach of the petitioners to purchase the flats/plots at the current rate since they have already taken loans from different Banks and also have deposited the outstanding dues in terms of allotment letter to Lucknow Development Authority. Further submission of learned counsel for the petitioners is that the petitioners have fulfilled the required terms and conditions of the allotment letters issued in consequence thereof. They have also deposited the entire amount of flats/plots. Now, it is not open for the Lucknow Development Authority to withdraw from its liability with regard to allotment of flats/plots. It is also submitted that the petitioners are ready to opt for alternative flats/plots in terms of allotment made in the years 1991-1994.

6. Arguments advanced by learned counsel for the petitioners carry weight. The citizens who had applied for allotment of flats/plots in the years 1991-1994 and have deposited the entire costs of land in lieu of allotment letters issued to them, ordinarily, they should not be deprived of the allotment of flats / plots.

7. Being the Government instrumentality, it was bounden duty of Lucknow Development Authority to provide alternative accommodations to the petitioners in terms of original allotment order. In case, the scheme with regard to Nehru Enclave is suffering from some problems, then it is not expected from Development Authority to act like a private company. In the allotment of houses, once Lucknow Development Authority or the State Government or its instrumentality are involved in commercial activity, then their standard of working must be different from the private sectors, keeping in view the interest of the public as well as plights of the citizens.

8. Learned counsel for the petitioners have invited attention of this Court towards recent judgment passed in **Writ Petition No. 11737(M/B) of 2011(Rashid Umar Vs. The Chairman L.D.A., Lucknow & others)** dated 04.12.2013. Para -19 of the aforesaid judgment is reproduced as under :

> *Ordinarily, it is not permissible for development authorities as well as colonizers to shift the place of allotted plot or flat to an another place or cancel the allotment merely on payment of interest unless they have some justifiable, compelling and lawful reasons to do so. In that case also it shall be always incumbent on the development authorities or colonizers to allot the same nature and category of flats or plots to such allottees. A justifiable compelling and lawful reason, for example may be where the development authorities' own title of the property has been revoked. In case development authorities or the colonizers continue with lawful possession of the area which has been allotted to the allottees, then in such a situation, they will not have right to cancel the allotment or shift the place of allotment to other area may be, with a provision to refund the amount deposited by the allottees for the purpose with interest.*
>
> *Subject to above, in any case, for some lawful reason, the possession is not delivered and allotment cannot be materialised, then it shall be obligatory on the part of the development authorities or the colonizers to provide other plot or flat as the case may be, on the same cost which has been deposited by the allottee. The reason is that at a point of time when the citizen books the flat or plot at a location of his or her choice, the decision is taken keeping in view the financial viability as well as location. It is not necessary that after sufficient long period, the citizen will be able to purchase a plot or flat on the revised price. Hence they cannot be penalised for commission or omission on the part of the development authorities or the colonizers.*

9. In view of above, we are of the view that in case petitioners are not ready for refund of their amount alongwith interest @ 9 per cent, then Lucknow Development Authority cannot compel them to receive back the money which has been deposited by them in the years 1991-94. Being the instrumentality of the State, it shall be open to Lucknow Development Authority to adjust the petitioners amount in some other schemes or appropriate place and allot them flats/plots, as the case may be, on the very price which they have deposited in the years 1991-94.

10. In one another case, Ganesh Prasad Vs. Lucknow Development Authority, Lucknow reported in 2011(29) LCD 2541, this court considered the situation where the allottees

deposited the cost of the land and yet Lucknow Development Authority failed to deliver them possession of their flats/plots. More or less a similar situation was also considered by this Court in the case of Kiran Yadav Vs. Commissioner, Lucknow & others in Writ Petition No. 1855 (M/B) of 2004.

11. It has been held in the case of Ganesh Prasad (Supra) and Kiran Yadav (Supra) that once the entire costs of the plots/flats are deposited, then any inaction on the part of Development Authority amounts to arbitrary exercise of power and unjust enrichment from the costs of flats/plots deposited by the allottees. Such allottees shall be entitled for payment of interest till possession of plots/flats are not handed over and they may also claim damages from the competent court or forum.

12. We have been informed that the Judgment of this court in the case of Ganesh Prasad (Supra), has been affirmed by Hon'ble Supreme Court and the SLP has been dismissed.

13. In view of above, there appears no reason on the part of Lucknow Development Authority to compel the petitioners to take back the costs of lands/plots deposited by them with Lucknow Development Authority and Lucknow Development Authority may give the plots/flats to the petitioners allotted in any other schemes which they are running in the District of Lucknow.

14. In view of above, we allow these bunch of writ petitions.

15. Accordingly, a writ in the nature of mandamus is issued directing Lucknow Development Authority, Lucknow to allot the alternative flats/plots to the petitioners in terms of original agreement and information brochure and the costs deposited by them without charging any additional costs for the purchase of land. It shall be open to the petitioners to move fresh applications within a month from today and thereafter Lucknow Development Authority shall deliver possession of the plots/flats expeditiously, say within a period of four months. Keeping in view of the law laid down in the case of Ganesh Prasad (Supra), petitioners shall be also entitled for interest on the amount which they have deposited in the years 1991-94. For that, we leave it for open the petitioners to move applications for payment of interest on the amounts deposited by them in the light of

Judgement of Ganesh Prasad's case (Supra). In case any application is moved by the petitioners, the same shall be considered by the Lucknow Development Authority.

16. The order passed shall not come into petitioners' way with regard to allotment of lands/ plots at alternative site.

17. This order shall be applicable to those allottees who have not accepted the costs of flats/plots from the Lucknow Development Authority.

**Order Date :-** 9.12.2013
S. Kumar

विषय संख्याः 36

पृष्ठ संख्याः 261

**विषयः—श्री महेश प्रसाद को बसन्तकुन्ज हरदोई रोड योजना में आश्रयहीन भवन संख्या—एस—2/16 के स्थान पर आश्रयहीन भवन संख्या—एस—1/116 का समायोजन की कार्योत्तर स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

---

श्री महेश प्रसाद पता—डीएस/377, सेक्टर—सी बटहा सबौली कुर्सी रोड लखनऊ को जानकीपुरम सीतापुर रोड योजना, सेक्टर—जे में ई0डब्लू0एस0 भवन संख्या—1/1019 क्षेत्रफल 25.50 वर्गमी0 दिनॉक 31.07.2002 को आंवटित किया गया था। उक्त भवन किसी अन्य व्यक्ति को आंवटित होने के कारण लाटरी दिनॉक 07.06.2006 में भवन संख्या—1/1019 के स्थान पर सेक्टर—एच बसन्तकुन्ज हरदोई रोड योजना में आश्रयहीन भवन संख्या—एस—2/16 क्षेत्रफल 25.50 वर्गमी0 आंवटित किया गया।

प्रश्नगत आश्रयहीन भवन संख्या—एस—2/16 पर अनाधिकृत कब्जा होने के कारण प्राधिकरण की बसन्तकुन्ज योजना में आश्रयहीन भवन संख्या—एस—1/116 को आंवटित किये जाने की स्वीकृति श्री एल0एम0 प्रसाद विशेषकार्याधिकारी द्वारा दिनॉक 23.06.2016 को प्रदान की गयी।

उक्त भवन से सम्बन्धित पत्रावली में स्वीकृत हेतु प्राप्त आख्या में उल्लिखित है कि उपाध्यक्ष महोदय के आदेश संख्या—16/उपा0का0/2015 दिनॉक 12.05.2015 के द्वारा ट्रांसगोमती क्षेत्र के आश्रयहीन भवनों के लिए श्री रणविजय सिंह, संयुक्त सचिव एवं सिस गोमती क्षेत्र के आश्रयहीन भवनों के लिए श्री एन.एन. सिंह संयुक्त सचिव को आंवटन, परिवर्तन ,निबन्धन व अन्य समस्याओं के निदान हेतु समुचित निर्णय लेने के अधिकार प्रतिनिधानित किया गया था। प्रकरण सिस गोमती का होने के कारण स्वीकृति श्री एन0एन0 सिंह संयुक्त सचिव से प्राप्त की जानी अपेक्षित थी, किन्तु सक्षम स्तर से स्वीकृति प्रदान नही की गयी है।

अतः श्री महेश प्रसाद को बसन्तकुन्ज हरदोई रोड योजना में आश्रयहीन भवन संख्या—एस—2/16 के स्थान पर आश्रयहीन भवन संख्या—एस—1/116 के समायोजन की कार्योत्तर स्वीकृत प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

24/05/2023

24/5/23
S.O.

24/05/23
(बलराम)
सम्पत्ति अधिकारी
ल0वि0प्रा0

24.5.23
(अरविन्द त्रिपाठी)
पी.सी.एस.
नजूल अधिकारी
ल0वि0प्रा0

विषय संख्या-37 पृ० सं० - 262

# बोर्ड प्रस्ताव

विषय :– उ0प्र0 इलेक्ट्रिक वाहन मैन्यूफैक्चरिंग निति 2019 के अन्तर्गत सावर्जिनक स्थलों पर वाहनों के चार्जिंग हेतु बुनयादि ढ़ाचे के निर्माण के सम्बन्ध में।

अपर मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन द्वारा जारी शासनादेश संख्या–25/2020/2058/77–6–20एलसी 02/18टीसी–3, औद्योगिक अनुभाग विकास–6 दिनांक 04 अगस्त, 2020 एवं संख्या–1114/77–6–2020–एलसी 02/2018/टीसी–3, दिनांक 22.05.2020 के बिन्दु संख्या–03 के अनुसार आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 के अधीन कार्यरत विकास प्राधिकरणों में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के क्रम में इलेक्ट्रिक वाहन इन्फ्रास्ट्रक्चर को पैट्रोल/डीजल फिलिंग स्टेशन के समतुल्य मानते हुए इसे उन सभी उपयोगों में अनुमन्य किया गया है, जहॉ डीजल/पैट्रोल फिलिंग स्टेशन अनुमन्य हैं, को महायोजना में संशोधित किये जाने हेतु बिल्डिंग बाईलौज में संशोधन किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उपरोक्त शासनादेश के क्रम में मैसर्स केन चार्जिंग सोल्यूशन, 9/744, इन्दिरा नगर, लखनऊ के प्रोपराईटर श्री अग्रिम खण्डेलवाल एवं मैसर्स टाटा पॉवर कं0 लि0 द्वारा प्राधिकरण की योजनाओं में सार्वजनिक पार्किंग स्थलों पर चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्मित करने हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त अनुरोध के क्रम में प्राधिकरण की सार्वजनिक पार्किंग स्थलों पर चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्मित करने की अनुमति हेतु प्रस्ताव मा0 बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ एवं विचारार्थ प्रस्तुत है।

24/05/2023
(भगत सिंह)
सहायक अभियन्ता, (वि०/यॉं०)

24/5/23
मनोज कुमार सागर

संख्या-25/2020/2058/77-6-20-एल.सी.02/18टी.सी.-3

प्रेषक,

आलोक कुमार,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. प्रमुख सचिव,
आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

2. मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
नोएडा/ ग्रेटर नोएडा/यीडा/यूपीसीडा/लीडा /सीडा/
गीडा/डीएमआईसी-आईआईटीजीएनएल।

औद्योगिक विकास अनुभाग-6 लखनऊ : दिनांक 04 अगस्त, 2020

विषय- "उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग नीति-2019" के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों पर चार्जिंग हेतु बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए मानक दिशा-निर्देशों के संबंध में।

महोदय,

अधिसूचना संख्या-580/77-6-19-एल.सी. 02/18 दिनांक 13 अगस्त, 2019 द्वारा प्रख्यापित "उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग नीति-2019" में सार्वजनिक स्थानों पर चार्जिंग हेतु बुनियादी ढांचे को विकसित करने के संबंध में नीति के प्रस्तर-3 में निम्नवत् प्रावधान है:-

3.4.3 चार्जिंग अवस्थापना सुविधाओं को सार्वजनिक भवनों एवं सार्वजनिक स्थानों में विकसित किया जाएगा तथा चार्जिंग आउटलेट व नियमित विद्युत आपूर्ति इत्यादि स्थापित करने के प्रावधानों को प्रोत्साहित किया जाएगा। उ.प्र. राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) डिपो, बस टर्मिनलों एवं बस स्टाप में चार्जिंग स्टेशन होंगे। सार्वजनिक पार्किंग स्थलों पर चार्जिंग स्टेशन अनिवार्य होंगे।

3.4.4 इसके अतिरिक्त अधिक घनत्व वाले प्रमुख राजमार्गों, यथा-यमुना एक्सप्रेस-वे एवं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे तथा प्रस्तावित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर ईवी मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए प्रत्येक 50 किमी. पर तीव्र चार्जिंग स्टेशन, बैटरी प्रतिस्थापन/बदलने की अवस्थापना सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा।

3.4.5 प्रदेश में नये अपार्टमेंट, ऊँची इमारतों एवं टेक्नोलॉजी पार्कों को ईवी चार्जिंग की अवस्थापना सुविधाओं को स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। ऐसे समस्त कामर्शियल काम्प्लेक्सेज, आवासीय सोसाइटीज तथा आवासीय टाउनशिप्स, जिनका निर्मित क्षेत्र 5000 वर्गमीटर अथवा अधिक होगा उनको नवीन अनुमति प्राप्त करने हेतु उनके परिसर में चार्जिंग स्टेशन का होना अनिवार्य होगा।

2- उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग नीति-2019 के विभिन्न प्रावधानों को लागू करने के संबंध में इलेक्ट्रिक वाहन कोआर्डीनेशन कमेटी (ईवीसीसी) की दिनांक 19.02.2020 को सम्पन्न बैठक में नीति के प्रावधानों पर चर्चा की गयी और विभिन्न विभागों ने कुछ मानकीकृत दिशा-निर्देशों की मॉग की ताकि एक रूपरेखा को परिभाषित किया जा सके और मौजूदा उपनियमों और महायोजना

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है।

(Master plan) को अद्यतन या संशोधित किया जा सके। शासन की उक्त नीति को क्रियान्वित करने के लिए भारत सरकार से प्राप्त निर्देशों के आधार पर बिल्डिंग बायलॉज तथा जोनिंग रेगुलेशन्स में परिवर्तन करने के लिए ड्राफ्ट उपलब्ध कराने का अनुरोध मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक से पत्र दिनांक 22 मई, 2020 द्वारा किया गया था। मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक द्वारा अपने पत्र दिनांक 11 जून, 2020 द्वारा निम्नलिखित प्रस्ताव किया गया :-

(i) भारत सरकार के द्वारा जारी किए गए निर्देशों के आधार पर इलेक्ट्रिक वाहन इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में सम्मिलित करने के लिए एक नए अध्याय का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

(ii) भारत सरकार से प्राप्त माह फरवरी, 2019 के दिशा निर्देशों के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहन इन्फ्रास्ट्रक्चर को पेट्रोल/डीजल फिलिंग स्टेशन के समतुल्य मानते हुए इसे उन सभी उपयोगों में अनुमन्य किया गया है जहाँ पर पैट्रोल/डीजल फिलिंग स्टेशन अनुमन्य है। अतः महायोजनाओं के जोनिंग रेगुलेशन्स में तदनुसार संशोधन करने की कार्यवाही की जानी आवश्यक होगी।

3- अत: मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक द्वारा दिए गए सुझावों के क्रम में यह निर्णय लिया गया है कि ड्राफ्ट चैप्टर को (संलग्नक-1) आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा "उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग नीति-2019" के अनुसार उनके अधीन कार्यरत विकास प्राधिकरणों के बिल्डिंग बायलॉज में समाहित कराने की कार्यवाही किए जाने तथा भारत सरकार के द्वारा उनकी गाइडलाइन्स में किए गए संशोधनों के अनुसार " Norms for Distribution Services" के सबंध में तालिका 8.57 में क्रमांक संख्या-1 व क्रमांक संख्या-3 में किए गए संशोधनों (संलग्नक-2) के अनुरूप विकास प्राधिकरणों के जोनिंग रेगुलेशन्स में संशोधन किए जाने की कार्यवाही की जाए।

4- उपरोक्तानुसार कार्यवाही औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के स्तर से भी किए जाने का निर्णय लिया गया है।

5- कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

**संलग्नक: यथोक्त।**

भवदीय,

(आलोक कुमार)
अपर मुख्य सचिव।

**संख्या-25/2020/2058(1)/77-6-20-एल.सी.04/18टी.सी.-3तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
3. अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
4. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
5. महालेखाकार, लेखा परीक्षा, (प्रथम एवं द्वितीय) प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।
6. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
7. अधिशासी निदेशक, उद्योग बन्धु, लखनऊ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

8. प्रबन्ध निदेशक, पिकप।
9. आयुक्त एवं निदेशक, उद्योग, उद्योग निदेशालय, कानपुर।
10. समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
11. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, लखनऊ।
12. औद्योगिक विकास विभाग के समस्त अनुभाग।
13. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(रजनी कान्त पाण्डेय)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

पत्रां. 1430/77-6-2020 266

संलग्नक-1

# नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश

टी.सी.जी./1-ए-वी/5, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

पत्रांकः 193 /न.नि.(2)/ इलेक्ट्रिक वाहन /2020-21, दिनांकः 11 जून, 2020

सेवा में,

विशेष सचिव,
औद्योगिक विकास अनुभाग-6,
उ.प्र. शासन।

विषयः उ.प्र. इलेक्ट्रिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग नीति-2019 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों पर चार्जिंग हेतु बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए मानक दिशा-निर्देशों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक औद्योगिक विकास अनुभाग-6, उ.प्र. शासन के पत्र सं-1114/77-6-2020-एल.सी.02/2018/टी.सी.3, दिनांक 22 मई, 2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहन मैन्युफैक्चरिंग नीति-2019 के विभिन्न प्राविधानों को लागू करने के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में बॉयलाज में यथावश्यक संशोधन किए जाने हेतु मॉडल ड्राफ्ट शासन को उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी है।

2. इस सम्बन्ध में आपके पत्र के माध्यम से उपलब्ध कराये गये दिशा-निर्देशों (1) फरवरी, 2019 में जारी "ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर 2016 के लिए माडल बिल्डिंग बॉयलाज (MBBL)" (MoHUA), (2) "ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के दिशा-निर्देश और मानक" (MoP) दिसम्बर, 2018 में जारी किए गए, और (3) फरवरी 2019 में जारी "शहरी क्षेत्रीय विकास योजना निर्माण और कार्यान्वयन दिशा-निर्देश 2014" (MoHUA) के आधार पर इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में सम्मिलित करने के लिए एक नये अध्याय का प्रारूप तैयार किया गया है जो संलग्न है।

3. इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की अनुमन्यता के सम्बन्ध में फरवरी 2019 में जारी "शहरी क्षेत्रीय विकास योजना निर्माण और कार्यान्वयन दिशा-निर्देश 2014" (MoHUA) दिशा-निर्देशों के अवलोकन से विदित होता है कि इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को पेट्रोल/डीजल फिलिंग स्टेशन के समतुल्य मानते हुए इसे उन सभी उपयोगों में अनुमन्य किया गया है जहाँ पर पेट्रोल/डीजल फिलिंग स्टेशन अनुमन्य हैं। अतः महायोजनाओं के जोनिंग रेगुलेशन्स में तदानुसार संशोधन करने की कार्यवाहीकी जानी आवश्यक होगी।

श्री सुनील
12/6/2020

4. इस संदर्भ में उल्लेखनीय है कि 19.02.2020 को सम्पन्न इलेक्ट्रिक वाहन मोबिलिटी समन्वय समिति की बैठक के कार्यवृत्त में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर सम्बन्धी मसौदा उद्योग बन्धु के स्तर से तैयार कराये जाने के निर्देश हैं। अतः तैयार किए गए प्रारूप के सम्बन्ध में उद्योग बन्धु से अभिमत/परामर्श प्राप्त किया जाना समीचीन होगा।

भवदीय,

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

11/06/2020

(अनूप कुमार श्रीवास्तव)
मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक

पत्रांक एवं दिनांक: तदैव।

प्रतिलिपिः प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ.प्र. शासन को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

11/06/2020

(अनूप कुमार श्रीवास्तव)
मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक

विषय संख्या–38 पृष्ठ संख्या–268

**विषयः–** लखनऊ विकास प्राधिकरण में 10 वर्ष से अधिक पुराने 13 अदद अम्बेस्डर वाहनो को निष्प्रयोज्य घोषित करने एवं नीलामी कर बेचे जाने की अनुमति के साथ–साथ निष्प्रयोज्य हो रहे वाहनो के प्रतिपूर्ति हेतु 10 अदद वाहनो को कय करने का प्रस्ताव तथा आवश्यकतानुसार आउट सोर्सिंग से किराया पद्धति पर वाहनो की व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में।

शासनादेश संख्या–3817/30–4–24 के0एम0/86 अक्टूबर, 31 1986 परिवहन अनुभाग–4 विषय सरकारी गाड़ियो की निष्प्रयोज्य घोषित करने का मापदण्ड के बिन्दु संख्या–03 के अनुसार तीन टन से कम क्षमता वाली हल्की तथा सामान्य मोटर गाड़ियों के लिए मैदानी मार्ग पर चलने वाली उन हल्की तथा सामान्य गाड़ियों को जो कम से कम 10 वर्ष चल चुकी हो या जिन्होने 1.75 लाख किलोमीटर की पूरी तय कर ली हो, निष्प्रयोज्य घोषित किया जा सकता है। उपरोक्त शासनादेश के आलोक में निर्धारित मापदण्ड पूर्ण करने वाले 13 वाहनो को निष्प्रयोज्य घोषित कराया जाना प्रस्तावित है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः–

| क0सं0 | वाहन संख्या | माडल नम्बर | चली गयी दूरी |
|---|---|---|---|
| 1. | UP32 BL 6000, AMBESDOR, Petrol | 2010 | 312000 Km |
| 2 | UP 32 FD 7765 AMBESDOR, Petrol | 2013 | 200000 km |
| 3 | UP 32 BZ 6666AMBESDOR, Petrol | 2006 | 306000 KM |
| 4 | UP 32 DX 4320 AMBESDOR, Petrol | 2011 | 256000 KM |
| 5 | UP 32 FD 7300 AMBESDOR, Petrol | 2013 | 242000 KM |
| 6 | UP 32 EJ 6666 AMBESDOR, Petrol | 2012 | 244000 KM |
| 7 | UP 32 DX 6666 AMBESDOR, Petrol | 2011 | 238000 KM |
| 8 | UP 32 DL 0700 AMBESDOR, Petrol | 2010 | 262000 KM |
| 9 | UP 32 CW 8118 AMBESDOR, Petrol | 2009 | 285000 KM |
| 10 | UP 32 CX 2727AMBESDOR, Petrol | 2008 | 357500 KM |
| 11 | UP 32 CT 7227AMBESDOR, Petrol | 2009 | 292000 KM |
| 12 | UP 32 CS 6508 AMBESDOR, Petrol | 2008 | 300000 KM |
| 13 | UP 32 CW 4771 AMBESDOR, Petrol | 2009 | 292000 KM |

यहा यह उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत वाहन 10 वर्ष से अधिक पुराने हो गये है एवं 1.75 लाख से अधिक चल चुके है। इन वाहनो को कम्पनी ने बनाना बंद भी कर दिया गया है। इन वाहनो के रख रखाव एवं ईधन पर भी अत्याधिक व्यय आ रहा है। अतः इन वाहनो को निष्प्रयोज्य घोषित किया जाना वित्तीय दृष्टिकोण से उचित होगा।

अतः लखनऊ विकास प्राधिकरण में 10 वर्ष से अधिक पुराने 13 अदद अम्बेस्डर पेट्रोल वाहनो को नियमानुसार निष्प्रयोज्य घोषित करने एवं नीलामी कर बेचे जाने की अनुमति के साथ–साथ निष्प्रयोज्य हो रहे वाहनो के सापेक्ष 10 अदद नये वाहन शीघ्र क्रय किये जाने की अनुमति एवं आवश्यतानुसार किराया पद्धति पर वाहन की व्यवस्था जारी रखने की अनुमति का प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

के0 डी0 पाण्डेय
अवर अभियन्ता (वि0यां0)

(माधवेश कुमार)
उप सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

F:\nishprojya vahan suchi 23-05-2023.doc

संख्या–3817 / 30–4–24 केएम–86

प्रेषक,

सचिव,
परिवहन विभाग,
उत्तर प्रदेश, शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

दिनांकः 31 अक्टूबर, 1986

विषयः सरकारी गाड़ियों को निष्प्रयोज्य घोषित करने का मापदण्ड।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि सरकारी गाड़ियों को निष्प्रयोज्य घोषित करने के सम्बन्ध में निर्देश, शासनादेश सं0–(1) 1274टी / 30–4–33जेवी–65, दि0 22 मार्च, 77 (2) सं0–1793 टी–30–4–24 केएम–76, दि0 17 जुलाई, 78 तथा (3) सं0–6766–टी / 30–4–24 केएम / 76, दिनांक 15 जनवरी, 1981 मे दिये गये है। निष्प्रयोज्य गाड़ियों के निस्तारण में होने वाले अनावश्यक विलम्ब को समाप्त करने के उद्देश्य से राज्यपाल महोदय अब सरकारी गाड़ियों को निष्प्रयोज्य घोषित करने के लिए विभागाध्यक्षों को अधिकृत करते है व उसके लिए निम्नलिखित प्रकिया व मापदण्ड निर्धारित करते है :–

(1) तीन टन व उससे अधिक क्षमता वाली डीजल चालित भारी मोटर गाड़ियाँ–

(क) मैदानी मार्ग– मैदानी मार्गो पर चलने वाली उन भारी मोटर गाड़ियों को जो कम से कम 15 वर्ष चल चुकी हो अथवा जिन्होंने 4.50 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर ली हो, निष्प्रयोज्य घोषित करने के लिए विचार किया जा सकता है।

(ख) पहाड़ी मार्ग– पहाड़ी मार्गो पर चलने वाली उन भारी मोटर गाड़ियों को जो कम से कम 10 वर्ष चल चुकी हो या जिन्होनें 3.25 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर ली हो, निष्प्रयोज्य घोषित करने के लिए विचार किया जा सकता है।

(2) तीन टन व उससे अधिक क्षमता वाली पेट्रोल चालित मोटर गाड़ियाँ–

(क) मैदानी मार्ग– मैदानी मार्गो पर चलने वाली उन पेट्रोल इंजन द्वारा चालित ट्रान्सपोर्ट गाड़ियों की, जो कम से कम 12 वर्ष तक चल चुकी हों या जिन्होंने

2.25 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर ली हो, निष्प्रयोज्य घोषित करने के लिए विचार किया जा सकता है।

(ख) **पहाड़ी मार्ग**— पहाड़ी मार्गो पर चलने वाली उन पेट्रोल इंजन द्वारा चालित भारी ट्रांसपोर्ट गाड़ियों को जो कम से कम 8 वर्ष चल चुकी हों या जिन्होने 1.60 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर ली हो, निष्प्रयोज्य घोषित करने के लिए विचार किया जा सकता है।

3— **तीन टन से कम क्षमता वाली हल्की तथा सामान्य मोटर गाड़ियाँ**—

(क) **मैदानी मार्ग**— मैदानी मार्गो पर चलने वाली उन हल्की तथा सामान्य गाड़ियों को जो कम से कम 10 वर्ष चल चुकी हों या जिन्होंने 1.75 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर ली हो, निष्प्रयोज्य घोषित करने के लिए विचार किया जा सकता है।

(ख) पहाड़ी मार्ग— पहाड़ी मार्गो पर चलने वाली उन हल्की तथा सामान्य गाड़ियों को जो कम से कम 8 वर्ष चल चुकी हों या जिन्होने 1.50 लाख किलोमीटर की दूरी तय कर ली हो, निष्प्रयोज्य घोषित करने के लिए विचार किया जा सकता है।

4— **मोटर साइकिल/स्कूटर**—

(क) 3.5 हार्स पावर (आर0ए0सी0) या अधिक शक्ति के इंजन वाली गाड़ियों को 1,00,000 किलोमीटर की दूरी तय करने या 5 वर्ष की अवधि पूरी करने के पश्चात् निष्प्रयोज्य घोषित करने के लिए विचार किया जा सकता हैं।

(ख) 3.5 हार्स पावर (आर0ए0सी0) से कम शक्ति के इंजन से युक्त गाड़ियों को कम से कम 60,000 किलोमीटर की दूरी तय करने या 5 वर्ष की अवधि के पश्चात् निष्प्रयोज्य घोषित करने पर विचार किया जा सकता है।

5— **जीप ट्रेलर अथवा अन्य गाड़ियों द्वारा खीचे जाने वाले ट्रेलर**—

1— मैदानी मार्गो पर 12 वर्ष तथा पर्वतीय मार्गो पर 10 वर्ष चलाने के पश्चात् ट्रेलर को निष्प्रयोज्य घोषित करने पर विचार किया जा सकता है।

2— इसके अतिरिक्त सरकारी गाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने या गाड़ी का संचालन व मरम्मत मितव्ययी न होने की दशा में अत्यन्त विशेष परिस्थतियों में अथवा मापदण्डों को पूर्ण न करने की दशा में परिवहन आयुक्त द्वारा गठित तकनीकी अधिकारियों की एक समिति द्वारा की गयी प्राविधिक जांच के आधार पर परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश द्वारा गाड़ी को निष्प्रयोज्य घोषित करने पर विचार किया जा सकता है।

3— उपरोक्त प्रस्तर (1) से (5) में दिये गये निर्देशानुसार वाहन/ट्रेलर का निष्प्रयोज्य प्रमाण—पत्र संलग्न प्रारूप में जारी करते समय विभागाध्यक्ष यह प्रमाण भी अंकित करेंगे कि वाहन की मरम्मत पर व्यय की गयी धनराशि (ईधन को छोड़कर) वाहन की क्रय धनराशि से अधिक नही है तथा वाहन को निष्प्रयोज्य घोषित किया जाना आर्थिक दृष्टि से मितव्ययी है। वाहन के निष्प्रयोज्य प्रमाण—पत्र में न्यूनतम मूल्य

का भी उल्लेख होगा। न्यूनतम मूल्य निर्धारित करने के लिए विभागाध्यक्ष, जिले या क्षेत्र में स्थित परिवहन आयुक्त संगठन के कार्यालय के प्राविधिक निरीक्षकों की सहायता प्राप्त करेंगे।

4— वाहन को निष्प्रयोज्य घोषित किये जाने के उपरान्त विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि वाहन की मरम्मत व ईधन पर कोई व्यय न किया जाये तथा वाहन की नीलमी तीन माह के अंदर अवश्य सम्पन्न कर ली जाये।

5— यह शासनादेश सचिवालय पूल की गाड़ियों पर लागू नही होगा।

6— शासनादेश सं0—(1) 1274टी/30—4—33जेवी/65, दि0 22 मार्च, 1977 (2) सं0—1793टी/30—4—24 केएम/76, दिनांक 17 जुलाई, 78 तथा (3) 6766टी/20—4—24 केएम/76 दि0 15 जनवरी, 1981 उक्त सीमा तक संशोधित समझे जाये।

अशासकीय संख्या

नोट :— ये आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या—ई—7—2172/दस/86 दिनांक 22—10—86 में प्राप्त सहमति से जारी किये जा रहें है।

भवदीय
जगदीश खट्टर,
सचिव

संख्या—3817 (1)/30—4—24 के एम/76, तद्दिनांक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—**

1— परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ।

2— समस्त सम्भागीय परिवहन अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

3— सचिवालय के समस्त अनुभाग।

4— विधानसभा/विधान परिषद सचिवालय, उत्तर प्रदेश।

5— वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग—7।

6— महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

आज्ञा से
कृपाल सिंह घपोला,
संयुक्त सचिव

अनुपूरक विषय सं0: 01 पृष्ठ सं0– 01

**विषय–मिल रोड पर स्थित ऐशबाग इण्डिस्ट्रियल योजना के भूखण्ड सं0–68/6, 68/बी, 68/सी, 68/एफ, 68/जी, 68/जे एवं 68/के भूमि का भू–उपयोग औद्योगिक से आवासीय में परिवर्तित किये जाने के संबंध में।**

आख्या–मिल रोड पर स्थित ऐशबाग इण्डिस्ट्रियल योजना के भूखण्ड सं0–68/6, 68/बी, 68/सी, 68/एफ, 68/जी, 68/जे एवं 68/के पूर्व में पूर्ववर्ती संस्था इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट द्वारा प्रश्नगत भूखण्डों का पट्टा औद्योगिक प्रयोजन हेतु निष्पादित किया गया था (तलपट मानचित्र की पार्ट प्रति अनुलग्नक–01 पर संलग्न), जिसका भू–उपयोग प्रभावी लखनऊ महायोजना–2031 में औद्योगिक अंकित है (महायोजना मानचित्र की पार्ट प्रति अनुलग्नक–02 पर संलग्न)। प्रश्नगत भूखण्डों के पट्टे की शर्तो का उल्लंघन होने के दृष्टिगत लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा पुनः प्रवेश की कार्यवाही पूर्ण करते हुए प्रश्नगत भूखण्डों का कब्जा प्राप्त किया जा चुका है। पुर्न प्रवेशित भूखण्डों के आंशिक भाग में अनाधिकृत रूप से अध्यासियों द्वारा आवासीय पक्के भवनों का निर्माण करते हुए आवासीय प्रयोग किया जा रहा है, जिन्हे खाली कराया जाना होगा। वर्तमान में प्रश्नगत भूखण्डों के अगल–बगल अध्यासियों द्वारा आवासीय भवनों का निर्माण कर आवासीय विकास/प्रयोग किया जा रहा है तथा आवासीय गतिविधियां संचालित है, जिससे इस क्षेत्र में औद्योगिक उपयोग की सम्भावना काफी कम है।

उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत भूखण्डों के सम्मुख स्थित मिल रोड के उत्तर दिशा में स्थित भूखण्ड का भू–उपयोग लखनऊ महायोजना–2021 में आवासीय अंकित था तथा प्रभावी लखनऊ महायोजना–2031 में आवासीय अंकित है। पुर्न प्रवेशित भूखण्डों के सम्मुख मिल रोड पर स्थित भूखण्ड संख्या 9, 9–ए, 10–ए का लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्व में भू–उपयोग औद्योगिक से आवासीय मे परिवर्तन किया जा चुका है, जिसका नीलामी के माध्यम से प्राधिकरण द्वारा आवंटन किया जा चुका है। प्रभावी लखनऊ महायोजना–2031 में भू–उपयोग परिवर्तन का अधिकार उ0प्र0 शासन में निहित है। उक्त के दृष्टिगत प्रश्नगत भूखण्डों का भू–उपयोग प्रभावी लखनऊ महायोजना–2031 में औद्योगिक से आवासीय में परिवर्तित किये जाने हेतु प्रकरण शासन को सन्दर्भित किये जाने तथा शासन से भू–उपयोग परिवर्तित होने के उपरान्त योजना के तलपट मानचित्र में भू–उपयोग आवासीय अंकित किये जाने का प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**प्रस्ताव–मिल रोड पर स्थितज ऐशबाग इण्डिस्ट्रियल योजना के भूखण्ड सं0–68/6, 68/बी, 68/सी, 68/एफ, 68/जी, 68/जे एवं 68/के भूमि का भू–उपयोग औद्योगिक से आवासीय में परिवर्तित किये जाने के संबंध में बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है अनुमोदन की दशा में प्रकरण उ0प्र0 शासन को सन्दर्भित किया जायेगा।**

मुख्य नगर नियोजक
लखनऊ विकास प्राधिकरण
लखनऊ

02
अनुलग्नक-1

# REVISED LAY.OUT SCHEM



93 अनुलग्नक-2



**विषय :—मा0 अंकुश समिति के समक्ष विचाराधीन प्रकरण बाबत अनार्जित भूमि खसरा संख्या—36 क्षेत्रफल 0.190 हे0 स्थित ग्राम—औरंगाबाद खालसा, लखनऊ की भूमि के सम्बन्ध में।**

अनार्जित भूमि खसरा संख्या—36 क्षेत्रफल 0.190 हे0 स्थित ग्राम औरंगाबाद खालसा पर अर्जन के समय उक्त भूमि पर आवेदक श्री कुलदीप मेहरा पुत्र श्री सेवाराम मेहरा व अन्य का नाम अंकित था।

प्रश्नगत भूमि खसरा संख्या—36 रकबा 0.190 हे0 स्थित ग्राम औरंगाबाद खालसा, लखनऊ की भूमि लखनऊ विकास प्राधिकरण की योजना के अन्तर्गत नियोजन की कार्यवाही किये जाने के कारण उक्त अनार्जित भूमि का आपसी समझौते से क्रय करते हुए प्रतिकर भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में विभागीय पत्र संख्या—554/एसी0/तह0/2015 दिनांक 30.06.2015 के माध्यम से प्रश्नगत अनार्जित भूमि जिलाधिकारी सर्किल रेट के अनुसार प्रतिफल निर्धारित किये जाने का अनुरोध किया गया था, जिसके क्रम में समिति की बैठक दिनांक 05.01.2016 **(संलग्नक—1)** के अनुसार आबादी से सटी भूमि की दर रू0—3,60,00,000.00 प्रति हेक्टेयर तथा प्रतिफल पर 100 प्रतिशत सोलेशियम सहित कुल रू0—7,20,00,000.00 प्रति हेक्टेयर के आधार पर प्रश्नगत भूमि क्षे0—0.190 हे0 का प्रतिफल रू0—1,36,80,000.00 निर्धारित किया गया है।

ग्राम औरंगाबाद खालसा की खसरा संख्या—36 रकबा 0.190 हे. के सम्बन्ध में न्यायालय उपजिलाधिकारी, मण्डल लखनऊ जनपद लखनऊ तहसील सरोजनीनगर वाद संख्या—37/2016, श्रीमती सत्यवती मेहरा आदि बनाम उ0प्र0 सरकार अन्तर्गत धारा—80, रा0सं02006 द्वारा पारित आदेश दिनांक 06.01.2017 में *"खाता संख्या—00202 गाटा संख्या 36 रकबा 0.190हे0 मालगुजारी 60 ख को अकृषिक घोषित किया गया है।"*

हितबद्ध कास्तकारों द्वारा शासनादेश संख्या—385/8—3—16—309 विविध/15 दिनांक 21.05.2016 के पैरा—3 (5) के अनुसार दर के सम्बन्ध में आपत्ति किये जाने के फलस्वरूप विभागीय पत्र संख्या—271/एसी0/तह0/2016 दिनांक 07.04.2016 के माध्यम से पुनः प्रतिफल की दर निर्धारण किये जाने का अनुरोध किया गया, जिस पर पुर्नविचार करते हुए जिलाधिकारी द्वारा गठित समिति की बैठक दिनांक 17.01.2017 **(संलग्नक—2)** में अकृषिक भूमि मानते हुए प्रश्नगत भूमि की दर रू0—20,000.00 प्रतिवर्ग मीटर के अनुसार रू0—3,80,00,000.00 निर्धारित किया गया।

समिति के उक्त निर्णय से लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा पुनः असहमति व्यक्त करते हुए उपाध्यक्ष ल0वि0प्रा0 की ओर से पत्र दिनांक 24.06.2017 को समिति के समक्ष पुनः विचार हेतु भेजा गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी, सरोजनीनगर द्वारा पूर्व में अकृषिक घोषित की गयी भूमि को तहसीलदार की जांच आख्या के अनुसार प्रश्नगत भूमि को राजस्व संहिता की धारा—82 के अन्तर्गत पूर्व पारित आदेश दिनांक—06.01.2017 धारा—80 को आदेश दिनांक 16.08.2017 से वापस ले लिया गया।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विकास प्राधिकरणों, आवास विकास परिषद, जिला पंचायतों एवं नगर निगमों में व्याप्त अनियमितताओं पर अंकुश लगाने/जांच किये



(उपाध्यक्ष)
(शशि भूषण पाठक)
तहसीलदार- अर्जन
ल0वि0प्रा0

जाने के सम्बन्ध में समिति की दिनांक 26 दिसम्बर, 2017 को हुई। मा0 समिति की उक्त बैठक का कार्यवृत्त पत्र संख्या–810/वि0प0–समिति–2 विधान परिषद सचिवालय (समिति अनुभाग–2) लखनऊ दिनांक 05.01.2018 **(संलग्न–3)** के साथ प्राधिकरण को प्राप्त हुआ। कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–1 में यह उल्लेख है कि :–*"प्राधिकरण की ओर से मा0 सभापति महोदय को अवगत कराया गया है कि मुआवजा देने के लिए तैयार है, किन्तु इतनी बड़ी मात्रा में प्लाट उपलब्ध नहीं है"*, जिसपर मा0 सभापति महोदय द्वारा निम्नानुसार निर्देशित किया गया है कि :–*"जिलाधिकारी कोई प्रोविजन नहीं कर सकते हैं, यह समिति निर्णय लेगी कि उनको मुआवजे के रूप में धनराशि दी जाये या जमीन दी जाये। यह समस्सा आपकी है कि आप उन्हें जमीन कैसे देंगे। समिति की राय है कि आप उन्हें जमीन के बदले जमीन ही दीजिए। इस प्रकरण को स्थगित किया जाता है।"*

प्रश्नगत अनार्जित भूमि खसरा संख्या–36 क्षेत्रफल 0.190 हे0 स्थित ग्राम औरंगाबाद खालसा, लखनऊ के सापेक्ष शासनादेश संख्या–4128/9–अ0–3–2002–20 एलए/92 (अ.ब.) दिनांक 22.10.2002 के अनुसार 50 प्रतिशत विकसित भूमि दिये जाने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 07.05.2018 **(संलग्नक–4)** के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था, जिस पर प्राधिकरण बोर्ड बैठक द्वारा निम्न निर्णय लिया गया है कि :–

> *"सम्यक् विचारोंपरान्त मा0 विधान परिषद की अंकुश समिति द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुक्रम में अनार्जित भूमि खसरा संख्या–36 क्षेत्रफल 0.190 हे0 स्थित ग्राम–औरंगाबाद खालसा, लखनऊ के सापेक्ष भूमि दिये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि अनार्जित भूमि के मूल्य के बराबर (डीएम सर्किल रेट) दूसरी भूमि किसी अन्य योजना में प्राधिकरण के नियमों के अन्तर्गत दी जाय।"*

प्राधिकरण बोर्ड द्वारा दिनांक 07.05.2018 को लिये गये निर्णय के आलोक में सहमति प्राप्त किये जाने हेतु विभागीय पत्र संख्या–654/एसी0/तह0/2018 दिनांक 20.07.2018 के माध्यम से हितबद्ध कास्तकार को पत्र प्रेषित किया गया, परन्तु तत्समय कास्तकार द्वारा सहमति पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत नही किया गया।

उप सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–2 उ0प्र0 शासन लखनऊ द्वारा पत्र संख्या–3055/आठ–2–19–2019–20 बैठक/07टी0सी0 दिनांक 25.09.2019 के साथ संलग्न श्री कुलदीप मेहरा के प्रकरण के सम्बन्ध में मा0 अंकुश समिति वि0प0, उ0प्र0 में आहूत बैठक दिनांक 13.09.2019 **(संलग्नक–5)** को निर्गत कार्यवृत्त के अनुसार कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये है, जिसमें उल्लिखित है कि :–

> *"किसी भूमि के अर्जन हेतु अध्याप्ति निकाय को प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है कि न्याय विभाग द्वारा प्रश्नगत प्रकरण में दिये गये परामर्श के अनुसार भूमि खसरा संख्या–36 रकबा 0.190 हे0 स्थित ग्राम औरंगाबाद खालसा लखनऊ का अधिग्रहण शासनादेश दिनांक 21.03.2016 के बजाय भूमि अर्जन पुर्नवासन एवं पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 के अनुसार किया जाये।"*

प्रश्नगत प्रकरण में मा0 अंकुश समिति द्वारा दिनांक 13.09.2019 को दिये गये निर्देश के अनुपालन में विभागीय पत्र संख्या–657/एसी/तह0/2019 दिनांक 27.09.2019 के माध्यम से खसरा संख्या–36 रकबा 0.190 हे0 स्थित ग्राम औरंगाबाद खालसा लखनऊ की भूमि का अर्जन किये जाने हेतु प्रस्ताव जिलाधिकारी लखनऊ को प्रेषित किया गया।



(शशि भूषण पाठक)
तहसीलदार- अर्जन
प्राधिकरण

प्रश्नगत प्रकरण में मा0 अंकुश समिति की बैठक दिनांक 30.09.2019 **(संलग्नक–6)** को जारी कार्यवृत्त द्वारा पुनः आदेशित किया गया है कि *''उपाध्यक्ष लखनऊ विकास प्राधिकरण को इस आशय का पत्र प्रेषित कर दिया जाये कि श्री कुलदीप मेहरा कृषका प्रो0प्रा0लि0 के प्रकरण में जिलाधिकारी अधिग्रहण न करते हुये बल्कि समझौते के आधार पर शीघ्र ही 15 दिन के अन्दर प्रतिकर पर निर्णय करवाकर एल0डी0ए0 वी0सी0 को अवगत कराने के साथ ही समिति को भी अवगत करायेंगे। समिति की अगली बैठक में जिलाधिकारी, एल0डी0ए0 वी0सी0 सहित सभी सम्बन्धित अधिकारियों को साक्ष्य हेतु आमंत्रित कर लिया जाये।''*

*प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में मा0 अंकुश समिति द्वारा दिनांक 09.12.2019* **(संलग्नक–7)** *को बैठक की गयी, जिसमें यह निर्देश दिये गये है कि :–*

*''इस प्रकरण में एस0डी0एम0 कोर्ट से 15 दिन के अन्दर निस्तारण करवाकर रिपोर्ट समिति को प्रस्तुत की जाये। आगे अपनी कमेटी की बैठक करके एल0डी0ए0 को सूचित करे।''*

पुनः *प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में मा0 अंकुश समिति द्वारा दिनांक 14.12.2020* **(संलग्नक–8)** *को बैठक की गयी, जिसका कार्यवृत्त दिनांक 14.12.2020 को निर्गत किया गया है, जिसमें उल्लिखित है कि :–*

*''जिलाधिकारी लखनऊ, एल0डी0ए0 उपाध्यक्ष और समिति द्वारा स्थलीय निरीक्षण के आधार पर उस भूमि पर कृषि नहीं हो रही है और वह भूमि कृषि योग्य नहीं है तथा उसमें श्री मेहरा का आवास बना हुआ है, इस भूमि पर प्राधिकरण द्वारा गलती से अपने ले–आउट में पार्क दर्शाया गया है, जबकि सच्चाई यह है कि एलडीए द्वारा उस जमीन को अपने उपयोग में लिया गया है, ऐसे एक नहीं अनेक उदाहरण है जिसमें एलडीए ने भूमि के बदले भूमि दी है, चूंकि प्रार्थी भी भूमि के बदले भूमि चाहता है, इसलिए उसी प्रकार की भूमि एलडीए उसको यथाशीघ्र उपलब्ध कराये, जैसा कि एलडीए उपाध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि हमें 21 दिन का समय दे दिया जाये, हम इस पर निर्णय ले लेंगे, इस विषय को स्थगित किया जाता है। ''*

मा0 अंकुश समिति द्वारा दिनांक 14.12.2020 को दिये गये आदेश के अनुपालन में विभागीय पत्र संख्या–21/एसी/तह0/2021 दिनांक 12.01.2021 के माध्यम से शासन को पत्र प्रेषित किया, जिसकी प्रतिलिपि श्री रविकान्त शुक्ला कृषका प्रो0प्रा0लि0 को भी प्रेषित की गयी है। विभागीय पत्र दिनांक 12.01.2021 में उल्लिखित है कि :–

*''प्राधिकरण स्तर पर भूमि के बदले अर्जित भूमि दिये जाने का कोई नियम प्राविधानित नहीं है। सहकारी आवास समितियों की अर्जित भूमि के बदले भूमि उपलब्ध कराने हेतु शासनादेश संख्या–4128/9–आ–3–2002–20एल.ए./92(आ.ब.) दिनांक 22.10.2002 को निर्गत किया गया था, जिसमें अर्जित भूमि के बदले 50 प्रतिशत भूमि की देयता निर्धारित की गयी है तथा वर्तमान समय में निर्गत लैण्ड पूलिंग के शासनादेश संख्या–239/8–3–19–152 विविध/17 दिनांक–20.02.2019 में यह व्यवस्था की गयी है कि किसी काश्तकार से लैण्ड पूलिंग का समझौता किये जाने पर उसकी कुल भूमि के बदले 25 प्रतिशत विकसित भूमि उसे दी जायेगी। सहकारी आवास समितियों को 50 प्रतिशत भूमि दिये जाने एवं लैण्ड पूलिंग के माध्यम से 25 प्रतिशत विकसित भूमि दिये जाने पर प्रतिकर की धनराशि नहीं दी जाती है। ऐसी स्थिति में व्यक्तिगत*



(शशि भूषण पाठक)
तहसीलदार- अर्जन

*काश्तकार/भूमिधर की भूमि लिये जाने पर 25 प्रतिशत विकसित भूमि दिये जाने की लैण्ड पूलिंग के शासनादेश में प्राविधानित व्यवस्था ही अपनायी जा सकती है।*

*उपरोक्त के दृष्टिगत ग्राम औरंगाबाद खालसा, लखनऊ की भूमि खसरा संख्या–36 कुल रकबा 0.190 हे0 अर्थात 1900 वर्गमी0 के बदले 25 प्रतिशत क्षे0–0.0475 हे0 अर्थात 475 वर्गमीटर कानपुर रोड योजनान्तर्गत स्थित रूचि खण्ड में विकसित भूमि श्री रवीकान्त शुक्ला, कृषका प्रो.प्रा.लि. को लैण्ड पूलिंग के शासनादेश संख्या–239/8–3–19–152विविध/17 दिनांक 20.02.2019 के आधार पर प्राधिकरण स्तर पर भूमि की उपलब्धता के दृष्टिगत रूचि खण्ड–1 (ग्राम–सालेहनगर) में स्थित प्राधिकरण की अर्जित एवं विकसित भूमि को दिये जाने हेतु प्रस्तावित किया जा रहा है। सहमति की स्थिति में अग्रिम कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।''*

मा0 अंकुश समिति द्वारा दिनांक 15.01.2021 को बैठक की गयी, जिसका कार्यवृत्त दिनांक 15.01.2021 **(संलग्नक–9)** को निर्गत किया गया है, जिसमें यह निर्देश दिये गये है कि :–

*''विकास प्राधिकरण अपनी अनियोजित जमीन 1900 वर्गमी0 कानपुर रोड योजना तथा गोमती नगर योजना या गोमती नगर विस्तार योजना में 15 दिन में रजिस्ट्री करवाकर एवं रजिस्ट्री का खर्चा प्राधिकरण स्वयं वहन करेगा। इससे समिति को अवगत कराये।''*

म0 अंकुश समिति के उक्त निर्देश के अनुपालन में अर्जन अनुभाग द्वारा प्राधिकरण की योजना के अन्तर्गत अनियोजित/नियोजित भूमि खोजे जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। स्थल निरीक्षण में प्राधिकरण की योजना के अन्तर्गत निम्न स्थानों पर अनियोजित/नियोजित रिक्त भूमि पायी गयी है, जिसको 03 बिन्दुओं के रूप में अंकित कर प्रस्ताव आवेदक को प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में **उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 09.03.2021 को स्वीकृति प्रदान** की गयी। तत्पश्चात विभागीय पत्र संख्या–177/एसी/तह0/2021 दिनांक 09.03.2021 **(संलग्नक–10)** के माध्यम से निम्न 03 बिन्दुओं में से किसी एक प्रस्ताव पर सहमति प्रदान किये जाने हेतु आवेदक को प्रस्ताव प्रेषित किया गया, जो निम्नवत है :–

(1) **<u>नियोजित भूमि</u>**

वर्तमान समय में व्यक्तिगत अनार्जित भूमि के बदले अर्जित भूमि दिये जाने का कोई प्राविधान/व्यवस्था प्रचलन में नही है। प्रस्तुत प्रकरण के निस्तारण के सम्बन्ध में लैण्ड पूलिंग के शासनादेश संख्या–239/8–3–19–152 विविध/17 दिनांक 20.02.19 को उदाहरण के रूप में स्वीकार करते हुये देयता निर्धारित की जा सकती है। लैण्ड पूलिंग के शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के अनुसार अविकसित भूमि के सापेक्ष 25 प्रतिशत विकसित भूमि उपलब्ध करायी जा सकती है। क्योंकि प्रश्नगत प्रकरण में समस्त विकास कार्य लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा किया गया है। सामान्यतः विकास प्राधिकरण द्वारा किसी योजना का विकास किये जाने के पश्चात कुल भूमि का मात्र 45 से 50 प्रतिशत भूमि ही विक्रय किये जाने हेतु प्राधिकरण को प्राप्त होती है। शेष भूमि सार्वजनिक सुविधाओं यथा पार्क, रोड आदि में प्रयुक्त हो जाती है। भूमि को विकसित करने में विकास कार्यो व अनुरक्षण में प्राधिकरण की अत्यधिक धनराशि व्यय होती है। अतः विकास कार्य किये जाने के पश्चात 25 प्रतिशत विकसित भूमि दिये जाने की देयता बनती है। 25 प्रतिशत भूमि दिये जाने पर प्रतिकर की धनराशि देय नही होगा। लैण्ड पूलिंग के



(शशि भूषण पाठक)
तहसीलदार- अर्जन
ल0वि0प्रा0

शासनादेश दिनांक 20.02.19 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार ग्राम औरंगाबाद खालसा, लखनऊ की खसरा संख्या–36 रकबा 0.190 हे0 अर्थात 1900 वर्गमी0 अविकसित भूमि के सापेक्ष 25 प्रतिशत विकसित भूमि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में भूमि खोजी गयी जो स्थल पर रिक्त पडी हुई है, जो निम्नवत है :–

कानपुर रोड योजना के अन्तर्गत ग्राम सालेहनगर में अर्जित नियोजित/रिक्त भूमि पडी हुई है। उक्त भूमि प्राइमरी पाठशाला व राजकीय अस्पताल, ग्राम सालेहनगर के बगल में स्थित है। स्थल का चयन किये जाने पर 1900 वर्गमी0 के सापेक्ष नियमानुसार भूमि की देयता निर्धारित की जायेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक की भूमि | 1900 वर्गमी0 |
| 2 | लैण्ड पूलिंग के शासनादेश दिनांक 20.02.2019 के अ आवेदक को दी जाने वाली 25 प्रतिशत विकसित प्रस्तावित (समान योजना में होने के कारण) | 475 वर्गमी0 |

आवेदक की 1900 वर्गमी0 भूमि के सापेक्ष विकसित क्षेत्रफल 475 वर्गमी0 भूमि उपलब्धता के आधार पर उपलब्ध कराये जाने हेतु विचार किया जा सकता है।

(2) **अनियोजित भूमि**

(A) ग्राम हैवतमऊ मवैया की खसरा संख्या–139, जो प्राधिकरण की अर्जित भूमि है। उक्त भूमि उतरठिया–आलमनगर, रेलवे लाइन के बगल में स्थित है तथा मौके पर रिक्त पडी हुई है, जिस पर प्राधिकरण द्वारा नियोजन की कार्यवाही नही की गयी है अर्थात अनियोजित भूमि है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक की भूमि | 1900 वर्गमी0 |
| 2 | उक्त 1900 वर्गमी0 भूमि व प्रस्तावित भूमि समान योजना में है। प्रस्तावित भूमि अनियोजित भूमि है। इसलिये उक्त भूमि सापेक्ष समान योजना में अनियोजित समतुल्य भूमि क्षेत्रफल | 1900 वर्गमी0 |

उक्त भूमि 1900 वर्गमी0 के सापेक्ष समान योजना में अनियोजित प्रस्तावित समतुल्य क्षेत्रफल 1900 वर्गमी0 भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु विचार किया जा सकता है।

**अथवा**

(B) मोहान रोड आवासीय योजना के अन्तर्गत प्राधिकरण की अर्जित भूमि उपलब्ध है, जिस पर प्राधिकरण द्वारा नियोजन की कार्यवाही नही की गयी है अर्थात अनियोजित भूमि है। आपकी कुल 1900 वर्गमी0 भूमि के सापेक्ष मोहान रोड योजना में **समतुल्य भूमि** उपलब्ध करायी जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक की भूमि | 1900 वर्गमी0 |
| 2 | मोहान रोड आवासीय योजना में भूमि प्रस्तावित की गयी है अनियोजित है। 1900 वर्गमी0 भूमि के सापेक्ष मोहान रोड योज अनियोजित समतुल्य भूमि क्षेत्रफल | 1900 वर्गमी0 |

उक्त भूमि 1900 वर्गमी0 के सापेक्ष मोहान रोड आवासीय योजना में अनियोजित प्रस्तावित समतुल्य क्षेत्रफल 1900 वर्गमी0 भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु विचार किया जा सकता है।

**अथवा**



(शशि भूषण पाठक)
तहसीलदार- अर्जन
ल0वि0प्रा0

(c) गोमती नगर विस्तार योजना सेक्टर–7 में गोमती नदी बन्धे के बगल में एन0डी0आर0एफ0 से सटी हुई प्राधिकरण की अर्जित भूमि रिक्त पडी हुई है। नियोजन अनुभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये गोमती नगर विस्तार योजना सेक्टर–7 के ले–आउट प्लान पर पावर हाउस, 45 मी0 रोड, अर्द्ध निर्मित बन्धा व शहीद पथ के मध्य स्थित भूमि ग्रीन दर्शित है। गोमती नगर विस्तार योजना सेक्टर–7 व्यवसायिक/इन्सटीट्यूशनल/ आफिस आदि है, जो कि प्राधिकरण के लिये एक बहुमूल्य सेक्टर/पाकिट है, जिसका मूल्य लगभग रूपये 56000/– वर्गमी0 है। जिलाधिकारी, महोदय की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा दिनांक 05.01.2016 को खसरा संख्या–36 रकबा 0.190 हे0 ग्रम औरंगाबाद खालसा की भूमि का प्रतिफल कुल रू0 1,36,80,000.00 (एक करोड छत्तीस लाख अस्सी हजार रूपये मात्र) निर्धारित की गयी थी। गोमती नगर विस्तार योजना सेक्टर–7 का रेट लगभग रूपये 56000/– वर्गमी0 है, के सापेक्ष क्षेत्रफल 1900 वर्गमी0 भूमि की मूल्यांकित धनराशि लगभग रू0 10,64,00,000.00 (दस करोड सात लाख रूपये मात्र) आती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक की भूमि | 1900 वर्गमी0 |
| 2 | जिलाधिकारी, महोदय की अध्यक्षता में गठित कमेटी दिनांक 05.01.2016 को निर्धारित प्रतिफल धनराशि | 1,36,80,000.00 |
| 3 | प्रस्तावित व्यवसायिक भूमि की मालियत | 10,64,00,000.00 |
| 4 | कमांक 1 व कमांक 2 में अन्तर | 7.77 गुना |
| 5 | उक्त मालियत की प्रतिशत दर के सापेक्ष देय औसत भूि | 1900 / 7.77 = 244.53 व |

उक्त भूमि 1900 वर्गमी0 के सापेक्ष व्यवसायिक भूमि लगभग क्षेत्रफल 244.53 वर्गमी0 उपलब्धता के आधार पर उपलब्ध कराये जाने हेतु विचार किया जा सकता है।

उ0प्र0 विधान परिषद की मा0 अंकुश/जांच समिति द्वारा दिनांक 15.01.2021 को दिये गये निर्देश के अनुपालन में अनुभाग द्वारा प्रेषित प्रस्ताव दिनांक 09.03.2021 पर आवेदक द्वारा तत्समय अपना सहमति पत्र प्रस्तुत नही किया गया।

पुनः उ0प्र0 विधान परिषद की मा0 अंकुश/जांच समिति द्वारा दिनांक 16.03.2021 **(संलग्नक–11)** को बैठक की गयी, जिसमें यह निर्णय लिया गया है कि :–

**श्री अभिषेक प्रकाश**

*मान्यवर हमने इनको विकल्प दे दिया है, विकल्प की स्वीकृति देने के पश्चात तदानुसार कार्यवाही प्राधिकरण द्वारा की जायेगी। विकल्प की सूचना प्राप्त होने के 15 दिन के अन्दर पंजीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित कर दी जायेगी।*

**श्री सभापति**

*ठीक है। आप इसमें कार्यवाही करके समिति को लिखित सूचना से अवगत करवा दे। इस विषय को स्थगित रखा जाता है।*

मा0 समिति द्वारा दिनांक 16.03.2021 को दिये गये निर्देश के अनुपालन में विभागीय पत्र संख्या–582/एसी/तह0/2021 दिनांक 24.08.2021 **(संलग्नक–12)** के माध्यम से किसी एक



(शशि भूषण पाठक)
तहसीलदार- अर्जन
ल0वि0प्रा0

बिन्दु पर सहमति प्रदान किये जाने हेतु आवेदक को पत्र प्रेषित किया गया, परन्तु तत्समय आवेदक द्वारा सहमति पत्र इस कार्यालय को उपलब्ध नही कराया गया है।

प्रश्नगत भूमि के सम्बन्ध में कृषिका इफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रार्थना पत्र दिनांक 07.10.2021 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि ग्राम औरंगाबाद खालसा की खसरा संख्या–36 रकबा 0.190 हे. के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी सरोजनीनगर के आदेश दिनांक 06.10.2021 को आबादी माना गया है, हमारी जमीन की गणना आबादी के अनुसार करके उसी हिसाब से जमीन का मूल्यांकन किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

ग्राम औरंगाबाद खालसा की खसरा संख्या–36 रकबा 0.190 हे. के सम्बन्ध में न्यायालय उपजिलाधिकारी, मण्डल लखनऊ जनपद लखनऊ तहसील सरोजनीनगर के समक्ष वाद संख्या–RST/6144/2017, कंप्यूटरीकृत वाद संख्याः–T2017104639056144 श्रीमती सत्यवती मेहरा बनाम उ0प्र0 सरकार अन्तर्गत धारा–82, अधिनियम, उ0प्र0 राजस्व संहिता–2006 के अन्तर्गत धारा–80(2) उ0प्र0 संहिता 2006 योजित किया गया, जिसमें मा0 न्यायालय उपजिलाधिकारी, मण्डल लखनऊ जनपद लखनऊ तहसील सरोजनीनगर द्वारा दिनांक 06.10. 2021 को आदेश पारित किया गया है, जिसमें उल्लिखित है कि :–

*''आदेश दिया जाता है कि भूमि खसरा संख्या–36 रकबा 0.190 हे0 स्थित ग्राम–औरंगाबाद खालसा, परगना लखनऊ तहसील सरोजनीनगर, जिला लखनऊ के सम्बन्ध में पूर्व पारित आदेश दिनांक 06.01.2017 पुनः बहाल किया जाता है, आदेश की प्रति अमलदरामद हेतु तहसीलदार सरोजनीनगर, को भेजी जाये। पत्रावली वाद आवश्यक कार्यवाही संचित अभिलेखागार हो।'*

न्यायालय उपजिलाधिकारी, मण्डल लखनऊ जनपद लखनऊ तहसील सरोजनीनगर द्वारा पारित आदेश दिनाक 06.10.2021 के क्रम में खतौनी फसली वर्ष 1425–30 में खाता संख्या–00036 पर दिनांक 18.10.2021 को ग्राम औरंगाबाद खालसा की खसरा संख्या–36 रकबा 0.190 हे. के सम्बन्ध में आदेश अंकित जा चुका है।

**अन्य प्रार्थना पत्र दिनांक 18.10.2021 को कृषिका प्रोजेक्ट प्रा0लि0 कृते रवि शुक्ला द्वारा व्यक्तिगत रूप से दिनांक 07.10.2021 (संलग्नक–13)** की तिथि का उल्लेख करते हुये बिन्दु संख्या–3 के सम्बन्ध में निम्न शर्तो के साथ सहमति पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो निम्न है :–

*''लखनऊ विकास प्राधिकरण का पत्र मेरे कम्पनी को प्राप्त हुआ जिसमें आपने हमारी जमीन के बदले में तीन जमीनों का अलग–अलग विकल्प दिये गया है। उन जमीनों का मानक कृर्षि रेट के आधार के अनुपात में दिया गया है परन्तु हमारी जमीन वर्तमान में आवासीय है इसलिये आवासीय रेट के आधार पर अनुपात में भूमि की गणना कर तिसरा विकल्प जो कामर्शियल है उसको लेने के लिये हमारी कम्पनी सहमत है।''*

कृषिका प्रोजेक्ट प्रा0लि0 द्वारा प्रेषित प्रार्थना पत्र दिनांक–07.10.2021 व 18.10.2021 के पूर्व ही तत्कालीन उपाध्यक्ष महोदय द्वारा पत्र संख्या–11/उपा.का./2021 दिनांक 18.06.2021 **(संलग्नक–14)** के माध्यम से प्राधिकरण स्तर पर सम्पत्तियों के समायोजन पर विराम लगाये जाने के सम्बन्ध में आदेश जारी किया गया है, जो निम्नवत है :–

*''लखनऊ विकास प्राधिकरण के विभिन्न प्रकार की सम्पत्तियों को अन्य सम्पत्तियों पर व अन्य योजनाओं/सेक्टरों में समायोजन के सम्बन्ध में समय–समय पर शिकायतें आती*



(शशि भूषण पाठक)
तहसीलदार- अर्जन
ल0वि0प्रा0

*रहती है। अतः प्राधिकरण स्तर पर सम्पत्तियों के समायोजन पर विराम लगाये जाने की आवश्यकता है।*

*अतः पारदर्शिता एवं सुचिता के दृष्टिगत तत्काल प्रभाव से किसी भी प्रकार की सम्पत्तियों के प्राधिकरण स्तर पर समायोजन पर रोक लगायी जाती है एवं इस सम्बन्ध में उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण की इस शक्ति को एतद्द्वारा समाप्त किया जाता है। यदि किन्ही विषय या अपरिहार्य परिस्थितियों यथा–मा0 न्यायालय के आदेश या किसी विवाद के समाधान हेतु समायोजन की आवश्यकता अनुभव की जाती है, तो सुस्पष्ट प्रस्ताव गुण–दोष के आधार पर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग उ0प्र0 शासन को प्रेषित किया जायेगा तथा सम्बन्धित प्रकरण में शासन की अनुमति के पश्चात अग्रेत्तर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।"*

इस प्रकार प्राधिकरण स्तर पर उक्त आदेश से समायोजन की कार्यवाही पर रोक लगा दी गयी। भूमि खसरा संख्या–36 क्षेत्रफल 0.190 हे0 स्थित ग्राम–औरंगाबाद खालसा, लखनऊ राजस्व अभिलेखों में कृषि भूमि दर्ज थी। उप जिलाधिकारी, तहसील–सरोजनी नगर लखनऊ द्वारा अपने आदेश दिनांक 06.01.2017 में उक्त भूमि अकृषक घोषित कर दी गयी। पुनः उप जिलाधिकारी, तहसील–सरोजनी नगर लखनऊ द्वारा अपने आदेष दिनांक 16.08.2017 में उक्त भूमि कृषि घोषित कर दी गयी। पुनः उप जिलाधिकारी, तहसील–सरोजनी नगर लखनऊ द्वारा अपने आदेश दिनांक 06.10.2021 में पूर्व पारित आदेश दिनांक 06.01.2017 को बहाल कर उक्त भूमि अकृषक घोषित कर दी गयी।

प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में सचिव महोदय द्वारा दिनांक 25.10.2021 को प्राधिकरण पैनल के अधिवक्ता श्री शोभित मोहन शुक्ला से विधिक अभिमत प्राप्त किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पैनल अधिवक्ता श्री शोभित मोहन शुक्ला द्वारा दिनांक 26.10.2021 **(संलग्नक–15)** को विधिक अभिमत दिया गया, जिसका अंश निम्नवत है:–

*"But in my opinion, land is lieu of land is not the proper and legal solution in as much as through the Lucknow Development Authority is free to provide the land of the equal valuation to the Mehras and Krishika Project Private Limited but in my opinion such excercise will cause undue benefits to the tenure holder and will also open a flood gate for the persons to seek land in lieu of land."*

*Aforesaid being the situation, I am of the view that option to provide alternative land is unreasonable and therefore it may not be exercised. Prudent, it would be, to acquire the land as per law.*

*Needless to say that this opinion by me, an Advocate, is subservient to any judicial order, if any, which may be passed in any proceedings.*

*Advised accordingly.*

पैनल अधिवक्ता श्री शोभित मोहन शुक्ला द्वारा पुनः दिनांक 27.10.2021 **(संलग्नक–16)** को विधिक अभिमत दिया गया, जो निम्नवत है:–

*"Today I had a brainstorming and meticulous session of conversation with the responsible officers of Lucknow Development Authority.*

*After our deliberations, I find it appropriate to add that there is one more option of shifting of park. On this option, it can be visualized that shifting of park will not only lead to legal hurdles but it would lead to utter chaos and public unrest also.*

(उप्रमाण्डि(का))

(शशि भूषण पाठक)
तहसीलदार- अर्जन
ल0वि0प्रा0

*Changing the nature of park and open space by shifting the park elsewhere is not legally advisable at all, practically as well.*

*In respect of absorption/adjustment of K.P.P.L. to any other land it is also hit by the relevent government orders as the said government orders are meant for Co-operative Housing Societies only and not for individuals and companies. Thus my opinion may also be seen in light of above as absorption is also not advisable legally.*

*I may recollect that for cancelling the said government orders meant for absorption of land of Housing Societies, I had given an opinion to Lucknow Devlopment Authority to the effect that even such government orders are legally vitiated. Thus absorption of K.P.P.L. over other land is not advisable at all.*

*The only legal, reasonable, practical and pragmatic solution, from the above discussion, is culled out to be, acquisition of land in question.*

*Opinion dated 26.10.2021 is thus fortified, as above.''*

भूमि खसरा संख्या–36 क्षेत्रफल 0.190 हे0 स्थित ग्राम–औरंगाबाद खालसा, लखनऊ की भूमि का प्रतिफल कृषि के अनुसार कुल धनराशि 1,36,80,000.00 रूपये होता है तथा उक्त भूमि का प्रतिफल अकृषक के अनुसार 3,80,00,000.00 रूपये होता है, जिसमें अन्तर धनराशि 2,43,20,000.00 रूपये आती है।

प्रश्नगत प्रकरण आगामी बोर्ड बैठक में रखे जाने हेतु मा0 अंकुश समिति उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की बैठक दिनांक 09.11.2021 **(संलग्नक–17)** को हुई साक्ष्य बैठक की निर्गत कार्यवृत्त के पृष्ठ संख्या–12 में निम्नवत निर्देश दिये गये है :–

**श्री सभापति**

*''ठीक है, यह प्रकरण बोर्ड में जा चुका है, बोर्ड में सारे तथ्य रखे जाने चाहिए, क्योंकि कमीश्नर, बोर्ड के अध्यक्ष होंगे, शायद उनके संज्ञान में न हों, वी0सी0, एल0डी0ए0 तत्कालीन और वर्तमान दोनों के संज्ञान में है। जिलाधिकारी भी वर्तमान में वही हैं। इसलिए इस विषय को वहां रखना चाहिए और जो पक्षकार हैं, उनको भी चाहें तो बोर्ड की बैठक में बुला सकते हैं, उनकों बुला लें, ताकि वह अपनी बात को रख सकेंगे। इसके बाद बोर्ड का क्या आदेश आता है, इससे समिति को अवगत कराएं। आज इस प्रकरण को स्थगित किया जाता है। ''*

**प्रस्ताव**

**अनार्जित खसरा संख्या–36 क्षेत्रफल 0.190 हे0 स्थित ग्राम–औरंगाबाद खालसा, लखनऊ की भूमि प्राधिकरण के ले–आउट के अनुसार पार्क के रूप में दर्शित है तथा प्रकरण मा0 अंकुश समिति के समक्ष विचाराधीन है। शासनादेश संख्या–4128 / 9–आ0– 3–2002–20 एलए / 92 (अ. ब.) दिनांक 22.10.2002 के अनुसार 50 प्रतिशत विकसित भूमि दिये जाने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 07.05.2018 के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था, जिस पर प्राधिकरण बोर्ड बैठक द्वारा निम्न निर्णय लिया गया है कि :–**

***''सम्यक् विचारोंपरान्त मा0 विधान परिषद की अंकुश समिति द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुकम में अनार्जित भूमि खसरा संख्या–36 क्षेत्रफल 0.190 हे0 स्थित ग्राम–औरंगाबाद खालसा, लखनऊ के सापेक्ष भूमि दिये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि अनार्जित भूमि के मूल्य के बराबर (डीएम सर्किल रेट) दूसरी भूमि किसी अन्य योजना में प्राधिकरण के नियमों के अन्तर्गत दी जाय।''***



(शशि भूषण पाठक)
तहसीलदार- अर्जन
ल0वि0प्रा0

प्रश्नगत भूमि के सम्बन्ध में आवेदक को तीन विकल्प में से किसी एक पर सहमति प्रदान किये जाने हेतु पत्र दिनांकः–09.03.2021 व 24.08.2021 प्रेषित किया गया, परन्तु तत्समय आवेदक द्वारा सहमति प्रदान नही की गयी। आवेदक द्वारा भूमि को दिनांक 06.10.2021 को अकृषक कराते हुये आवासीय रेट के आधार पर अनुपात में भूमि की गणना कर तीसरा विकल्प जो कामर्शियल है, उसको लेने के लिये दिनांक 07.10.2021 व 18.10.2021 को सहमति दी गयी है। इसके पूर्व ही तत्कालीन उपाध्यक्ष महोदय द्वारा अपने आदेष दिनांक 18.06.2021 से प्राधिकरण स्तर पर सम्पत्तियों के समायोजन पर रोक लगा दी गयी है। पैनल अधिवक्ता द्वारा दिनांक–26.10.2021 में विधिक अभिमत इस प्रकार दिया है कि ''*notwithstanding the fact that the land has been declared as non agricultural for the reason that such declaration has no bearing on the Master Plan 2021 (B) and the aforesaid Act. Another option is available on which the file is being processed but in my opinion, land in lieu of land is not the proper and legal solution in as much as though the Lucknow Development Authority is free to provide the land of the equal valuation to the Mehras and Krishika Project Priveat Limited but in my opinion such exercise will cause unure benefits to the tenure holder and will also pein and flood gate for the persons to seek land in lieu of land.* व दिनांक 27.10.2021 में विधिक अभिमत इस प्रकार दिया गया है कि '' *The only legal, reasonable, practical and pragmatic solution, from the above discussion, is culled out to be, acquisition of land in question. Opinion dated 26.10.2021 is thus fortified, as above.*'' उप जिलाधिकारी, तहसील–सरोजनी नगर लखनऊ द्वारा 03 बार भूमि की प्रकृति परिवर्तित (कृषक से अकृषक, अकृषक से कृषक तथा कृषक से अकृषक) की गयी है। भूमि खसरा संख्या–36 क्षेत्रफल 0.190 हे0 स्थित ग्राम–औरंगाबाद खालसा, लखनऊ की भूमि का प्रतिफल कृषि के अनुसार कुल धनराशि 1,36,80,000.00 होती है तथा उक्त भूमि का प्रतिफल अकृषक के अनुसार 3,80,00,000.00 होती है, जिसमें अन्तर धनराशि 2,43,20,000.00 रूपये आती है। अतः उक्त मूल्यांकन के सापेक्ष प्राधिकरण बोर्ड की बैठक दिनांक 07.05.2018 के अनुसार भूमि आवंटित किये जाने अथवा अधिग्रहण कर मुआवजा दिये जाने के सम्बन्ध में निर्णय लिये जाने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

विशेष कार्याधिकारी
लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ

(ज्ञानेन्द्र वर्मा)
अपर सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

30.5.23
उपाध्यक्ष
लखनऊ विकास प्राधिकरण

14

प्रेषक,

**प्रभारी अधिकारी–अर्जन,**
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

सेवा में,

**सचिव,**
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

पत्रांकः 284/ए.सी./तह./2023 दिनांकः 30.05.2023

विषयः **श्री कुलदीप मेहरा पुत्र सेवाराम मेहरा निवासी 15/1 मदन मोहन मालवीय, लखनऊ को विकास प्राधिकरण द्वारा भूमि के एवज में मुआवजा दिलाये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय

कृपया स्वकीय पत्र संख्या–192/सचिव–प्रा0भ0 बोर्ड/2021–22 दिनांक 17.06.2022 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसमें पत्र संख्या–190/सचिव–प्रा0भ0 बोर्ड/2022–23 दिनांक 09.06.2022 में लखनऊ विकास प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ/निर्णयार्थ प्रस्तुत किये जाने वाले प्रस्ताव व गत बैठक की अनुपालन आख्या दिनांक 13.06.2022 व 18.06.2022 तक उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये है।

इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि श्री कुलदीप मेहरा पुत्र सेवाराम मेहरा निवासी 15/1 मदन मोहन मालवीय, लखनऊ को विकास प्राधिकरण द्वारा ग्राम–औरंगाबाद खालसा, लखनऊ की भूमि खसरा संख्या–36 रकबा 0.190 हे0 के एवज में मुआवजा दिलाये जाने के सम्बन्ध में मा0 अंकुश समिति उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की दिनांक 09.11.2021 को हुई साक्ष्य बैठक में निर्गत कार्यवृत्त के पृष्ठ संख्या–12 में दिये गये निर्देशानुसार प्रकरण प्राधिकरण के विगत बोर्ड बैठक दिनांक 09.05.2022 के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बोर्ड बैठक दिनांक 09.05.2022 के निर्गत कार्यवृत्त के मद संख्या–173/5 के अनुसार निम्नवत् निर्णय लिया गया हैः–

*''सम्यक विचारोपरान्त बोर्ड द्वारा मा0 अंकुश समिति के समक्ष विचाराधीन प्रकरण बाबत अनार्जित खसरा संख्या–36 क्षेत्रफल 0.190 हे0 स्थित ग्राम–औरंगाबाद खालसा, लखनऊ की भूमि के सम्बन्ध में पुनः परीक्षण कर प्रकरण से सम्बन्धित समस्त सुसंगत अभिलेखों (गजट, ले–आउट आदि) सहित प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये।''*

अतः उपरोक्त के दृष्टिगत प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 09.05.2022 के निर्गत कार्यवृत्त के मद संख्या–173/5 के निर्देशानुसार प्रश्नगत प्रकरण आगामी बोर्ड बैठक दिनांक 31.05.2023 के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु प्रकरण से सम्बन्धित समस्त सुसंगत अभिलेख फसली वर्ष–1359, 1356, 1391, सी0एच0–41 व 45 इत्यादि खतौनियां (गजट, ले–आउट आदि) एवं उप जिलाधिकारी, सरोजनीनगर, लखनऊ की आख्या दिनांक 30.12.2022 सहित बोर्ड प्रस्ताव संलग्न कर विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नक** :–यथोपरि।

भवदीय

29/5/23

**(प्रिया सिंह)**
प्रभारी अधिकारी–अर्जन

**प्रतिलिपिः**–उपाध्यक्ष महोदय को सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।

**(प्रिया सिंह)**
प्रभारी अधिकारी–अर्जन

D:\Tahshildar ----\Kanpur Road\Letter Suresh.docx